

नई दिल्ली
गुरुवार 14 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 25
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 22.0

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

वैश्विक संकट के बीच ईंधन बचाने की मुहिम,ज्यादार नेता कर रहे अपने काफिले में कटौती


प्रधानमंत्री का 2 गाड़ियों का काफिला


अमित शाह का काफिला

भाजपा शासित राज्यों के सीएम ने भी अपने काफिले में कटौती का ऐलान किया

## पीएम मोदी ने खुद भी पहल की उनके काफिले में अब सिर्फ 2 कारें, शाह के साथ चार गाड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर में बढ़ते ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कमी किए बिना प्रधानमंत्री के काफिले में शामिल वाहनों की संख्या घटा दी गई है। एक वीडियो में पीएम मोदी के काफिले में सिर्फ 2 गाड़ियां दिखी। सरकार के इस कदम को ईंधन बचत और खर्च नियंत्रण की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है। शुरू में पीएम के काफिले में 12-15 गाड़ियां होती थीं। इनमें ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी कम की काफिले की गाड़ियां

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया है कि जहां संभव हो, काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाया जाए। हालांकि, इसके लिए नए वाहन खरीदने के बजाए मौजूदा संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया गया है। सरकार के इस कदम को पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। भाजपा शासित राज्यों के सीएम ने भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

# मोदी कैबिनेट के बड़े फैसले: कोल गैसीफिकेशन मिशन को मंजूरी गुजरात में 220 किमी प्रति घंटे की सेमी हाईस्पीड रेल लाइन बनेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गैस और गैस आधारित बाय-प्रोडक्ट्स की उत्पादकता पर मोदी सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की ठानी है। पिछले दो महीने से देश भर के अर्थशास्त्री इस बाबत केंद्र सरकार को भिन्न भिन्न मंचों से जल्द फैसला लेने का निवेदन कर रहे थे। युद्ध की स्थिति और हार्मूज पर कब्जे को लेकर चल रही तनातनी के बीच देश में गैस, पेट्रोलियम उत्पादों की आवक पर गहरा असर हो रहा है। आमलोगों पर इसका कुप्रभाव कम से कम पड़े इस कोशिश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की



अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर और किसानों से जुड़े कई बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, सह रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फैसलों की जानकारी दी। केंद्र सरकार ने देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 37,500 करोड़ रुपये की "कोल एवं लिग्नाइट गैसीफिकेशन प्रोत्साहन योजना" को मंजूरी दी है। इसके साथ ही गुजरात में अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा तक सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को भी हरी झंडी दी गई, जिस पर ट्रेनें 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगी। किसानों की आय लगातार बढ़े इसके लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एमएसपी पर सरकार का बड़ा फैसला

*कैबिनेट बैठक में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सरकार ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीद व्यवस्था को और मजबूत तथा पारदर्शी बनाया जाएगा। इसके तहत सरकारी खरीद प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने और किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया है।*

### कृषि ढांचे को मजबूत करने पर जोर

*प्रेस कॉन्फ्रेंस में वैष्णव ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भी विशेष कदम उठाएगी। इसमें भंडारण, परिवहन, खरीद केंद्रों और आधुनिक कृषि सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे किसानों की लागत कम होगी और उत्पादन क्षमता बढ़ेगी।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस एमआई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### सीएम विजय ने ज्योतिषी को ओएसडी पद से हटाया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने ज्योतिषी रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल को



ओएसडी पद से हटा दिया है। विजय ने यह फैसला बुधवार को तमिलनाडु विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पास करने के तुरंत बाद लिया। राधन पंडित को सीएम विजय का ओएसडी नियुक्त करने के बाद से तमिलनाडु के विपक्षी दल पर उनपर निशाना साध रहे थे। कांग्रेस पार्टी के सांसद शशिकांत सेंथिल ने टीवीके सरकार द्वारा ओएसडी के तौर पर एक ज्योतिषी की पोस्टिंग पर सवाल उठाया था कि किसी ज्योतिषी को ओएसडी पद की क्या जरूरत होगी?

### अमूल ने दूध की कीमत 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख डेयरी को-ऑपरेटिव अमूल ने अपनी दूध की कीमतों में इजाफा



करने का फैसला किया है, जिसका सीधा असर आम आदमी के मासिक बजट पर पड़ेगा। अमूल द्वारा पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मूल्य वृद्धि है, जो देश के सभी बाजारों में समान रूप से लागू की जा रही है। कीमत में बदलाव के बाद अमूल का फुल क्रीम दूध अब 72 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से मिलेगा।

राजधानी में विदेश मंत्री जयशंकर के साथ हुई बैठक में बोले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

# अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का समाधान भी अंतरराष्ट्रीय रूप से ही होना चाहिए: लावरोव

- ब्रिक्स की बैठक में भाग लेने के लिए कर रहे हैं भारत की यात्रा।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की राष्ट्रीय राजधानी में आज (14 मई) से शुरू हो रही ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार को समूह देशों के कई विदेश मंत्री नई दिल्ली पहुंच गए हैं।

जिसमें ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा, दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, मालदीव की विदेश मंत्री इरुथिशम एडम और ईरान के उप-विदेश मंत्री काज़ेम ग़रीबाबादी शामिल हैं। इनमें से रूस, ब्राजील, मालदीव और दक्षिण-अफ्रीका के विदेश मंत्रियों के साथ डॉ.एस.जयशंकर की द्विपक्षीय बैठकें भी हुई हैं। जिसमें इन तमाम देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जा रहा है।




### यूं जरूरी है वैश्विक समाधान

भारत-रूस के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठक में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि ब्रिक्स के इतर भी रूस भारत को उसकी प्राथमिकताओं और समस्याओं के समाधान में अपना समर्थन प्रदान करता है। उन्होंने यूक्रेन के साथ जारी युद्ध या पश्चिम-एशिया संकट का नाम लिए बिना कहा कि मास्को का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का समाधान भी अंतरराष्ट्रीय रूप से ही निकाला जाना चाहिए। भारत और रूस संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच पर भी एक-दूसरे को अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। साथ ही हम बहुपक्षवाद, जोखिम को कम करने और विविधता लाने के पक्ष में हैं।

### 100 बिलियन डॉलर का होगा व्यापार

*उन्होंने कहा कि हमारे बीच लगातार उच्च स्तरीय बातचीत का सिलसिला चलता रहता है। पिछले साल दिसंबर में दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की यहां नई दिल्ली में एक मुलाकात हुई थी। जिसमें व्यापार (60 बिलियन डॉलर पर है।), सामरिक सहयोग जैसे विषय चर्चा में शामिल किए गए थे। नेताओं ने भी इस बात को लेकर अपनी सहमति प्रदान की थी कि वर्ष 2030 तक भारत, रूस का द्विपक्षीय व्यापार 60 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करते हुए 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। लावरोव के मुताबिक, इस संबंध में मुझे भी कोई शक नहीं है कि हम अपने इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। मामले पर दोनों पक्षों की वार्ता चल रही है। वहीं, दोनों देशों की बातचीत सतत ढांचों, दीर्घकालिक योजना के साथ तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति पर केंद्रित है।*

### खुले तौर पर साझा करें विचार: जयशंकर

*विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने ब्रिक्स की बैठक में शामिल होने के लिए रूस के विदेश मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मौजूदा जटिल वैश्विक स्थिति के बीच इस बात की आवश्यकता है कि हम दो भरोसेमंद देशों के तौर पर खुले रूप में अपने विचार साझा करें। हम बहुपक्षवाद के समर्थक हैं। साथ ही जोखिम घटाने, विविधता लाने के भी समर्थन में हैं। वहीं, आज की हमारी बातचीत दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष और विशिष्ट सामरिक साझेदारी की समीक्षा करने और उसके साथ-साथ वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करती है। बीते कुछ वर्षों में हमारी द्विपक्षीय साझेदारी में स्थिर और सतत विकास देखने को मिला है। जिसमें ऊर्जा और आर्थिक तत्व ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं। मौजूदा जटिल और अस्थिर अंतरराष्ट्रीय माहौल में हमारा राजनीतिक सहयोग और अधिक अहम हो गया है। दोनों देश अपना सहयोग विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ा रहे हैं, गतिशीलता को भी महत्व प्रदान किया जा रहा है। भारत-रूस चाहते हैं कि कनेक्टिविटी को और अधिक गहराई प्रदान की जाए। बीते वर्ष दिसंबर महीने में हुए वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान हमारे राष्ट्राध्यक्षों द्वारा तय किए गए लक्ष्यों ने हमें अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी मार्गदर्शन प्रदान किया है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसमें शामिल बिंदुओं के क्रियान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा करें।*

पीएम की अपील के बाद केंद्र का फैसला

# गोल्ड की इंपोर्ट ड्यूटी 15% तक बढ़ाई, कीमत में 11,000 रुपए का उछाल

**आरबीआई गवर्नर ने चेताया- वैश्विक संकट लंबा खिंचा तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ना तय**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है।


संजय मल्होत्रा

सरकार ने रातों रात सोना-चांदी की इंपोर्ट ड्यूटी में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद अब सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा इजाफा देखने को मिलेगा। बुधवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर गोल्ड रेट में अचानक 11,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से ज्यादा का उछाल आया, तो वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमत भी खुलने के साथ ही रॉकेट की रफ्तार से भागते हुए 3 लाख रुपए के पार निकल गई। पहले सोना-चांदी के आयात पर 6 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी लगाती थी, जिसमें बढ़ोतरी करके 15 फीसदी कर दिया गया है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अहम बयान दिया कि अगर यह वैश्विक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एयर इंडिया घटाएगी इंटरनेशनल फ्लाइट्स

महंगे जेट ईंधन और कई देशों के हवाई क्षेत्र में लगी पाबंदियों का असर अब एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर भी दिखने लगा है। एयरलाइन ने जून से अगस्त के बीच कुछ चुनिंदा इंटरनेशनल रूट्स पर उड़ानों में कटौती करने का फैसला लिया है। एयरलाइन ने कहा कि वह हर महीने 1,200 से अधिक अंतराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करना जारी रखेगी। इनमें उत्तरी अमेरिका के लिए प्रति सप्ताह 33 उड़ानें, यूरोप के लिए प्रति सप्ताह 47 उड़ानें, यूके के लिए प्रति सप्ताह 57 उड़ानें, ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रति सप्ताह आठ उड़ानें, सुदूर पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और सार्क क्षेत्रों के लिए प्रति सप्ताह 158 उड़ानें और मॉरीशस (अफ्रीका) के लिए प्रति सप्ताह सात उड़ानें शामिल हैं। एयर इंडिया दिल्ली -शिकागो, मुंबई -न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई और ▶▶ शेष पेज 5 पर

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन, 5 आरोपी गिरफ्तार; कई राज्यों में ताबड़तोड़ छापेमारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी भी की है और मामले से जुड़े कई अहम इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद किए हैं। सीबीआई ने यह मामला 12 मई को शामिल शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग से मिली लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया था। शिकायत में नीट परीक्षा के संचालन के दौरान पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात सहित भारतीय परिधानों न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों में तीन आरोपी राजस्थान के जयपुर से, एक हरियाणा के गुरुग्राम से और एक महाराष्ट्र के नासिक से पकड़ा गया है। इसके अलावा कई अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। सीबीआई ने मामले से जुड़े कई राज्यों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई की। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। एजेंसी इन उपकरणों की तकनीकी और फॉरेंसिक जांच कर रही है ताकि पेपर लीक नेटवर्क और उससे जुड़े लोगों की पूरी जानकारी सामने लाई जा सके। जांच में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप राजस्थान की ओर से की गई प्रारंभिक जांच के तथ्यों को भी शामिल किया जा रहा है।सीबीआई ने कहा है कि मामले के हर पहलू की निष्पक्ष, पेशेवर और व्यापक जांच की जा रही है तथा सामने आने वाले सभी सुरागों पर कार्रवाई जारी है। नीट ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीबीआई की गिरफ्त में ये हैं 5 आरोपी

1. *शुभम खैरनार नासिक*
2. *मांगीलाल बिवाल, जयपुर*
3. *विकास बिवाल जयपुर*
4. *दिनेश बिवाल जयपुर*
5. *यश यादव गुरुग्राम*

पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव के बेटे का निधन

# दोस्त का दावा: चोट के निशान, बॉडी नीली पड़ी पीएम रिपोर्ट में आया कार्डियक अरेस्ट से 'मौत'

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की यादव सियासत एक बार फिर शोक, संदेह और सवालों के घेरे में है।


प्रतीक यादव

मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव (38) का बुधवार सुबह अचानक निधन हो गया। उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल में ब्रॉट डेड घोषित किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि जब उन्हें लाया गया, तब पल्स पूरी तरह डाउन थी, हार्ट रुक चुका था। नाखून और शरीर के कुछ हिस्से हल्के नीले पड़ गए थे, यह देखकर मेडिकल टीम सन्न रह गई। अस्पताल में प्रतीक को देखने पहुंचे बड़े भाई समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके स्वास्थ्य की चर्चा की। साथ ही, कारोबारी नुकसान का जिक्र किया। वहीं, बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिल और फेफड़ों से जुड़े कुछ नमूने सुरक्षित रखे गए

भाजपा की नेता और महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार खून का थक्का जमा हुआ था। शरीर के निचले हिस्से से ऊपरी हिस्से में खून का थक्का गया। इसके बाद लंग्स में इंफेक्शन हुआ और कार्डियक अरेस्ट से मौत हुई। विसरा ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर की चर्चा

# किशाऊ बांध परियोजना में आए तेजी पड़ोसी राज्यों में जल्द हो एमओयू: नायब

- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हुए शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित उनके निवास स्थान पर बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के बीच बैठक हुई। इस दौरान दोनों राज्यों के आला अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष कुछ पड़ोसी राज्यों से जुड़े साझा मुद्दों व हरियाणा से जुड़े पानी के विषयों को रखा। उन्होंने किसाऊ बांध परियोजना में तेजी लाने और जल्द से जल्द पड़ोसी राज्यों के बीच इस परियोजना को लेकर एमओयू किए जाने का विषय रखा। इस पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने अपने विभाग को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द किशाऊ बांध को लेकर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाए और बांध से जुड़े जल बंटवारे व बिजली को लेकर फैसला किया जाए। इसके उपरांत इसे लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई जाए और एमओयू से जुड़े काम को पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह बांध परियोजना सभी प्रदेशों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे बड़ी मात्रा में पानी मिलेगा, जो सभी के लिए बेहद आवश्यक है। इससे सभी राज्यों को लाभ मिलेगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

# दिल्ली-एनसीआर का शानदार प्रदर्शन, दिल्ली वेस्ट उत्तर भारत में सबसे आगे

दिल्ली का दबदबा उत्तर भारत का एजुकेशन पावरहाउस

एनसीआर का मिला-जुला प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष के नतीजों ने एक बार फिर क्षेत्रीय प्रदर्शन की विविधता को उजागर किया है। जहाँ दक्षिण भारत के राज्यों ने अपनी बादशाहत कायम रखी है, वहीं उत्तर भारत के बड़े केंद्रों में दिल्ली और एनसीआर ने अपनी शैक्षणिक मजबूती का लोहा मनवाया है। इस साल के परिणामों में दिल्ली वेस्ट रीजन ने उत्तर भारत के सभी बड़े केंद्रों को पछाड़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली वेस्ट का कुल पास प्रतिशत 92.34% रहा, जो इसे टॉप परफॉर्मिंग रीजन की सूची में मजबूती से खड़ा करता है। वहीं, दिल्ली ईस्ट भी ज्यादा पीछे नहीं रहा और 91.73%



पास प्रतिशत के साथ राजधानी के गौरव को बनाए रखा। दिल्ली के इन दोनों क्षेत्रों के संयुक्त प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि राजधानी के स्कूलों ने इस बार राष्ट्रीय औसत से काफी बेहतर नतीजे दिए हैं। एनसीआर के अन्य क्षेत्रों की बात करें तो गुरुग्राम रीजन का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। हरियाणा के इस एजुकेशन हब ने 88.45% पास प्रतिशत दर्ज किया। हालांकि यह दिल्ली और दक्षिण भारत के मुकाबले थोड़ा कम है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इसे एक मजबूत स्कोर माना जा रहा है। वहीं, नोएडा रीजन का प्रदर्शन उम्मीद से कुछ कम रहा, यहाँ 79.02% छात्र ही सफल हो सके। हरियाणा के बड़े एजुकेशन हब माने जाने वाले गुरुग्राम रीजन का पास प्रतिशत 88.45% रहा हालांकि यह आंकड़ा अच्छा माना जा रहा है, लेकिन दिल्ली और दक्षिण भारत के कई रीजन के मुकाबले गुरुग्राम थोड़ा पीछे दिखाई दिया। फिर भी यह राष्ट्रीय औसत के आसपास मजबूत प्रदर्शन माना जा रहा है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को किया गिरफ्तार

# ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारी तीन की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अलीपुर इलाके में बुधवार को एक ट्रक ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे तिपहिया वाहन में सवार एक नौ वर्षीय बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। इस दुर्घटना में ऑटो चालक राजू शर्मा (52) की भी मौत हुई है। एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार अलीपुर थाने में सुबह साढ़े सात बजे सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद एक टीम शिव मंदिर के पास घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना के समय ऑटो रिक्शा में कुल सात लोग सवार थे। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को एक क्षतिग्रस्त ऑटो रिक्शा और आसपास कई घायल यात्री मिले। घायलों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि ऑटो में फंसे दो लोगों को आपातकालीन उपकरणों की मदद से निकाला गया। उन्होंने कहा, हमारे पहुंचने से पहले ही पांच अन्य घायलों को आम लोग और पीसीआर कर्मियों द्वारा बाहर निकाल लिया गया था। सभी घायलों को नरेला स्थित राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया जहां एक बच्ची सहित तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की पहचान मुकेश, उनकी पत्नी पिंकी, उनके छह वर्षीय बेटे और नौ वर्षीय बेटी, बिहार के चंपारण निवासी छोटू पंडित (28) व करावल नगर निवासी ऑटो रिक्शा चालक राजू शर्मा (52) के तौर पर हुई है। एक यात्री की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी। इस दुर्घटना में राजू शर्मा, नौ वर्षीय बच्ची और एक अज्ञात यात्री की मौत हुई है। पुलिस ने कहा कि कुछ घायलों को एलएनजेपी अस्पताल भी रेफर किया गया है। जांचकर्ताओं ने बताया कि वे दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक अज्ञात यात्री की पहचान पता करने की कोशिश की जा रही है और सभी पीड़ितों के परिजनों को सूचित करने के प्रयास जारी हैं।

#### मुकेश का परिवार बलिया से पहुंचा था दिल्ली

पुलिस के अनुसार जांच से पता चला कि घायल मुकेश अपनी पत्नी पिंकी और दो नाबालिग बच्चों के साथ अपने मूल स्थान बलिया, यूपी से लौटा था और उन्होंने आईएसबीटी से एनएच44 होते टिकरी खुर्द गांव तक जाने के लिए ऑटो-रिक्शा लिया था। ऑटो चालक ने रास्ते में अन्य यात्रियों को भी बैठा लिया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज का पता लगाने और उसका विश्लेषण करने, साथ ही दोषी वाहन और उसके चालक को पकड़ने के लिए कई टीमें भेजी गई। अथक प्रयासों के बाद दोषी वाहन कैमरा फुटेज में दिखाई दिया। फुटेज में दिखे वाहन के नंबर के आधार पर, पहले उसके मालिक और फिर उसके ड्राइवर की पहचान की गई। अपराध में इस्तेमाल ट्रक जब्त किया गया है और उसके ड्राइवर अनिल (23) पुत्र विष्णुदेव निवासी ग्राम खोजपुर, जिला मधुबनी, बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल ड्राइवर से गहन और विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

## हर्ष फायरिंग केस का आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ घटना में महिला के सिर में लगी थी गोली

दयालपुर इलाके में बारात के दौरान हर्ष फायरिंग के आरोपी 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना में बालकनी में खड़ी महिला के सिर में गोली लगी थी। आरोपी ऋषि उर्फ मनु ठाकुर को सुल्तानपुरी से गिरफ्तार किया गया है, जो लगभग एक महीने से फरार था और लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 11 अप्रैल की रात को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में सामने आई थी, जब एक बारात निकाली जा रही थी। एक दंपत्ति अपने घर की बालकनी में खड़े होकर बारात को देख रहे थे, तभी पिस्तौल लेकर डांस कर रहे दो लोग गोलीबारी करने लगे। एक गोली महिला के सिर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। उसे इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया था। जांच के दौरान एफआईआर में हत्या के प्रयास की धारा भी जोड़ी गई। घटना के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का मुआयना किया और दयालपुर थाने में मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बताया कि 12 मई को अपराध शाखा की एक टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने साथियों से मिलने के लिए सुल्तानपुरी के कृष्ण विहार जाएगा। पुलिस ने कृष्ण विहार बाजार के पास जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने गोलीबारी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी कम उम्र से ही उत्तर-पूर्वी दिल्ली के आपराधिक गिरोहों से जुड़ा हुआ था और इससे पहले सुल्तानपुरी थाने के हत्या के प्रयास के दो मामलों में शामिल रहा है।

## एसी, आरओ मैकेनिक बनकर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम दिल्ली के केशवपुरम और पीतमपुरा इलाकों में एसी और आरओ मैकेनिक बनकर लोगों के घरों में लूटपाट करने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अजय बग्गा नामक आरोपी के घूमने का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर आने के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की थी।

पुलिस के अनुसार इलाके में संदिग्ध की गतिविधियों के बारे में कई सूचनाएं मिलने के बाद, उसका पता लगाने के लिए उत्तर पश्चिम जिले की डीसीपी आकांक्षा यादव की देखरेख में टीमों का गठन किया गया था। विभिन्न स्थानों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज की जांच और तकनीकी निगरानी का उपयोग करते हुए, पुलिस ने बग्गा का पता लगाया और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बग्गा एसी और आरओ सिस्टम की मरम्मत के बहाने घरों में घुसकर लोगों को कथित रूप से लूटता था। पुलिस शहर में हुई इसी तरह की अन्य घटनाओं में बग्गा की संलिप्तता का पता लगाने के लिए उससे पूछताछ कर रही है।

## कंझावला में आरओ फैक्टरी में आग लगी, 30 से ज्यादा दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार सुबह एक आरओ बनाने की फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इसके बाद दमकल की 30 से ज्यादा गाड़ियां और एक मिनी रोबोट मौके पर भेजा गया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्टरी में सुबह लगभग 9:50 बजे आग लगने की सूचना दमकल और पुलिस को मिली। इसके बाद दमकलकर्मियों की कई टीम मौके पर भेजी गई। दमकल अधिकारी ने कहा कि आग की लपटें बढ़ने के बीच और अधिक दमकल गाड़ियां भेजी गई। उन्होंने बताया कि दमकल की करीब 30 गाड़ियां मौके पर भेजी गई जिनमें तीन बड़े फोम टैंकर, दो बहुउद्देशीय वाहन, एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, एक घटना प्रतिक्रिया वाहन और एक अग्नि नियंत्रण संचार वाहन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि धुएं से भरे परिसर के अंदर अभियान चलाने में सहायता के लिए एक मिनी रोबोट को भी मौके पर भेजा गया है।

# 72 वर्षीय सीए के अपहरण और लूट केस में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के सैनिक फार्म इलाके में तीन लोगों ने एक 72 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट के घर में घुसकर न सिर्फ लूटपाट की बल्कि उन्हें पीटा और फिर अगवा कर लिया। जब आरोपी पीड़ित से 50 लाख रुपये की उगाही करने में विफल रहे तो उन्होंने सीए और उनकी कार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर छोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि 36 घंटे की लंबी खोज के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि तीसरे संदिग्ध को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना दो मई को शाम करीब 7.45 बजे घटी। अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति घर में अकेले थे। तीन लोग जबरन उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने उन्हें काबू में कर लिया और उनके साथ मारपीट कर मुंह टेप से बांध दिया।

अलमारी में रखे पांच लाख रुपये, दराज से आठ से दस हजार रुपये, बटुआ, तीन अंगूठियां और मोबाइल फोन सहित कुछ दस्तावेज लूट लिए। इसके बाद आरोपी पीड़ित को जबरन अपनी गाड़ी में बिठाकर मेरठ की ओर ले गए। अधिकारी ने बताया कि उस दौरान अपहरणकर्ताओं ने पीड़ित से कथित तौर पर 50 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने पीड़ित को दुर्घटना का बहाना बनाकर किसी परिचित से 15 लाख रुपये का इंतजाम करने के लिए मजबूर किया। जब पीड़ित पैसे का इंतजाम करने में नाकाम रहा तो आरोपियों ने उसे उसकी गाड़ी सहित हरियाणा के फिरोजपुर झिरका इलाके में दिल्ली-मुंबई राजमार्ग पर छोड़ दिया। पीड़ित ने बाद में पुलिस से संपर्क किया।

मेडिकल जांच में उनके शरीर पर मामूली चोटें मिलीं। इस घटना के संबंध में तीन मई को नेब सराय थाने में अपहरण, लूटपाट, मारपीट और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, स्थानीय स्तर पर पूछताछ की और तकनीकी निगरानी का उपयोग करके आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मथुरा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके नाम हरियाणा के फतेहाबाद निवासी सुरेंद्र (31) और दिल्ली के कालकाजी की रहने वाली 40 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। लूटी गई नकदी में से चार लाख रुपये, पीड़ित का पर्स और कार बरामद कर ली गई है। साथ ही अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई एक एयर गन भी मिली है।

### ओडिशा से लाया गया 80 किलो गांजा जब्त, दो पकड़े

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह के दो मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 80.670 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हरियाणा के रेवाड़ी निवासी लोकेश भारद्वाज (28) और राजस्थान के भिवाड़ी निवासी अख्तर खान (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार सूचना मिली थी कि राजस्थान के भिवाड़ी से दिल्ली-एनसीआर में गांजे की एक बड़ी खेप पहुंचाई जानी है जिसके बाद पुलिस टीम ने आजादपुर सब्जी मंडी के सर्विस लेन के पास जाल बिछाकर संदिग्ध कार को रोका और दोनों आरोपियों को धर दबोचा। कार की तलाशी लेने पर 80.670 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। कुमार के अनुसार पूछताछ में पता चला कि यह गांजा ओडिशा के सिमिलीगुड़ा से लाया गया था और इसे भिवाड़ी ले जाया जा रहा था जहां से इसे दिल्ली-एनसीआर में भेजा जाना था। आरोपियों ने माना कि वे मौके पर अपने एक साथी को यह नशीला पदार्थ पहुंचाने आए थे। डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपियों को मामले में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया तथा उनकी पुलिस रिमांड हासिल की गई। आरोपी अख्तर खान को मादक पदार्थ के स्रोत मुख्तार अहमद को पकड़ने के लिए सिमिलिगुड़ा ले जाया गया, लेकिन अहमद फरार है। उसके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी लोकेश भारद्वाज को पहले भी 2025 में एनडीपीएस कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था और वह फरवरी 2026 में ही जमानत पर बाहर आया था। अख्तर खान भिवाड़ी में जिम चलाता है और ओडिशा व राजस्थान में नशीले पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में शामिल रहा है।

### 75 आपराधिक मामलों में शामिल अपराधी धरा



नई दिल्ली। पूर्वी जिले की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी (एएसबी) सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 75 मामलों में शामिल रहे और कई मामलों में घोषित अपराधी करार दिये जा चुके अपराधी को गिरफ्तार किया है। संजय उर्फ राहुल (46) नामक यह अपराधी डीडीए फ्लैट्स, तिगड़ी, संगम विहार का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी को एसआई सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल सुबोध और मनेन्द्र आदि की टीम ने गिरफ्तार किया। इसे चार मामलों में संबंधित न्यायालय द्वारा घोषित अपराधी करार दिया जा चुका था। इनमें तीन मधु विहार और एक शकरपुर थाने का केस शामिल है। फिलहाल पकड़े गये अपराधी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### एलजी ने की विवि के कुलपतियों और निदेशकों संग इंटरैक्टिव बैठक

नई दिल्ली। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली सरकार के तहत आने वाले विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और निदेशकों के साथ बुधवार को एक इंटरैक्टिव बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एलजी संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विज़न से प्रेरित होकर हमारे शैक्षणिक संस्थानों को इनोवेशन, रिसर्च और सामाजिक बदलाव के इंजन के रूप में विकसित होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों से आग्रह किया है कि वह सिर्फ़ डिग्रियाँ देने तक ही सीमित न रहें। बल्कि जय अनुसंधान की भावना को अपनाते हुए रिसर्च और इनोवेशन का इस्तेमाल करके दिल्ली की असल दुनिया की चुनौतियों को हल करें। इसमें चाहे वह हवा की गुणवत्ता और शहरी आवागमन हो, या मानसिक स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवा वितरण क्षेत्र। एलजी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि व्यवस्थित गाँव गोद लेने की पहल, एनएसएस और एनसीसी कार्यक्रमों के ज़रिए, छात्र सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार नागरिक, इनोवेटर और रोजगार पैदा करने वाले बन सकते हैं। एलजी ने कहा कि हमने भविष्य के लिए तैयार ऐसे संस्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है जो दिल्ली के परिदृश्य को बदलने के लिए एआई और टेक्नोलॉजी का लाभ उठाएँ। एलजी ने एक ठोस और समय-सीमा वाला कार्ययोजना माँगा गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शैक्षणिक उत्कृष्टता का लाभ राष्ट्रीय राजधानी के हर निवासी को ठोस रूप से मिले। जानकारी अनुसार एलजी ने जोर देते हुए कहा कि अब सैद्धांतिक शिक्षा से हटकर कौशल-आधारित शिक्षा (स्कील बेस एजुकेशन) पर ध्यान केंद्रित करना होगा। ताकि छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार हो सके। इसमें आधुनिक तकनीक के लिए नई पहचान बन रही एआई का उपयोग करके दिल्ली के परिदृश्य को बदलने और भविष्य के लिए तैयार संस्थान बनाने की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उपराज्यपाल ने सभी संस्थानों को एक ठोस और समयबद्ध कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, ताकि अकादमिक उत्कृष्टता के लाभ सीधे जनता तक पहुँच सकें।

### मोबाइल टावर के आरआरयू चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी जिले की न्यू अशोक नगर पुलिस ने मोबाइल टावरों के आरआरयू चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 10 चोरी की गई आरआरयू यूनिट बरामद हुई है। तीन आरोपी व्यक्तियों में आरआरयू खरीदने वाला एक व्यक्ति भी शामिल है। एक आरआरयू यूनिट की अनुमानित कीमत लगभग 4 से 6 लाख रुपये बताई जाती है। पुलिस के अनुसार 3 मई को न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन में डल्लूपुरा इलाके से मोबाइल टावर आरआरयू की चोरी के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया था। टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर उपकरणों की चोरी को देखते हुए इस मामले को गंभीरता से लिया गया और तत्काल जांच शुरू की गई। गठित टीम ने तत्काल तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और स्थानीय जानकारी जुटाने पर काम शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद, अपराध में इस्तेमाल हुए वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर पता चला। वारदात में चार लोगों की संलिप्तता का भी पता चला। त्वरित कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने छापेमारी की और आरोपी सुमित पांचाल (21), निवासी मंडावली फजलपुर को गिरफ्तार किया गया। गहन पूछताछ तथा चोरी की संपत्ति की बरामदगी के लिए उसका दो दिन की पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान, एक अन्य आरोपी लोकेश (19), निवासी वेस्ट विनोद नगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही और खुलासे के आधार पर पुलिस टीम ने चोरी के आरआरयू खरीदने वाले व्यक्ति चांद (27), निवासी मदीना कॉलोनी, मेरठ, यूपी को भी ढूंढ निकाला और गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान, इनके कब्जे से चोरी की 10 आरआरयू यूनिट बरामद की गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवाजियाकु एचेजोना ओबिन्ना उर्फ बिग सलीम, पुत्र नवाजियाकू निवासी आरजेड-सी-82, मंदिर वाली गली, महावीर एन्क्लेव, पालम, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 510/2025, दिनांक 02.11.2025 धारा 21/29/27ए एनडीपीएस एक्ट, थाना सागरपुर, नई दिल्ली (एंटी-नारकोटिक्स सेल/एसडब्ल्यूडी )** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नवाजियाकु एचेजोना ओबिन्ना उर्फ बिग सलीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नवाजियाकु एचेजोना ओबिन्ना उर्फ बिग सलीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 510/2025, दिनांक 02.11.2025 धारा 21/29/27ए एनडीपीएस एक्ट, थाना सागरपुर, नई दिल्ली (एंटी-नारकोटिक्स सेल/एसडब्ल्यूडी)** के उक्त अभियुक्त **नवाजियाकु एचेजोना ओबिन्ना उर्फ बिग सलीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.07.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री जितेंद्र प्रताप सिंह**
**एलडी. अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट**
**कमरा नं. 35, पी. बिल्डिंग**
**पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली**
**DP/6250/SW/2026**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C/84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुशील पुत्र ओम दास निवासी राजीव गांधी मार्किट, जे.जे. कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **99/2020, अन्तर्गत धारा 12/9/55 जुआ अधिनियम, थाना सुभाष प्लेस, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **99/2020, अन्तर्गत धारा 12/9/55 जुआ अधिनियम, थाना सुभाष प्लेस, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुशील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.07.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री उपासना सतीजा**
न्यायिक दण्डाधिकारी (उ.-प.)
कमरा नं. 108, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
**DP/6238/NW/2026**
**(Court Matter)**

358 किलोग्राम हेरोइन की गई थी बरामद

## 358 किलोग्राम हेरोइन की गई थी बरामद

# ड्रग सप्लायर अजरबैजान से लाया गया भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल द्वारा सीबीआई के सहयोग से एनडीपीएस के एक मामले में वांछित आरोपी को बाकू, अजरबैजान से भारत लाया गया है। आरोपी प्रभदीप सिंह उर्फ हैरी से 358 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। वह 2023 में भारत से फरार हो गया था। इस मामले में एक अफगान नागरिक सहित 10 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चल रहा है।

पुलिस के अनुसार प्रभदीप सिंह विदेश में बैठे ड्रग सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ नव के भारत स्थित ड्रग सिंडिकेट को संभालता था। नव का अंतिम ज्ञात ठिकाना तुर्की था। वह प्रभदीप का चचेरा भाई है। इसने नवप्रीत सिंह के निर्देशों को गिरफ्तार आरोपियों गुरप्रीत सिंह और गुरजोत सिंह तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनसे 333 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। वह नशीले पदार्थों की खेप की आवाजाही पर नजर रखता था। प्रभदीप नवप्रीत के अन्य साथियों के साथ लगातार संपर्क में रहता था। 2021 में यह बात सामने आई कि रिजवान अहमद कश्मीरी नामक एक व्यक्ति दिल्ली और पंजाब, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा जैसे कुछ अन्य राज्यों के इलाकों में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल है। 5 जुलाई 2021 को एक विश्वसनीय मुखबिर से जानकारी मिली थी कि रिजवान दक्षिण दिल्ली के घिटोरनी इलाके में नशीले पदार्थों की खेप पहुंचाने वाला है। रिजवान को तब गिरफ्तार किया गया था। उस समय वह एक किलोग्राम हेरोइन का पैकेट पहुंचाने जा रहा था। रिजवान कश्मीरी ने खुलासा किया कि वह अफगानिस्तान में रहने वाले एक अफगान नागरिक ईशा खान के इशारे पर काम करता था। ईशा खान ने रिजवान कश्मीरी को गुरप्रीत सिंह और गुरजोत सिंह से संपर्क करने का निर्देश दिया था। ये दोनों पंजाब के रहने वाले थे और हरियाणा के फरीदाबाद से एक ड्रग रैकेट चला रहे थे।

रिजवान कश्मीरी की निशानदेही पर फरीदाबाद में गुरप्रीत सिंह और गुरजोत सिंह के ठिकानों पर छापा मारा गया था, जिसके परिणामस्वरूप गुरप्रीत सिंह और गुरजोत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर बीएलएस मैन्नेक्विंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 12.05.2026 26.05.2026 | रु.26,25,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर एसीएलएस मैन्नेक्विंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 12.05.2026 26.05.2026 | रु..2,00,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर इन्टूबेशन ट्रेनर एडल्ट मैन्नेक्विंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 12.05.2026 26.05.2026 | रु.50,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45095/I/88/7 दि. 13.05.26

# दिल्ली लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग नीति से उद्योग, रोजगार और निवेश को मिलेगा नया बलः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग नीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। यह नीति राजधानी में माल ढुलाई व आपूर्ति प्रणाली को अधिक कुशल, तेज और कम लागत वाला बनाने के साथ-साथ व्यापार को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य दिल्ली में माल परिवहन से होने वाली भीड़भाड़ को कम करना, प्रदूषण घटाना और राजधानी को एक आधुनिक, कुशल और पर्यावरण अनुकूल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करना है। रेखा गुप्ता ने बताया कि एकीकृत लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) के माध्यम से माल की आवाजाही की वास्तविक समय पर निगरानी और बेहतर प्रबंधन संभव होगा। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से माल ढुलाई और डिलीवरी प्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह नीति दिल्ली के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापक सुधार लाएगी। नीति में सरल प्रक्रियाएं और 24×7 संचालन, रोजगार सृजन और कौशल विकास, हरित और पर्यावरण अनुकूल लॉजिस्टिक्स, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीति के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित प्लानिंग, रियल-टाइम ट्रैकिंग और डिजिटल फ्रेट मैनेजमेंट सिस्टम लागू किए जाएंगे। इससे माल ढुलाई की योजना, रूट ऑप्टिमाइजेशन और डिलीवरी शेड्यूलिंग अधिक सटीक और कुशल बनेगी, जिससे लागत में कमी और समय की बचत होगी।




## खबर संक्षेप

### ‘घर से कार्य’ करेंगे एनडीएमसी के पात्र कर्मचारी : चहल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं डिजिटल कार्यसंस्कृति के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि बुधवार को परिषद में पात्र कर्मचारियों के लिए “घर से कार्य” व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। चहल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अनावश्यक आवागमन को कम करना, ईंधन की बचत करना तथा डिजिटल माध्यम से कार्य प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है। उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत चिन्हित विभागों के समूह ‘बी’ एवं समूह ‘सी’ के अधिकतम 33 प्रतिशत कर्मियों को आवश्यकता के अनुसार घर से कार्य करने की अनुमति दी जाएगी। विभागाध्यक्ष इसके लिए क्रमवार ड्यूटी सूची तैयार करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विभागीय कार्य एवं जनसेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। चहल ने कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों से निजी वाहनों द्वारा आने वाले कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जनता को उपलब्ध कराई जा रही आवश्यक सेवाओं पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### तेज आंधी, बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि ने दी गर्मी से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार रात के समय एकाएक मौसम का मिजाज बदला और रात साढ़े सात बजे के बाद तेज आंधी, बारिश के साथ ओलावृष्टि ने कई जगह दस्तक दी। जिसके बाद दिल्ली वालों ने भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत महसूस की। दिल्ली के ओखला सहित कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ओले गिरने की खबर है। जबकि इससे पहले मंगलवार देर रात को भी दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी दर्ज हुई थी। बुधवार सुबह मौसम का मिजाज बदला बदला रहा और आसमान पर बादल छाए रहे। लेकिन दोपहर आते आते आसमान से बादल गायब होने के बाद सूरज की तेज किरणें जमीन तक पहुचने से गर्मी बढ़ गई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तेज आंधी व बारिश को लेकर येलो अलर्ट पहले ही जारी कर दिया था। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को आसमान साफ रहेगा और तापमान में मामूली बढ़त हो सकती है। वहीं निजी मौसम अनुमान विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार रात के समय दिल्ली में आंधी, बारिश के साथ ओले गिरे।



# परिवहन मंत्री ने इलेक्ट्रिक डीटीसी बस से की यात्रा

**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के नागरिकों से पेट्रोल और डीजल वाहनों के उपयोग को कम करने और सार्वजनिक परिवहन अपनाने की राष्ट्रव्यापी अपील की है। उसी के अनुरूप दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने और यात्रियों से सीधी बातचीत करने के उद्देश्य से विकासपुरी से दिल्ली सचिवालय तक इलेक्ट्रिक डीटीसी बस से यात्रा की।

### ‘कैबिनेट मंत्री बसों और मेट्रो में करेंगे सफर’

परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार राजधानी दिल्ली में ईवी आधारित सार्वजनिक परिवहन के तेजी से विस्तार और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की सुविधाओं का जायजा लेने और जनता से जुड़े मुद्दों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए कैबिनेट मंत्री बसों और मेट्रो में सफर करेंगे। डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सार्वजनिक परिवहन को अपनाने और निजी वाहनों पर अपनी निर्भरता कम करने की जो अपील की है। उनके विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार बेहतर, सुरक्षित और आरामदायक सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ स्वच्छ और सतत दिल्ली के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## वैश्विक ऊर्जा संकट के दौर में जिम्मेदारी निभाएं दिल्लीवासी

# राष्ट्रहित में सार्वजनिक परिवहन अपनाएं, ईंधन बचाएं: रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानीवासियों से अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, लोग मेट्रो, बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का इस्तेमाल करें, कारपूलिंग अपनाएं और निजी वाहनों पर अनावश्यक निर्भरता कम करें।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान वैश्विक ऊर्जा अनिश्चितता और संघर्ष के समय में देशहित को सर्वोपरि रखते हुए ईंधन संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह ईंधन की बचत कर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करे। रेखा गुप्ता ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन को अपनाने से न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि प्रदूषण और ट्रैफिक जाम की समस्या में भी कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से अपील करते हुए कहा कि “नेशन फर्स्ट” की भावना के साथ सभी नागरिक जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करें और स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर दिल्ली के निर्माण में सहयोग दें।

### ‘बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार कार्य जारी’

मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि दिल्ली सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें।

### कपिल मिश्रा ने दिल्ली मेट्रो का किया प्रयोग



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को परिवहन के लिए दिल्ली मेट्रो का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर सभी मंत्री गण, अधिकारी एवं कर्मचारी ईंधन बचाने के लिए सभी सम्भव प्रयास करेंगे। मेट्रो में सफर के दौरान कपिल मिश्रा ने दिल्ली वासियों से ऊर्जा संरक्षण के विविध तरीकों पर चर्चा की और अन्य लोगों को प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने दैनिक जीवन में अपने कार्यालय एवं प्रतिष्ठान जाने के लिए निजी वाहनों का प्रयोग करने वाले दिल्ली वासियों से बस एवं मेट्रो को अपनाने का आग्रह किया। साथ ही घर के नजदीक स्थित बाजारों एवं अन्य जगहों पर जाने के लिए पैदल या साइकिल का प्रयोग करने का आग्रह किया। कपिल मिश्रा ने अपील करते हुए वैश्विक संकट के बीच ऊर्जा संरक्षण कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की बात कही।

# एलजी का कार्य स्थल तक पैदल जाने वाले कल्चर को अपनाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जैसे शहर में लंबे से स्थापित हो चुके वर्क कल्चर यानी काम धंधा करने के तरीके को बदलने की कवायद शुरू करने की कोशिश शुरू हो रही है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को डीडीए की बैठक में वॉक-टू-वर्क कल्चर यानी की जहां तक संभव हो अपने कार्य स्थल तक पैदल आना जाना किया जाना चाहिए। यह ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति पर आगे बढ़ने की बात है। मतलब कि मेट्रो और आरआरटीएस कॉरिडोर के आस पास के 500 मीटर के दायरे में सरकार बेहतरीन से सुनियोजित तरीके से शहरी व व्यावसायिक विकास करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। एलजी ने इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के सपने के तहत विकसित दिल्ली का रोडमैप रखते हुए वॉक-टू-वर्क कल्चर को सबसे अहम बताया है। जानकारी अनुसार एलजी ने टीओडी नीति के तहत वाक-टू-वर्क संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य मेट्रो स्टेशनों के आस पास एकीकृत हब विकसित करके प्रदूषण को कम करना और शहरी आवागमन में बड़ा सुधार लाना है। इस बैठक में संधू ने डीडीए अधिकारियों से कहा कि जब घर और दफ्तर दोनों आसपास होंगे तो सड़कों पर वाहनों का दबाव भी कम होगा। लोग बड़ी आसानी से पैदल चलकर भी कार्य स्थलों तक आ जा सकेंगे। इसके लिए बेशक मेट्रो और नमो भारत स्टेशनों के आसपास उच्च घनत्व और मिश्रित उपयोग वाले समुदायों का विकास करना होगा।

### हीट एक्शन प्लान के अंतर्गत निगम ने की पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली में लगातार बढ़ते गर्मी के प्रकोप के चलते विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। गर्मी के प्रकोप से कर्मचारियों, नागरिकों एवं पशु पक्षियों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली नगर निगम प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम ने अपने स्वच्छता कर्मचारियों के लिए सैनिटरी इंस्पेक्टर ऑफिस एवं रोल कॉल स्थलों पर पीने के पानी एवं ओ आर एस घोल की व्यवस्था की गई है ताकि उनके शरीर में पानी की कमी न हो। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम ने अपने फील्ड स्टाफ के लिए टोपियों की व्यवस्था की है। दिल्ली नगर निगम ने प्रत्येक क्षेत्र में पीने के पानी और ओ आर एस से लैस दो गाड़ियां तैनात की हैं।

### मुंडका में जल निकासी के लिए सांसद ने किया निरीक्षण

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने बुधवार को मुंडका विधानसभा क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था, साफ-सफाई और सड़कों की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में जलभराव, नालों की सफाई, सीवर व्यवस्था तथा सड़कों की मरम्मत कार्यों का जायजा लिया, ताकि बरसात के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बरसात को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए। उन्होंने साफ कहा कि सफाई कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुंडका के विधायक गजेंद्र सिंह दराल भी मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

# रेप मामले में ‘आप’ महिला पार्षदों के साथ राज भवन पहुंचे सौरभ भारद्वाज

## ‘घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिले उपराज्यपाल’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के जनकपुरी स्थित एसएस मोटा सिंह स्कूल परिसर में तीन साल की बच्ची से रेप मामले को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज महिला पार्षदों के साथ एलजी से मिलने राज भवन पहुंचे, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी एलजी नहीं मिले। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक बार एलजी कार्यालय पूर्व महपौर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत तीन महिला पार्षदों को अंदर बुलाया भी, लेकिन यह कह कर वापस लौटा दिया कि ई-मेल के जरिए मिलने का समय दिया जाएगा। एलजी के न मिलने पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की एलजी से सिर्फ इतनी मांग है कि रेप पीड़ति बच्ची के पैरेंट्स को धमका रहे पुलिस अफसरों पर कार्रवाई की जाए। लेकिन जब एलजी और पुलिस कमिश्नर मिलने तक को तैयार नहीं हैं तो पीड़ति बच्ची को न्याय कैसे मिलेगा?

आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम लोग पिछले कई दिनों से दिल्ली के जनकपुरी स्थित एसएस मोटा सिंह पब्लिक स्कूल में हुए रेप के मामले को उठा रहे हैं। उस स्कूल में नर्सरी क्लास के अंदर एक बच्ची का एडमिशन हुआ था। दूसरे दिन जब वह स्कूल से घर गई तो उसने बताया कि उसके साथ बलात्कार हुआ है। बच्ची ने बाद में पहचान की कि उसी स्कूल के एक वरिष्ठ मुलाजिम ललित कुमार ने उसके साथ रेप किया है। इस बाबत आम आदमी पार्टी कुछ दिनों से एलजी से मिलने का समय मांग रही है। क्योंकि दिल्ली पुलिस के एसएचओ और डीसीपी पर बच्ची की मां ने आरोप लगाया है कि वे दोनों उनको धमका रहे हैं। पूरे-पूरे दिन उन्हें थाने में बिठाकर परेशान किया जा रहा है। पुलिस का रवैया इस तरीके का है जैसे पीड़ित ही आरोपी हो।

## जेन-जी सड़कों पर उतर करें शांतिपूर्ण प्रदर्शनः केजरीवाल

# नीट पेपर लीक मामला : आप-भाजपा ने एक दूसरे पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी और भाजपा नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए। वहीं, छात्रों के हित में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने परीक्षा एजेंसी एनटीए के मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को देश के युवाओं (जेन-जी) से सीधा वर्चुअल संवाद किया।

बुधवार को ‘आप’ मुख्यालय पर सांसद संजय सिंह और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के साथ प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल ने देश के युवाओं से कहा कि नीट का पेपर लीक हुआ है। उन्होंने जेन-जी का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को



बंद करने के लिए देश के जेन-जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। उन्होंने नेपाल और बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि जब वहां जेन-जी अपनी सरकार बदल सकते हैं तो हमारे देश का जेन-जी पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता? हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आजतक किसी को सजा नहीं मिली। इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है। वहीं, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने नीट का पेपर रद्द होने पर पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री से युवाओं को जवाब देने की बात कही है।

### जेन-जी अब केजरीवाल के किसी छलावे में नहीं आयेगा : सचदेवा

बेहतर होगा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल यह एहसास करे कि उनकी 10 साल से अधिक के दिल्ली सरकार एवं 4 साल से अधिक के पंजाब सरकार के भ्रष्टाचार को देख चुका देश का युवा यानि जेन जी अब उनके किसी छलावे में नहीं आयेगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने केजरीवाल की प्रेसवार्ता के बाद उन्हें उक्त सलाह दी। सचदेवा ने कहा कि जेन जी से बात करने के नाम पर आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल का ब्यान उनकी राजनीतिक हताशा एवं आराजक कार्य शैली का मिला जुला प्रमाण है। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल बताएं कि नीट पेपर लीक को पकड़ा राजस्थान के स्थानिय पुलिस प्रशासन ने तो फिर सरकार कैसे दोषी हुई? सचदेवा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मसलों में ब्यान देकर अरविंद केजरीवाल पहले भी देश को शर्मसार कर चुकें हैं, खुद को हास्य का पात्र बना चुके हैं, उचित होगा वह रूस एवं अमरीका को लेकर ब्यानबाज़ी ना करे।

### एनटीए मुख्यालय के बाहर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दिल्ली प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े इतने गंभीर मुद्दे पर जवाबदेही तय करने के बजाय छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सार्थक शर्मा ने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा में सामने आए पेपर लीक प्रकरण, परीक्षा प्रक्रिया में लगातार उजागर हो रही अनियमितताओं तथा विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहे गंभीर खिलवाड़ के विरुद्ध दिल्ली स्थित नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय के बाहर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों पर दिल्ली पुलिस द्वारा बल प्रयोग करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया। प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े इतने गंभीर मुद्दे पर जवाबदेही तय करने के बजाय छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा ही छात्र हित में खड़ी है और जब तक नीट यूजी पेपर लीक के वजह से प्रभावित 22 लाख अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल जाता तब तक विद्यार्थी परिषद उनके अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी।

### एमसीडी 311 ऐप को और प्रभावी बनाने के महापौर ने दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर प्रवेश वाही ने निगम आयुक्त संजीव खिरवार के साथ एमसीडी 311 ऐप को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान नागरिकों द्वारा दर्ज की जाने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण, सेवा वितरण प्रणाली में सुधार, तकनीकी ढांचे को मजबूत करने तथा मॉनिटरिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर प्रवेश वाही ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए और 311 ऐप को आम जनता के लिए अधिक सरल एवं उपयोगी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीक के माध्यम से निगम सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना एमसीडी की प्राथमिकता है। वहीं, निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि एमसीडी 311 ऐप को लगातार अपडेट और सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने और उसकी निगरानी करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। दिल्ली नगर निगम ने कहा कि वह नागरिकों को बेहतर, सुगम और उत्तरदायी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी तकनीकी सुधारों के माध्यम से जनसेवा को और मजबूत किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### झगड़े के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** लड़ाई-झगड़े के मामले में क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने बताया कि प्रवीन निवासी इंद्रा फरीदाबाद ने थाना सेक्टर-8 में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 1-2 मई की रात उसका छोटा भाई अपने फ्लैट ग्रीन फील्ड की तरफ जा रहा था। रास्ते में कुछ लड़कों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को दबोचा



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसके पास से चोरीशुदा आभूषण भी बरामद किये गये हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया सेक्टर-3 फरीदाबाद निवासी मनोज प्रसाद ने 9-10 मई की रात कोई अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर आभूषण व नगदी चोरी कर ले गया।

### अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 3 पकड़ाए



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 देसी कट्टे व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ताहिर उर्फ तइया गांव धौज फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित विवेकानंद पार्क के पास से गिरफ्तार किया है। चरणजीत उर्फ़ चिंटू वासी गांव एक-एक देसी कट्टा व एक-एक कारतूस सहित के साथ गिरफ्तार किया है।

# जीडीए बोर्ड बैठक आज, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम व एयरोसिटी टाउनशिप समेत कई प्रस्ताव होंगे पेश

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 37 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा

स्टेडियम में लगभग 400 करोड़ रुपए की लागत आएगी, 30 से 40 हजार लोग बैठ सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) बोर्ड की बैठक बुधवार को मेरठ स्थित मंडल आयुक्त कार्यालय के सभागार में होगी। अति महत्वपूर्ण माने जाने वाली इस बोर्ड बैठक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तथा अत्यधिक सुविधाओं से सुसज्जित होने वाली एयरोसिटी टाउनशिप विकसित किए जाने समेत एक दर्जन से ज्यादा प्रस्ताव के रखे जाने की संभावना है। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

इन सभी प्रस्ताव पर बैठक में गंभीर मंथन होगा और प्रस्ताव पास किए जाएंगे । विकास की दृष्टि से यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को लेकर प्रस्ताव जीडीए ने तैयार कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 37 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा और इसमें लगभग 400 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। साथ ही 30 से 40हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता इस स्टेडियम की होगी। इसके अलावा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मीडिया सेंटर, पवेलियन, प्रेक्टिस पिच, ट्रेनिंग सेंटर के अलावा दर्शकों के लिए फूड कोर्ट, पार्किंग होटल ,कमर्शियल एरिया कन्वेंशन स्पेस आदि भी विकसित किया जाएगा। इस क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी यहां पर की जा सकेगी। इस प्रस्ताव को लेकर खेल प्रेमी और जीडीए अफसर काफी उत्साहित है ।

जानकारी के अनुसार, इस बोर्ड बैठक में हरनंदीपुरम के भूमि अधिग्रहण और इसके एक साथ दो फेज लॉन्च करने पर भी चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में हरनंदीपुरम को भी शामिल किया गया है। जीडीए सचिव ने बताया कि करीब 100 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो चुका है, जबकि लगभग इतनी ही जमीन के लिए किसानों की सहमति भी मिल चुकी है। ऐसे में दो फेज एक साथ लाने की योजना तैयार की जा रही है।

### गाजियाबाद शहर के लिए बड़ी उपलब्धि




उत्तर प्रदेश क्रिकेट संगठन के गाजियाबाद के अध्यक्ष राकेश मिश्रा का कहना है कि खेल की दृष्टि से यह बेहद महत्वपूर्ण प्रस्ताव है। जिसमें पूर्व में अनेक बाधाएं आ चुकी हैं। सभी बाधाओं को जीडीए अधिकारियों व संगठन ने मिलकर दूर कर लिया है । उन्हें पूरी उम्मीद है कि 14 मई को होने वाली बैठक में यह प्रस्ताव पास कर लिया जाएगा। इसके अलावा लगभग 380 एकड़ में 1800 करोड रुपए की लागत से बनने वाली एयरोसिटी टाउनशिप का प्रस्ताव भी इस बैठक में रखा जाएगा । एयरोसिटी को लेकर हवाई अड्डों से संबंधित गतिविधियां होटल, मॉल लॉजिस्टिक हब पर्यटन के साथ-साथ अत्यधिक ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी आदि की सुविधा इस टाउनशिप में सुसज्जित होगी। यह टाउनशिप अपने आप में खास होगी और गाजियाबाद जैसे शहर के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट हरनंदीपुरम का ड्रोन सर्वे इसी महीने पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही जीडीए लेआउट प्लान पर भी काम करेगा।

## बलजीत कौशिक ने कहा-बदहाल शहर, सोई सरकार, शहर में लगा कूड़े का ढेर

# जिला कांग्रेस ने शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के तत्वाधान में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर हरियाणा के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्फत भेजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की। जबकि पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना, पृथला क्षेत्र के विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कांग्रेस सुबह सवेरे सेक्टर-12 स्थित पैट्रोल पम्प पर एकत्र हुए जहां से एक जुलूस की शक्ल में विरोध प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी भी की और ज्ञापन की मार्फत नगर निगम फरीदाबाद व फायर बिग्रेड कर्मचारियों की मांगों को मानते हड़ताल को समाप्त करवाने की अपील की। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि पिछले आठ अप्रैल से हरियाणा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर बैठे है। यह कर्मचारी 16 फरवरी को मुजेसर स्थित कालका कंपनी अग्निकाण्ड में शहीद हुए भवीचंद शर्मा, रणबीर सिंह के आश्रितों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता, पक्की नौकरी व शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर हड़ताल पर है, लेकिन सरकार के कानों पर कोई जूं नहीं रेंग रही। वहीं नगर निगम फरीदाबाद के सफाई कर्मचारी एक मई से हड़ताल पर बैठे है और सरकार उनकी मांगों को सुनने को तैयार नहीं है। हड़ताल के चलते समूचे शहर में गंदगी के ढेर लगे हुए है। सफाई व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। हालात इतने खराब है कि गर्मी के कारण कूड़े के ढेरों में बदबू उठनी शुरू हो गई है। हैरत की बात है कि हरियाणा का शहरी विकास मंत्री फरीदाबाद से ही विधायक है, लेकिन उसे फरीदाबाद की कोई चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हड़ताली कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करती है और कर्मचारियों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है। अगर जल्द ही सरकार ने इस ओर संज्ञान नहीं लिया तो कांग्रेस पार्टी सडक़ों पर उतर आन्दोलन को तेज करने पर मजबूर होगी। इस मौके पर पूर्व सांसद अवतार भड़ाना ने भाजपा सरकार को हर मोर्चें पर विफल करार देते हुए कहा कि सांसद और विधायक मंत्री बनकर सत्ता की मलाई चखने में व्यस्त है।



### गर्मी में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल

क्योंकि यह सरकार झूठ, जुमले व वोट चोरी से बनी हुई सरकार है। इसलिए इन्हीं जनता के दुखः दर्द नहीं दिखते। गर्मी में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है ऊपर से चौपट सफाई व्यवस्था ने लोगों को बदहाल जिंदगी जीने के लिए मजबूर कर दिया है। रही बात भ्रष्टाचार की तो पूरे फरीदाबाद सहित समूचे देश ने देख लिया कैसे सत्ताधारी मंत्री और विधायक सरेआम मान रहे है कि पिछले 10-12 वर्षों से फरीदाबाद में नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। ऐसे में जब मंत्री और विधायक ही यह मान ले की भ्रष्टाचार की जड़े मजबूत होती जा रही है और यह मंत्री और विधायक अधिकारियों पर नकेल कसने में पूरी तरह से फेल है, तो जनता का राम ही रखवाला है। उन्होंने कहा कि जब मंत्री विधायक यह कह रहे है, 10-12 साल पूर्व की सरकार में बनी सड़कें आज भी नई जैसी मजबूत है, लेकिन मौजूदा सरकार में बनी सडक़ें मात्र चार से छह महीनों में घटिया सामग्री के चलते टूट जाती है। ऐसे में जनता को भी अब समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी ही सही मायनों में देश और प्रदेश का सही विकास और भ्रष्टाचार को खत्म कर सकती है। वहीं इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस विधायक रघुबीर तेवतिया ने भी भ्रष्टाचार और विकास के मामले पर सरकार और प्रशासन को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि नगर निगम फरीदाबाद में पृथला विधानसभा क्षेत्र के सात गांव नगर निगम में शामिल हुए थे और इन ग्राम पंचायतों की बेशकीमती हजारों करोड़ की जमीन भी नगर निगम के अधीन हो गई। इसके बावजूद इन गांवों में नगर निगम द्वारा न तो कोई विकास कार्य करवाए जा रहे है और न ही सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान है। सरेआम भ्रष्टचार का बोलबाला है और अधिकारी निरकुंश है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व पार्षद योगेश ढींगड़ा,गौरव ढींगड़ा, अनिल शर्मा, हरियाण कांग्रेस विचार विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक, दीपक चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रेनू चौहान, तिलक, उमेश कौशिक, डा. सौरभ शर्मा, राकेश तंवर, राजकुमार यादव, बलजीत अरोड़ा, इकबाल खान, एनके शर्मा, मोहसिन खान आदि।

## सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम

# रोटरी पब्लिक की आरना नीति पुस्कर 96.6 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। गुरुग्राम रीजन में कुल 88.4 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए हैं।

गुरुग्राम रीजन के 94,255 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 82,979 सफल रहे। इस बार भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया। लड़कियों का पास प्रतिशत 91.8 फीसदी रहा, जबकि लडक़ों का 85.8 फीसदी दर्ज किया गया। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और सोनीपत समेत 12 जिलों वाले इस रीजन में कई स्कूलों का परिणाम 95 फीसदी से अधिक रहा।

### आरना नीति पुस्कर रही स्कूल टॉपर

रोटरी पब्लिक स्कूल का 100 प्रतिशत रिजल्ट रहा। सेक्टर-22 स्थित रोटरी पब्लिक स्कूल की आरना नीति पुस्कर ने नॉन मेडिकल साइंस में 96.6 प्रतिशतअंकों के साथ स्कूल टॉप किया। वहीं कॉमर्स में यशिका चौधरी 96 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहीं। ह्युमैनिटीज में कोम लठवाल ने 95.6 प्रतिशत और मेडिकल साइंस में लक्षिता गुप्ता ने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रिंसिपल संदीपा राय ने सभी स्टूडेंट्स को बधाई दी। स्कूल प्रबंधन ने सफलता को छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का नतीजा बताया। इस बार गुरुग्राम रीजन का परिणाम पिछले वर्षों से बेहतर माना जा रहा है।

## अपराध शाखा ने वाहन चोर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उस से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

आरोपी की पहचान दामोदर निवासी गाव टोंडरस सकुरगंज बांगर जिला मथुरा हाल गांव भांखरी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार नीरज निवासी सेक्टर-21 फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 मई को उसकी मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।



शिकायत पर थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा बॉर्डर टीम ने 12 मई को आरोपी दामोदर को लैजरवैली पार्क के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी शिक्षा व्यवस्थाः निशित कटारिया

# नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर भाजपा पर साधा जमकर निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि देश-प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

हर बड़ी परीक्षा में धांधली आम बात हो गई है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार के बड़े दावे करती है, लेकिन हकीकत में नौकरियों से पहले ही परीक्षाएं विवादों में घिर जाती हैं। कभी पेपर लीक होता है तो कभी भर्ती प्रक्रिया



पर सवाल उठते हैं। नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक होना बेहद गंभीर है। इससे लाखों मेहनती छात्रों का मनोबल टूटा है। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि शिक्षा में भ्रष्टाचार और नौकरियों में धांधली भाजपा शासन की पहचान बन चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में कई भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताएं सामने आईं, लेकिन सरकार दोषियों पर सख्त कार्रवाई में नाकाम रही। इसका खामियाजा आम परिवारों के बच्चों को भुगतना पड़ रहा है जो दिन-रात मेहनत कर तैयारी करते हैं। कटारिया ने कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए और पेपर लीक के पीछे के बड़े नेटवर्क को बेनकाब करे। समय रहते शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधरी तो युवाओं का पूरी व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा। प्रदर्शन में प्रभारी प्रियंका चंदेलिया, मेवात जिला अध्यक्ष मुबीन खान, प्रदेश महासचिव इमरत उल्लावास, गुरुग्राम जिला उपाध्यक्ष कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन घर बेचने पर नितारा प्रोजेक्ट्स पर हरेरा की कार्रवाई शुरु

# 8 जून को शोकॉज नोटिस का जवाब नहीं देने पर होगी एक तरफा कार्रवाई

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (हरेरा) गुरुग्राम ने बिना रजिस्ट्रेशन रिहायशी फ्लोर बेचने पर मेसर्स नितारा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। हरेरा ने रियल एस्टेट एक्ट 2016 की धारा-35 के तहत कार्यवाही शुरू की है। कंपनी पर बिना रजिस्ट्रेशन प्रोजेक्ट डेवलप करने, विज्ञापन, मार्केटिंग और बिक्री करने का आरोप है। हरेरा ने पाया कि नितारा प्रोजेक्ट्स ने प्रचार सामग्री और विज्ञापनों में रेरा रजिस्ट्रेशन नंबर, अथॉरिटी की वेबसाइट और डीटीसीपी लाइसेंस नंबर जैसी जरूरी जानकारी नहीं दी। जिस पर संज्ञान लेते ही अथॉरिटी ने 16 अप्रैल 2026 को शोकॉज नोटिस जारी किया। लेकिन 11 मई 2026 को हुई सुनवाई में कंपनी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। अथॉरिटी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कंपनी को दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए कारण बताने का अंतिम मौका दिया है। वहीं निर्देश दिए कि 8 जून 2026 को अगली सुनवाई में प्रमोटर पेश होकर जवाब दाखिल करे।

ऐसा न करने पर डेवलपर के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही होगी, जिसमें भारी जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

### न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर डाईको कंपनी के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर बुधवार को सेक्टर 4 स्थित डाईको एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के श्रमिकों ने गेट पर प्रदर्शन किया। फैक्ट्री के सैकड़ों कर्मी 5 मई से हड़ताल पर हैं। इस कंपनी में हौजरी का सामान, शर्ट टी-शर्ट बनाई जाती हैं। कंपनी प्रबंधकों की टाल मटोल की नीति के विरोध में नाराज श्रमिकों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रबंधकों पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। श्रमिकों ने बताया कि कंपनी के स्टाफ को बढ़ा हुआ वेतन दे दिया गया है। उनके साथ अन्याय हो रहा है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अबजान, पुत्रः मोहम्मद जमील, पताः म.नं 3134, वकील वाली गली, कूचा पंडित, होज काजी, दिल्ली** ने **FIR No. 403/2019, U/s 411 IPC, पुलिस थाना आईपी एस्टेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अबजान** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अबजान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 403/2019, U/s 411 IPC, पुलिस थाना आईपी एस्टेट, दिल्ली** केअभियुक्त **मोहम्मद अबजान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री प्रीति**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—02**
**DP/6285/CD/2026** सेंट्रल, कमरा नं. 150, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली


# एक-एक लाख रुपए के इनामी थे दोनों बदमाश

# एटीएम कैश वैन डकैती के मामले में फरार दो बदमाश मुठभेड़ में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना क्रासिंग रिपब्लिक पर एटीएम कैश वैन डकैती के मामले में फरार चल रहे एक-एक लाख के ईनामी लुटेरों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मार गिराया है। आरोपियों में जुबैर अहमद निवासी सेक्टर 12 प्रताप विहार थाना विजयनगर व समीर निवासी सेक्टर 12 प्रतापविहार थाना विजयनगर हैं। मुठभेड़ । मंगलवार की देर रात में हुई।

पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार गौड़ के बताया कि एनएच-9 पर स्थित एचपी पैट्रोल पंप के सामने से अज्ञात बदमाशो ने फायरिंग कर कैशवैन को कैश सहित लूट लिया



था। विवेचना के दौरान कुल 27 लाख रुपए कैशवैन में लूट के दौरान होना पाया गया है।

उन्होंने बताया कि टीम अपराध शाखा व थाना क्रासिंग रिपब्लिक पुलिस घटना का अनावरण करते हुए अभियुक्त मौहम्मद कैफ, मौहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया था। जिनकी निशानदेही लूटी गयी धनराशि में से 08 लाख 06 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त बलेनो कार व तमंचा व कारतूस एवं एक कुल्हाड़ी बरामद की गई थी। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा घटना में वांछित अन्य अभियुक्तगण पर 01 लाख रुपए का पुरूस्कार भी घोषित किया गया है। स्वाट प्रभारी निरीक्षक अनिल राजपूत को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि घटना में शामिल अन्य अभियुक्तगण आज वेवसिटी थाना क्षेत्र में सिल्वर रंग की स्विफ्ट कार में देखे गये हैं। सूचना पर विश्वास करके कन्ट्रोल रूम के माध्यम से वेवसिटी व आस-पास के थाना क्षेत्रों में स्विफ्ट कार की चैंकिग प्रारम्भ करायी गयी तथा स्वाट टीम व थाना वेवसिटी पुलिस द्वारा डासना रोड़ पर नाले के आस-पास घेराबंदी की गई। समय करीबः 9.45 बजे नायफल रोड़ से एक सिल्वर कलर की स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। टॉर्च व गाडी की रोशनी में चेतावनी देते हुए स्विफ्ट कार को रोकने का इशारा किया गया परन्तु कार सवार बदमाशों द्वारा गाडी को रोकने के बजाय पुलिस टीम पर सीधा फायर करते हुए नाले के किनारे पटरी मार्ग पर गाड़ी बढ़ा दिये।

फायरिंग में स्वाट प्रभारी निरीक्षक अनिल राजपूत व थाना प्रभारी वेव सिटी मानवेन्द्र सिंह के बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी तथा अन्य तीन पुलिसकर्मी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गये । अन्य कोई विकल्प न बचने पर पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में दो बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर गये ।

### गांजा के साथ एक आरोपी को किया काबू

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने 310 ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अनीश उर्फ अमजद निवासी मेवला महाराजपुर फरीदाबाद के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 मई को क्राईम ब्रांच की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर अनीश को 310 ग्राम गांजा सहित नियर रेलवे फाटक मेवला महाराज के पास से गिरफ्तार किया था। जिसके विरुद्ध थाना सेक्टर-31 में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। आरोपी मेवला महाराज में अंडे की रेहडी लगाता है।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

**गुमशुदा की तलाश**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आँशिका पुत्री उदयवीर निवासी वार्ड न. 23, इन्दिरा कालोनी टोहाना, थाना शहर टोहाना, जिला फतेहाबाद, दिनांक. 18/19.02.2026 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

गुमशुदा लड़की का हुलिया निम्नलिखित हैः

- नामः आँशिका
- उम्रः लगभग 17 वर्ष
- कदः लगभग 4 फीट 6 इच
- रंगः साफ
- चेहराः गोल चेहरा, मध्यम शरीर
- पहनावाः भुरे रंग का सुट-सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए थी।

जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लड़की के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करेः

संपर्क करेंः
थाना शहर टोहाना
मोबाइल नं.:
प्रबन्धक अफसर थाना शहर टोहाना
88140-11712, अनुसंधान कर्ता-88140-11712
या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।
आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।

पीआरडीएच-1084/11/4810/2027/45131/88/7 दि. 13.05.26

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री माधव सिंह का निधन

**रांची।** बिहार-झारखंड सरकार में मंत्री रह चुके माधव लाल सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और रांची के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।



सिंह ने निधन पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स हैंडल पर लिखा है-गोमिया से पूर्व विधायक, एकीकृत बिहार सरकार एवं राज्य गठन के बाद झारखंड सरकार में मंत्री रहे माधव लाल सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है।

### पटना में दिनदहाड़े कैश वैन से 27 लाख की लूट

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में अपराधियों ने एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया है।



गोपालपुर थाना क्षेत्र के जोल बीघा के समीप निजी कंपनी की कैश वैन से करीब 27 लाख रुपए लूट लिए गए। बताया जा रहा है कि बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, अपराधी पहले से घात लगाए हुए थे। जैसे ही कैश वैन जोल बीघा इलाके के पास पहुंची, दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने वैन को रोक लिया। इसके बाद हथियार दिखाकर कर्मचारियों को डराया और कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

### बोरे में 4 कटी हुई लाशें मिली

**पटना।** बिहार के कैमूर जिले में एक के बाद एक सिर कटी हुई कई लाशें मिलने से हड़कंप मचा हुआ है।



मंगलवार की देर रात एक बार फिर से सिर कटी हुई लाशें कई टुकड़ों में मिली हैं. जानकारी के मुताबिक, रामगढ़ थाना क्षेत्र के अभैदे गांव के पास बोरे में 4 शव टुकड़ों में कटे हुए मिले हैं। बड़ी बात है कि बोरे में जो शव मिल हैं। उनका सिर कटा हुआ है।

## मौत से परिवार और राजनीतिक क्षेत्र में शोक का माहौल

# प्रतीक यादव के घर पहुंचे सीएम योगी, परिवार को ढांढस बंधाकर दी अंतिम श्रद्धांजलि, आज होगा अंतिम संस्कार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के भाई और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन के कारणों की जांच के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया। केजीएमयू में हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उनके शरीर में खून का थक्का जमा हुआ था।

रिपोर्ट के अनुसार, खून का थक्का शरीर के निचले हिस्से से ऊपर की ओर बढ़ा। इसके कारण उनकी आर्टरी और फेफड़ों में संक्रमण हुआ और अंततः कार्डियक अरेस्ट से उनकी मृत्यु हो गई। हालांकि, पोस्टमार्टम के बाद विसरा रिपोर्ट आने पर और अधिक जानकारी सामने आएगी।

*प्रतीक यादव राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय थे*



प्रतीक यादव के निधन के बाद उनका शव केजीएमयू से उनके आवास पर ले जाया गया। वहां उनके अंतिम दर्शन के लिए शव रखा गया, ताकि परिवारजन और रिश्तेदार उन्हें आखिरी बार देख सकें और श्रद्धांजलि दे सकें। अंतिम संस्कार आज (गुरुवार) को दोपहर साढ़े बारह बजे पिपरा घाट पर होगा। इसके लिए जगह और आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### परिवार और रिश्तेदारों की मौजूदगी

प्रतीक यादव के निधन पर परिवार और राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके अंतिम संस्कार में उनकी पत्नी अपर्णा यादव, सौतेले भाई अखिलेश यादव, भाभी डिंपल यादव, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव और चाचा शिवपाल यादव शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य परिवारजन, दोस्त और राजनीतिक साथी भी अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उपस्थित रहेंगे।

### प्रतीक यादव की राजनीतिक और सामाजिक भूमिका

प्रतीक यादव राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय थे। उनकी मौत से परिवार और राजनीतिक क्षेत्र में शोक का माहौल है। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल होने की संभावना है।

## आम जनता को राहत देने के लिए सरकार ने वर्क फ्रॉम होम को लेकर निर्देश जारी किए

# उत्तरप्रदेश में वर्क फ्रॉम होम को लेकर योगी सरकार ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

-योगी सरकार ने बड़े बदलावों का खाता किया तैयार

-140 करोड़ भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा किया

ईरान युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर गहराते ऊर्जा संकट की आंच अब उत्तर प्रदेश के दरवाज़े तक आ पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी की ईंधन बचाओ की अपील को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बड़े बदलावों का खाका तैयार किया है। सरकार का मुख्य उद्देश्य बिजली और ईंधन की खपत को कम करना है ताकि भविष्य में किसी बड़े संकट से बचा जा सके। बता दें कि उत्तर प्रदेश उन राज्यों में शुमार है, जहां पेट्रोल की सबसे ज्यादा खपत होती है।



### प्राइवेट सेक्टरः अब सप्ताह में 2 दिन वर्क फ्रॉम होम करेंगे

मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र की आईटी कंपनियों, स्टार्टअप्स और बड़े संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए हैं। कंपनियों को सलाह दी गई है कि वे अपने कर्मचारियों को सप्ताह में कम से कम 2 दिन घर से काम करने की सुविधा दें। इससे सड़कों पर गाड़ियों की भीड़ कम होगी, ईंधन की भारी बचत होगी और कर्मचारियों को भीषण गर्मी और लंबी यात्रा से राहत मिलेगी।

### सरकारी दफ्तरों के लिए नए नियम

केवल जनता ही नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र को भी ईंधन बचाने की मुहिम में झोंक दिया गया है। अब सचिवालय और निदेशालयों की कम से कम आधी बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होंगी। सेमिनार और वर्कशॉप जैसे बड़े आयोजनों को भी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट करने का फरमान जारी किया गया है।

### वीआईपी कल्चर पर कैंची, सीएम ने खुद से की शुरुआत

ईंधन बचाने की इस लड़ाई में मुख्यमंत्री ने खुद मिसाल पेश की है। सीएम ने अपने स्वयं के, मंत्रियों और अन्य वीआईपी के आधिकारिक वाहनों के काफिले को 50 प्रतिशत तक छोटा करने का आदेश दिया है। सांसदों और विधायकों से अनुरोध किया गया है कि वे सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

### नो व्हीकल डे और जागरूकता की नई लहर

ऊर्जा संकट से निपटने के लिए सीएम ने जनता से भी सहयोग मांगा है। सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे मनाने का सुझाव दिया गया है। राज्य सरकार कार पूलिंग, साइकिलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास और प्रोत्साहन देगी। दुनिया भर में कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने से भारत में ऊर्जा संकट का खतरा बढ़ गया है। यूपी सरकार के ये सख्त कदम यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि प्रदेश की बिजली और ईंधन व्यवस्था सुचारू बनी रहे और युद्ध का असर आम आदमी की बुनियादी जरूरतों पर न पड़े।

### तकनीक खेत-खलिहान तक पहुंची- सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा- आज तकनीक प्रयोगशाला से निकलकर खेत-खलिहान तक पहुंच गई है। इससे जनजीवन सुगम हुआ है। डीबीटी के माध्यम से पैसे हस्तांतरित हो रहे हैं। आज ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा इसी तकनीक का प्रतिफल है। उत्तर प्रदेश के सपूत शुभांशु शुक्ला ने गत वर्ष सफल अंतरिक्ष उड़ान से 140 करोड़ भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा किया, तो यह तकनीक का ही चमत्कार है। इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

### तकनीक केवल विकास का माध्यम नहीं

सीएम योगी ने कहा- मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों, हर वर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। यह तिथि यूं ही नहीं चुनी गई। वर्ष 1998 में इसी दिन पोखरण में ऑपरेशन शक्ति के अंतर्गत भारत ने तीन सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, तकनीकी आत्मविश्वास और राष्ट्रीय सामर्थ्य का बोध कराया। इसी दिन स्वदेशी विमान 'हंस-3' ने सफल उड़ान भरी, तो स्वदेशी 'त्रिशूल' मिसाइल का परीक्षण भी हुआ। तकनीक केवल विकास का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का सशक्त आधार है। प्रदेश सरकार इसी मंत्र पर आगे बढ़ रही है।

### ऑनलाइन क्लासेस और वर्क फ्रॉम होम, सीएम योगी की अहम बैठक

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में अहम बैठक चल रही है, जिसमें प्रदेश में ऑनलाइन क्लासेस और वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था पर चर्चा हो रही है. प्रधानमंत्री की अपील के बाद सरकार संभावित परिस्थितियों को देखते हुए नई व्यवस्थाओं पर मंथन कर रही है। हाल ही में पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम और डिजिटल शिक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया।

## बिहार में सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

# डीए-2 प्रतिशत बढ़ा करीब 9 लाख लोगों को होगा फायदा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है. उनकी तनख्वाह जल्द बढ़ने वाली है। सरकार ने 2 प्रतिशत डीए बढ़ा दिया है। ये बड़ा फैसला सम्राट कैबिनेट की बैठक में लिया गया। बता दें कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सम्राट कैबिनेट की ये पहली बैठक थी, जिसमें सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा मिला है।

बैठक में 18 एजेंडो पर मुहर लगाई गई, जिनमें डीए बढ़ाने का फैसला भी शामिल है. बिहार में सरकारी कर्मचारियों का डीए 58 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी कर दिया है. सम्राट कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है. सरकार के इस फैसले से करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को सीधा फायदा पहुंचेगा।

### बिहार के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन और पेंशन पा रहे बिहार के सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से अब 58% की जगह पर 60% डीए मिलेगा।

वहीं छठे वेतन आयोग में वेतन, पेंशन पा रहे राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से अब 257 प्रतिशत की जगह पर 262 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

पांचवें वेतन आयोग के तहत सैलरी और पेंशन पा रहे राज्य सरकार के सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से 474 प्रतिशत की जगह पर 483 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

### 1 जनवरी 2026 से प्रभावी डीए

राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) बढ़ा दिया गया है। 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। सरकार ने कहा कि महंगाई भत्ते में वृद्धि का मकसद कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की क्रय शक्ति को बनाए रखना है।

## पेज एक का शेष

### मोदी कैबिनेट के बड़े...

खरीफ की फसलों पर फिर एमएसपी बढ़ाने को भी मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि 2014 से अब तक विभिन्न फसलों पर एमएसपी चौगुनी तक बढ़ाई गई है।

**कोल गैसीफिकेशन से घटेगी आयात पर निर्भरता :** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार का लक्ष्य घरेलू कोयले को सिंथेटिक गैस में बदलकर उसका उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक, पेट्रोकेमिकल और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में करना है। इससे एलएनजी, यूरिया, अमोनिया और मेथनॉल जैसे आयातित उत्पादों पर निर्भरता कम होगी। सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले के गैसीफिकेशन का लक्ष्य रखा है। नई योजना के तहत लगभग 75 मिलियन टन कोयले का गैसीफिकेशन किया जाएगा और इससे करीब 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। सरकार परियोजनाओं में प्लांट और मशीनरी लागत का लगभग 20 प्रतिशत वित्तीय सहयोग देगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के पास लगभग 200 वर्षों के लिए पर्याप्त कोयला भंडार मौजूद है और अब सरकार इस संसाधन का आधुनिक एवं स्वच्छ तरीके से उपयोग करना चाहती है। इस योजना से करीब 50 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना जताई गई है। इस काम में कोल इंडिया जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ निजी कंपनियों को भी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का मौका मिलेगा

**गुजरात में 220 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली रेल :** कैबिनेट ने रेलवे क्षेत्र में भी बड़ा फैसला लेते हुए अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा तक सेमी हाईस्पीड डबल लाइन रेल परियोजना को मंजूरी दी। इस रेल कॉरिडोर पर ट्रेनें 220 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से चल सकेंगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद साबरमती से धोलेरा के बीच यात्रा समय घटकर लगभग 48 मिनट रह जाएगा। यह परियोजना गुजरात के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई गति देगी तथा धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र और आगामी औद्योगिक परियोजनाओं को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। पूरी रेलवे लाइन एलिवेटेड होगी। सरकार का मानना है कि यह परियोजना भारत में भविष्य की हाईस्पीड और सेमी हाईस्पीड रेल नेटवर्क के लिए आधार तैयार करेगी। रेलवे मंत्रालय के अनुसार नई लाइन आधुनिक सिग्नलिंग और उन्नत इलेक्ट्रिफिकेशन प्रणाली से लैस होगी, जिससे उच्च गति संचालन सुरक्षित और प्रभावी तरीके से संभव हो सकेगा।

**किसानों की आय ऐसे बढ़ेगी :** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने किसानों के हित में लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी है। सरकार का उद्देश्य कृषि उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय मजबूत करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देना है।

### पीएम मोदी ने ...

बख्तरबंद मर्सिडीज-मेबैक S650 गाड्र्स, रेंज रोवर्स, टोयोटा फॉर्च्यूनर्स, एस्कॉर्ट गाड़ियां, जैमर यूनिट, डिकॉय कारें और एक एंबुलेंस शामिल होती है। पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा गृहमंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले की गाड़ियों को कम कर दिया है। उनके काफिले में सुबह सिर्फ चार गाड़ियां दिखी थीं।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने...

अपने काफिले में कटौती का ऐलान किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या में कमी की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पीएम ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर पुनः सिद्ध किया है कि वे सही मायने में देश के प्रधानसेवक हैं। जब नेतृत्व स्वयं मिसाल पेश करता है, तो वह जन-आंदोलन बन जाता है।

### गोल्ड की इंपोर्ट ....

व्यवधान लंबे समय तक खिंचता है, तो आम उपभोक्ताओं को ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ सकता है।

### एयर इंडिया घटाएगी ....

चेन्नई -सिंगापुर सहित दो अन्य मार्गों पर अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित करने की योजना बना रही है।

### नीट पेपर लीक मामले...

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। ऐसे में लगातार पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद लाखों छात्रों और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है। अब सीबीआई की कार्रवाई के बाद इस पूरे नेटवर्क के बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### दोस्त का दावाः चोट...

में प्रतीक यादव के फेफड़ों की बीमारी से जूझने की बात भी सामने आई। प्रतीक यादव बीमारी का इलाज भी करा रहे थे। इस मामले में प्रतीक के दोस्त अंकित साहू का बड़ा बयान सामने आया है। इसमें उन्होंने प्रतीक की बॉडी पर चोट के निशान और उसके नीला पड़ने का दावा किया है। अंकित साहू ने दावा किया है कि प्रतीक के बॉडी पर चोट के निशान थे। अंकित के हवाले से मीडिया रिपोट्र्स में दावा किया जा रहा है कि ऐसा लग रहा था कि उनकी बॉडी नीली पड़ गई थी। अंकित साहू के बयान ने हलचल तेज कर दी है। अंकित का कहना है कि अगर प्रतीक यादव के फेफड़ों में दिक्कत होती तो वे वजन नहीं उठा पाते। उन्होंने दावा किया कि प्रतीक जिम में 80 किलो एक 100 किलोग्राम तक वजन उठाते थे। उन्होंने प्रतीक की मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### दिल और फेफड़ों ....

रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, फेफड़ों की नसों में खून का थक्का जमने की वजह से दिल और सांस लेने की प्रक्रिया अचानक बंद हो गई, जिससे मौत हुई। डॉक्टरों ने आगे की जांच के लिए दिल और फेफड़ों से जुड़े कुछ नमूनों को सुरक्षित रखा है। इसके अलावा, शरीर के कुछ अंगों (विसरा) को भी रासायनिक जांच के लिए संरक्षित कर पुलिस को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीर पर मिली सभी चोटें मौत से पहले की थीं।

### किशाऊ बांध परियोजना...

इस विषय पर केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने अपने विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द इस विषय पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। फरीदाबाद और पलवल के लिए अपर गंगा कैनाल से पानी लेने पर हुई चर्चाबैठक में नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद और पलवल के लिए उत्तर प्रदेश से अपर गंगा कैनाल से पानी लेने को लेकर चर्चा की। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल के हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द इस योजना को आगे बढ़ाने का अनुरोध भी किया। बैठक में मुणक कैनाल से गुरुग्राम और नूंह जिला तक पानी की सप्लाई पहुंचाने से जुड़ी 2000 करोड़ की परियोजना की भी केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से चर्चा की। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री ने इस परियोजना को लेकर जो भी संभव सहायता होगी, उसे देने का आश्वासन दिया। बैठक में आरआरटीएस परियोजना को लेकर राजस्थान से जुड़े विषय पर चर्चा भी हुई। नजफगढ़ में जलभराव को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### दिल्ली-एनसीआर का...

| रीजन | सफल छात्र | |
|---|---|---|
| 95.62% | | |
| दिल्ली वेस्ट | | 92.34% |
| दिल्ली ईस्ट | | 91.73% |
| गुरुग्राम (एनसीआर) | 88.45% | |
| प्रयागराज | | 72.43% |

## जिलेभर में सैकड़ों पेड़ गिरे, खंभे टूटे

# आंधी का कहरः बदायूं में दो बच्चियों समेत पांच की मौत

एजेंसी ▶▶ बदायूं

बदायूं जिले में कहर बनकर आई आंधी से बिसौली क्षेत्र में पांच लोगों की मौत हो गई। बुधवार को करीब घंटेभर चली तेज आंधी और बारिश के दौरान हुई घटनाओं में दो बच्चियों समेत चार लोगों की जान चली गई। जबकि, मंगलवार की आंधी के दौरान पेड़ गिरने से घायल हुए युवक ने भी दम तोड़ दिया।

बुधवार की सुबह करीब 11 बजे काले बादल छा गए और तेज हवा चलीं। इससे बिसौली तहसील क्षेत्र में एक हजार से अधिक छोटे-बड़े पेड़ टूट गए। बिजली के खंभे और लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर कैथोली की मढ़ैया निवासी कल्लो देवी (40 वर्षीय) अपनी 18 साल की बेटी नेहा के साथ गांव से बाहर बटिया से उपले लेने गई थीं। उनके साथ गांव के ही शेर सिंह की नौ वर्षीय बेटी रजनी और सुनील की 10 वर्षीय बेटी मौसमी भी थी। अचानक चली तेज हवा और बादलों की गरज से डरकर वे सब एक छप्पर में छिप गए। यह छप्पर जिस दीवार पर रखा था। वह दीवार तेज आंधी में ढह गई। सभी इसके नीचे दब गई।

कल्लो देवी और नेहा का आधा हिस्सा दबा था, इसलिए ये दोनों आसानी ने निकल आईं। रजनी और मौसमी पूरी तरह से दब गई। नेहा ने गांव से लोगों को बुलाया और ग्रामीणों के प्रयास से बाहर निकाला गया।

मौके पर ही रजनी ने दम तोड़ दिया था। जबकि, मौसमी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने कुछ देर बाद ही दम तोड़ दिया।

## लखनऊ जोन का परिणाम 82.1 प्रतिशत रहा

# सीबीएसई 12वीं का परिणाम जारी राजधानी में बेटियों का दबदबा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) ने 12वीं का परिणाम आज बुधवार को जारी कर दिया है। विद्यार्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों cbseresults.nic.in, cbse.gov.in पर रोल नंबर, स्कूल नंबर और एडमिट कार्ड आईडी का उपयोग करके देख सकते हैं। लखनऊ जोन का इस बार 82.1 प्रतिशत परिणाम रहा है। लखनऊ से आरलबी स्कूल की छात्र अदिति मिश्रा को 99.2 प्रतिशत अंक मिले हैं। अदिति ने इस साल नीट की परीक्षा दी है। पेपर लीक होने से उन्हें निराशा है। आदिति ने बताया कि वह आगे और मेहनत करेंगी। उनका सपना डॉक्टर बनना है।

अलीगंज निवासी अदिति ने बताया कि उनके पिता विवेक मिश्रा



और मां कुमकुम मिश्रा का सपना है कि मैं डक्टर बनूं। वहीं एश्वर्या पांडेय को 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। एश्वर्या का सपना आईएएस बनना है। एश्वर्या ने बताया कि आरएलबी विकास नगर शाखा की छात्रा हैं। जानकीपुरम में वह रहती हैं। उनके पिता अभयशंकर पांडेय चोला मंडलम बैंक में कार्यरत हैं। मां अंजू पांडेय गृहिणी हैं।

सीबीएसई के अनुसार 12वीं में पास होने के लिए हर विषय में कम से कम 33% अंक जरूरी होते हैं। ग्रेडिंग सिस्टम में ए से डी तक पास माना जाता है, जबकि ई ग्रेड का मतलब फेल होता है।

## वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित होंगी धरोहरें

# अब अयोध्या में नहीं मिटेगा इतिहास दुर्लभ पांडुलिपियों की होगी खास सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यूपी के अयोध्या में स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में अब प्राचीन पांडुलिपियों और पुरावशेषों के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के बीच हुए समझौते के तहत संग्रहालय परिसर में संरक्षण लैब की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य है देश की सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखकर आने वाली पीढ़ियों तक



कालजयी स्वरूप में पहुंचाना है। सदियों पुरानी पांडुलिपिया ऐतिहासिक पुरावशेष और अब उनके संरक्षण की आधुनिक पहल अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में अब उपलब्ध रहेगा। अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि इसका एक ही उद्देश्य है कि हम अपने पुरावशेषों और धरोहरों का उचित संरक्षण करें और आने वाली संतति को उसे कालजयी रूप में सौंप सकें। अब संग्रहालय में मौजूद पांडुलिपियों और अन्य पुरावशेषों को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित किया जाएगा। संग्रहालय में स्थापित की जा रही इस नई लैब में हर वस्तु की स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। जो वस्तुएं सुरक्षित अवस्था में होंगी उन्हें साफ-सफाई के बाद प्रदर्शनी में रखा जाएगा।

### दुर्लभ धरोहरों से भी रूबरू कराएगी

इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स, संस्कृति मंत्रालय की सदस्य वसुधा पाण्डेय ने बताया कि हमारी कोशिश रहेगी कि हर ऑब्जेक्ट को उसके मूल स्वरूप में सुरक्षित रखा जाए। जिन वस्तुओं को संरक्षण की आवश्यकता होगी। उन्हें वैज्ञानिक तरीकों और आधुनिक उपकरणों की मदद से संरक्षित किया जाएगा ताकि वे लंबे समय तक सुरक्षित रह सकें और प्रदर्शन के योग्य बन सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में मददगार साबित होगी। बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भारतीय इतिहास और राम कथा से जुड़ी दुर्लभ धरोहरों से भी रूबरू कराएगी।

कई हेल्थ डाटा के अनुसार दुनिया में 30 से 80 वर्ष की आयु वाले 1.4 बिलियन से अधिक लोग हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। यह गंभीर चिंताजनक इसलिए भी है कि इससे कई दूसरी प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हाई बीपी को लेकर आप पूरी तरह अवेयर रहें। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

## कई प्रॉब्लम्स की वजह बन सकता है हाई बीपी



**मेडिकल सजेशन**



**डॉ. विपुल गुप्ता**
सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

आज के दौर में हाइपरटेंशन यानी हाई बीपी को कॉमन डिजीज माना जाता है। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना ठीक नहीं है क्योंकि इसकी वजह से शरीर में कई अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**क्या होता है हाइपरटेंशन:** एक हेल्दी एडल्ट व्यक्ति का अपर या सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 120 एमएम एचजी और लोअर या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचजी होता है। अगर लोअर रीडिंग 85 से अधिक और अपर रीडिंग 120 से अधिक हो तो उसे हाई बीपी कहते हैं। अगर यह रीडिंग 140/100 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे हाइपरटेंशन ग्रेड वन कहते हैं। अगर यह रीडिंग 170/110 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे ग्रेड टू हाइपरटेंशन कहते हैं।

**माना जाता है साइलेंट किलर:** अगर कोई व्यक्ति हाइपरटेंशन से ग्रस्त है तो रेग्युलर मॉनिटरिंग और डॉक्टर के कंसल्टेशन से दवा लेकर इसे कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा न करने पर इसका बुरा असर कई अंगों पर पड़ सकता है। हार्ट, किडनी और आइज पर बुरा असर पड़ सकता है। पेशेंट को पैरालाइसिस होने का रिस्क रहता है, उसकी आंखों की रोशनी जा सकती है और उसको हार्ट अटैक भी हो सकता है। इसीलिए हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहते हैं।

**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** हाइपरटेंशन होने का रिस्क उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका बॉडी वेट अधिक होता है, जिनकी हाई बीपी की फैमिली हिस्ट्री है, जो स्मोकिंग करते हैं, जिनको डायबिटीज है या जिनकी लाइफस्टाइल अनहेल्दी है।

**प्रमुख लक्षण:** आपको उन लक्षणों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए, जो हाइपरटेंशन की वजह से हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं- सिरदर्द, थकावट, घबराहट, बेचैनी, सुस्ती, वॉमिटिंग, आंखों से धुंधला दिखना। अगर बीपी बहुत ज्यादा हो तो नाक से ब्लीडिंग भी हो सकती है। चेस्ट में दर्द, सांस लेने में परेशानी महसूस हो सकती है।

**ऐसे करें बीपी कंट्रोल:** इसे कंट्रोल करने के लिए पेशेंट को रेग्युलर अपना बीपी, शुगर लेवल और कॉलेस्ट्रॉल चेक करवाते रहना चाहिए। अपनी लाइफस्टाइल हेल्दी रखनी चाहिए। हेल्दी डाइट लें, कॉमन आयोडाइज्ड सॉल्ट का सेवन डेली 5 ग्राम से अधिक नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सेंधा नमक का सेवन करते हैं, लेकिन उसे भी कम लेना चाहिए क्योंकि उसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है। ग्रीन वेजिटेबल्स और प्रोटीन का सेवन करें, इससे वेट कंट्रोल रहेगा। मोनोअनसैचुरेटेड फैट जैसे ऑलिव ऑयल, कैनोला ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का सेवन करना चाहिए।

**ट्रीटमेंट में न बरतें लापरवाही:** अगर लाइफस्टाइल और डाइट सुधारने के बाद भी बीपी नॉर्मल नहीं हो पा रहा है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। उनकी बताई दवा रेग्युलर लेनी चाहिए। ट्रीटमेंट में लापरवाही से दूसरे अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर कोई व्यक्ति डायबिटिक है और उसे हाई बीपी भी है तो उसे और भी अवेयर रहना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** हाइपरटेंशन से बचने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। फास्ट फूड और जंक फूड अवॉयड करें। अपना बॉडी वेट कंट्रोल रखें। बहुत मीठा और बहुत नमक वाली चीजें न खाएं। स्मोकिंग और एल्कोहल का सेवन न करें। रेग्युलर वर्कआउट करना, रोज अच्छी नींद लेना भी बीपी कंट्रोल करने में सहायक है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

स्पेशल: वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

बीते कुछ वर्षों में वयस्क और बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने लगे हैं। यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि इससे बच्चों की फ्यूचर लाइफ प्रभावित हो सकती है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि बच्चों में हाइपरटेंशन क्यों होता है, इसके क्या लक्षण हैं, इसका क्या उपचार है और इससे बच्चों को कैसे बचाया जा सकता है?

## सीरियस हेल्थ इश्यू चाइल्डहुड हाइपरटेंशन





**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. मनीषा चक्रवर्ती**
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी
मैरिंगो हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

पहले ऐसा माना जाता था कि हाइपरटेंशन बड़े और बुजुर्गों की बीमारी है, लेकिन आज के समय बच्चों में भी हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के हिसाब से जिस उम्र में बच्चों का समुचित विकास होना चाहिए, उस उम्र में उन्हें हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी घेर रही है। विडंबना है कि ज्यादातर पैरेंट्स इसके लक्षणों को आए दिन होने वाली दूसरी बीमारी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं और बीपी चेक कराने में लापरवाही करते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसी वजह से 9 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों में ब्लड प्रेशर हाई होने का पता नहीं चल पाता, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर 100 में से 7-8 बच्चे हाइपरटेंशन से जूझ रहे हैं। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंस हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के मामले लगभग दो गुने हो चुके हैं। वर्ष 2000 में जहां बच्चों में हाई बीपी का आंकड़ा करीब 2-3 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2020 तक यह बढ़कर 6 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया है। बच्चों को हाइपरटेंशन की समस्या किसी भी उम्र में (जन्मजात विकार होने पर नवजात शिशु में भी) हो सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा 10-15 साल के बच्चे इसके शिकार होते हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार बचपन में हाइपरटेंशन होने से व्यक्ति के जीवन के अगले पांच दशकों में दिल की बीमारी से होने वाली मौत का जोखिम 40-50 प्रतिशत बढ़ सकता है।

**क्या होता है ब्लड प्रेशर:** असल में ब्लड प्रेशर का संबंध हमारे हार्ट से है। हार्ट हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और ब्लड का सर्कुलेशन पूरे शरीर में करता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय ब्लड आर्टरीज या ब्लड वेसल्स में पड़ने वाले प्रेशर को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है, तब प्रेशर ज्यादा होता है, जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। दूसरी हार्टबीट से पहले हार्ट रिलेक्स मोड में ब्लड अपने अंदर ले रहा होता है। तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। शरीर की संरचना और आयु के हिसाब से ब्लड प्रेशर में अंतर होता है। ब्लड प्रेशर बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्पिगनोमेनोमीटर इंस्ट्रूमेंट से मापा जाता है। इंस्ट्रूमेंट में आई ऊपर वाली रीडिंग सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और नीचे वाली रीडिंग डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहलाती है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों में हाइपरटेंशन मापने का अलग पैमाना सेट किया है। बच्चे की उम्र, लिंग और लंबाई के अनुसार अलग बीपी चार्ट बनाया गया है, जिसके आधार पर बच्चे का ब्लड प्रेशर की रेंज दी गई है। जैसे- नवजात शिशु में 60/40 मिमी. एचजी, एक साल में 80/60 मिमी. एचजी और उससे ऊपर नॉर्मल बच्चे में 90/60 मिमी. एचजी और 14-15 साल के बाद वयस्कों की नॉर्मल रेंज आ जाती है यानी 120/80 मिमी. एचजी। इनसे ज्यादा रेंज होने पर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की स्थिति मानी जाती है।

**ब्लड प्रेशर चेक कराना जरूरी:** अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार आमतौर पर सभी बच्चे 3 साल की उम्र तक रेग्युलर चेकअप के लिए पिडियाट्रीशियन डॉक्टर के पास जाते हैं। अन्य चेकअप्स के साथ उनका बीपी मापना कंपल्सरी है। अगर बीपी ज्यादा आता है, तो समय-समय पर यानी दो-तीन महीने में चेक कराना जरूरी है, क्योंकि जरूरी नहीं कि हाई ब्लड प्रेशर के सिंप्टम्स भी दिखें। अकसर यह साइलेंट किलर की तरह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और बच्चे की हालत बिगड़ने के बाद ही पता चल पाता है।

**हाई बीपी के लक्षण:** बच्चे को सिरदर्द होना या चक्कर आना, देखने में दिक्कत हो रही है, पैरों में दर्द, लेग-क्रैम्प्स होना, चलने या खेलने पर जल्दी थकान होना, पेट में दर्द होना, यूरिन करने में परेशानी होना, घबराहट होना, चिड़चिड़ापन होना, नींद न आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**क्या होते हैं कारण:** बच्चों में हाई बीपी के कई कारण हो सकते हैं जैसे-जेनेटिक या फैमिली हिस्ट्री होना। जन्मजात हार्ट की बनावट में खराबी होना जैसे- एओर्टा आर्टरीज (महाधमनी) में संकुचन होना। हार्ट मसल्स का कमजोर होना। हार्ट आर्टरीज पर प्रेशर पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक होना। किडनी की आर्टरीज का ठीक से न बना होना या संकुचित होना। बुखार की वजह से शरीर की ब्लड वेसल्स में सूजन आना। गलत खान-पान जैसे- सोडियम रिच फास्ट या जंक फूड्स या फैटी फूड का अधिक सेवन, नमक का सेवन अधिक करना। अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली। फिजिकल एक्टिविटीज या रेग्युलर एक्सरसाइज की कमी। पढ़ाई और करियर को लेकर तनाव होना।



**क्या होता है असर:** बच्चे में अगर लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहता है, तो उसके कारण हार्ट में हाइपरट्रॉफी की समस्या हो जाती है। इसमें हार्ट मसल्स की थिकनेस बढ़ जाती हैं, जिससे हार्ट की पंपिंग पर असर पड़ता है या डायस्टोलिक फंक्शन धीरे-धीरे कम हो जाता है। ब्रेन, हार्ट, आइज, किडनी को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। बढ़ा हुआ बीपी धीरे-धीरे हार्ट की धमनियों पर दबाव डालता है, जिससे हार्ट डिजीज होने या हार्ट अटैक होने की आशंका रहती है। आर्टरीज फट सकती हैं और उनमें क्लॉटिंग होने से ब्रेन हैमरेज या ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या है उपचार:** अगर ब्लड प्रेशर बार-बार हाई आ रहा हो या उसकी हार्ट की पंपिंग कम हो रही हो तो बच्चे को ज्यादा एक्टिविटीज करने से मना किया जाता है और उसे आईवी यानी नस के माध्यम से मेडिसिन दी जाती हैं। बच्चे के नॉर्मल होने पर ओरल लिक्विड मेडिसिन पानी में मिलाकर दी जाती है। साथ ही डॉक्टर मरीज को यथासंभव लाइफस्टाइल मॉडीफिकेशन करने की भी सलाह देते हैं जैसे- बीपी रेग्युलर चेक कराने, प्रोसेस्ड जंक फूड या ऑयली फूड से परहेज, कम नमक वाला खाना खाने, रेग्युलर कार्डियक एक्सरसाइज करना।

मेडिसिन आमतौर पर लंबे समय तक चलती हैं लेकिन कई मामलों में बच्चे का ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो जाता है या फिर हार्ट की बनावट में सुधार होने या किडनी की बीमारी ठीक होने के बाद बीपी कंट्रोल में आ जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे की मेडिसिन डॉक्टर के सुपरविजन में धीरे-धीरे बंद कर दी जाती हैं। पैरेंट्स को रेग्युलर डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। मेडिसिन लेने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### बच्चों को हाइपरटेंशन से बचाने के उपाय



**रेग्युलर हेल्थ** चेकअप और लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन से बच्चों को हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने से बचाया जा सकता है। फैमिली हिस्ट्री होने या प्रेगनेंसी के दौरान सामान्य अल्ट्रासाउंड में बच्चे के हार्ट की बनावट या मसल्स में थिकनेस होने की आशंका हो तो प्रेगनेंसी के 18-24 सप्ताह के बीच फीटल इकोकार्डियोग्राफी अल्ट्रासाउंड टेस्ट कराएं, ताकि पता चलने पर पैरेंट्स पहले ही केयरफुल हो सकें। अस्पताल से डिस्चार्ज होने से पहले पीडियाट्रिशियन डॉक्टर द्वारा नवजात शिशु के हार्ट या किडनी की बनावट और ब्लड प्रेशर की जांच जरूर की जानी चाहिए। सभी बच्चों का 3 साल से कम उम्र में ब्लड प्रेशर जरूर चेक कराएं। बच्चे का रुटीन चेकअप कराने या इम्यूनाइजेशन के लिए जाएं, तो उसका ब्लड प्रेशर जरूर चेक करवाएं। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। यथासंभव बच्चों को फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, वसायुक्त आहार से दूर रखें। सीमित मात्रा में नमक का सेवन की आदत डालें। खासकर टेबल सॉल्ट यानी ऊपर से नमक मिलाना अवॉयड करें। बच्चों को ज्यादा नमक वाली चीजें जैसे- पैकेज्ड फूड, आचार, पापड़, चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, सॉस कम दें। टीवी और मोबाइल स्क्रीन का समय सीमित करने, सेडेंटरी लाइफस्टाइल से दूर रहने और रोजाना क्षमतानुसार फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम खेलने या एक्सरसाइज करने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। माता-पिता अगर हाई बीपी की समस्या से पहले से पीड़ित हैं, तो गर्भावस्था में बच्चे को इसका शिकार होने से बचाने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**हर्बल जोन**

**रेखा देशराज**

## गर्मी में अमृत जैसा है पुदीना



इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी खूब पड़ रही है। तेज धूप, लू के थपेड़े, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी, ये सब ऐसी स्थितियां हैं जो कई शारीरिक समस्याएं पैदा कर देती हैं। इनमें पुदीना का सेवन कारगर है। यूं तो पुदीना कोई भी मौसम हो, यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, लेकिन गर्मियों में तो मानो यह अमृत जैसा वरदान है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में शरीर की गर्मी को शांत करने के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए पुदीने का इन दिनों तरह-तरह से उपयोग किया जा सकता है।

**जब तापमान बढ़ जाए:** गर्मी में कई बार शरीर का भी तापमान बढ़ जाता है। इस स्थिति को अगर काबू न किया जाए तो सिर्फ तबीयत खराब हो सकती है। जब किसी के शरीर में गर्मी बढ़ जाती है, तो उसे ठंडा करने के लिए पुदीने का कई तरह से उपयोग किया जाता है। पुदीने की शिकंजी पी सकते हैं। पुदीने के रस से शरीर की मालिश की जा सकती है। कच्चे आम के पने में ढेर सारी पुदीने की पत्तियां पीसकर मिला सकते हैं, जो शरीर के गर्म तासीर को ठंडा करती हैं। पुदीने को पीसकर या इसकी चटनी बनाकर शर्बत के साथ पेट भरकर पीने से राहत मिलती है। दिन में छह-सात पुदीने की शिकंजी पी लेने से गर्मी दूर हो जाती है।

**डिहाइड्रेशन से बचाव:** गर्मियों में पसीना बहुत आता है, पसीना आने से शरीर में पानी कम हो जाता है। इससे डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। ऐसी स्थिति में भी पुदीने का शर्बत, पुदीने की शिकंजी रामबाण की तरह कारगर साबित होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि शरीर के इलेक्ट्रोलाइट संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है।

**पेट दर्द से राहत:** गर्मी में अकसर भूख कम लगती है और रह-रहकर पेट दर्द होता है। वास्तव में यह कमजोर पाचनतंत्र का नतीजा होता है। ऐसे में पुदीने के अर्क को बतासे के साथ या शिकंजी के साथ लेने से पेट का दर्द खत्म हो जाता है। पाचनतंत्र मजबूत होता है, जिससे भूख लगने लगती है। पुदीना पाचन को बेहतर तो बनाता ही है, यह शरीर को गैस और एसिडिटी से भी राहत देता है।


**त्वचा का रखवाला:** गर्मी में जहां पुदीना पेट और पाचन संबंधी कई समस्याओं से राहत देता है, वहीं गर्मी में शरीर की सूखी, मुरझायी और झुलस गई त्वचा के लिए भी यह बहुत काम की हर्ब है। चूंकि पुदीना त्वचा को ठंडक देता है, जिस कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। यह त्वचा को साफ और स्वस्थ रखने में बहुत मददगार है। *

**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बार-बार हो गले में इंफेक्शन



**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-रोहित, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका गला बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव है और थोड़ा-सा भी ठंडा-गर्म होने पर समस्या शुरू हो जाती है। इसलिए बगैर फिजिकली देखे तो कुछ भी ट्रीटमेंट बताना ठीक नहीं होगा। एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वो फिजिकल गले की जांच करेंगे, अगर जरूरत पड़ी तो कुछ टेस्ट भी कराएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप फ्रिज में रखी या बाजार में मिलने वाले ठंडे आइटम बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में हेयरलाइन फ्रेक्चर हुआ था। बैंडेज उतरने के बाद फिजियोथेरेपिस्ट से एक्सरसाइज भी किया था। अब भी फ्रेक्चर वाली जगह पर दर्द होता है और चलने-फिरने में भी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्रपाल, हिसार**

आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वो दोबारा से उसी जगह का एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी ठीक से जुड़ी है या नहीं। दर्द का क्या कारण है। बगैर एक्स-रे कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक चलना-फिरना बिल्कुल ना करें, ना ही वजन उठाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इसका कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जीवन, महासमुंद**

आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी आती है। अगर आपका एचबी नॉर्मल है तो डॉक्टर फिजिकली चेकअप कर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए बाजार से कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। देर तक बैठने के बाद मेरे घुटनों में जकड़न महसूस होने लगती है और चलने-फिरने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-रमेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपके जॉइंट्स में गैप बढ़ रहा है, यह उम्र के साथ बढ़ता है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। इसका स्थाई समाधान एक्सरसाइज से होगा। इसके अलावा मौजूदा समय में विटामिन-डी की कमी भी लोगों में एक बड़ी वजह बन रही है। इसलिए आपको विटामिन-डी की दवा भी लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज या बोली या सुनी हुई बात तुरंत ही भूल जाता हूं। प्लीज बताएं ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-कमलेंद्र, रायगढ़**

कुछ लोगों में उम्र बढ़ने के साथ मेमोरी लॉस की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप ऐसे गेम खेलें, जिसमें दिमाग की एक्सरसाइज अधिक हो। इसका तरीका यही है, इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे पसीना बहुत आता है, अकसर बीपी लो हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-सुशांत, रायपुर**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, इसलिए बीपी लो की समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए आप अधिक से अधिक पानी पिएं और कोशिश करें कि तेज धूप में ना निकलें और निकलना ही है तो साथ में पानी की बोतल रखें और हर घंटे के अंतराल में पीते रहें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।



**खबर संक्षेप**

### पीएचई विभाग के संविलयन का विरोध

**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के तत्वावधान में मंगलवार को संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री सचिवालय में अपर मुख्यसचिव नीरज मंडलोई से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित ज्ञापन सौंपकर प्रदेश की ग्रामीण पेयजल व्यवस्था पीएचई विभाग को बंद कर पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग को सौंपकर संविलयन किए जाने का विरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में शील प्रताप सिंह पुंढीर, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री डॉ. देवीसिंह सनोडिया, कृष्णकांत मिश्रा, प्रणव खरे आदि उपस्थित रहे।

### गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स' का तीसरा अध्याय होगा और भी बड़ा

**इंदौर।** समाज को बदलने वाले लोग हमेशा मंचों की रोशनी में ही नहीं मिलते। कई चेहरे ऐसे होते हैं, जो भीड़ का हिस्सा बनकर नहीं, बल्कि किसी की जिंदगी बदलकर अपनी पहचान बनाते हैं। ऐसे ही अनसुने और अनदेखे नायकों को पहचान देने वाली पहल 'गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स' अब अपने तीसरे संस्करण के साथ एक बार फिर समाज में सकारात्मक बदलाव की नई गूंज के साथ लौट रही है। सतत विकास के लक्ष्यों को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में कार्यरत संस्था '2030 का भारत' द्वारा शुरू की गई इस पहल के पहले संस्करण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भोजन की बर्बादी को रोकने तथा जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले 8 लोगों को सम्मानित किया गया था। इसके बाद दूसरे संस्करण में 15 को सम्मानित किया गया। तीसरे संस्करण में 21 ऐसे लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने उपरोक्त तीनों क्षेत्रों में से किसी एक में असाधारण कार्य किए हैं। सबसे खास बात यह है कि अब तक 7 राज्यों तक सीमित रही यह पहल अब सम्पूर्ण भारत में अपने कदम बढ़ा रही है। यानि अब देश के किसी भी कोने में बैठा वह इंसान, जो शांत भाव से समाज में रंग भर रहा है, उसकी कहानी भी पूरे देश तक पहुंच सकेगी।

फायरब्रिगेड और प्रशासन पहुंचा मौके पर मची अफरा-तफरी

# गैस सिलेंडर फटने से मासूम बच्ची समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के कुम्हारी इलाके में मंगलवार को गैस सिलेंडर ब्लास्ट से बड़ा हादसा हो गया। एक घर में अचानक सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद घर में भीषण आग लग गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि पूरा मकान उसकी चपेट में आ गया और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक बच्ची समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद लोग जान बचाने के लिए घरों से बाहर भागते नजर आए। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

## घटना का सीसीटीवी वीडियो भी आया सामने



घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि घर से पहले धुआं उठता दिखाई देता है। इसके कुछ ही देर बाद अचानक तेज धमाका होता है और घर में भीषण आग लग जाती है। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोग घबरा गए और अपने घरों से बाहर निकलकर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने शुरुआत में आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सिलेंडर ब्लास्ट और बढ़ती आग को देखकर लोग अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागने लगे। हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। इस भीषण हादसे में एक बच्ची सहित चार लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## मंत्री, सांसद सहित आला अधिकारी भी पहुंचे मौके पर

घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री गजेंद्र यादव और सांसद विजय बघेल मौके पर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हादसे पर दुख जताया। हादसे के बाद भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री की ओर से मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की। वहीं जिला प्रशासन की ओर से भी 4-4 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया गया है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि गैस रिसाव के कारण सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, हालांकि जांच के बाद ही हादसे की असली वजह साफ हो पाएगी। इस घटना के बाद कुम्हारी इलाके में लोग डरे हुए हैं। आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि धमाका इतना तेज था कि कई घरों तक उसकी आवाज पहुंची। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल बना हुआ है।

नोट गिनने की मशीन, मोबाइल बरामद

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के सबसे बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के सबसे बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक करोड़ रुपये से अधिक की नगदी रकम, नोट गिनने की मशीन और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से आरोपियों का ब्लैक मनी नेटवर्क भी ध्वस्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने बताया कि यह ऑनलाइन सट्टेबाजी केवल जुए तक सीमित नहीं थी। इसके जरिए करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन, ब्लैक मनी का संचालन और हवाला नेटवर्क सक्रिय था। पुलिस ने सट्टे से अर्जित अवैध धन को वैध बनाने के प्रमाण भी जुटाए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में करन चौधरी, पुष्कर अग्रवाल और सुनील अग्रवाल शामिल हैं। पुलिस ने कुल 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपये नकद शामिल हैं। 26 अप्रैल को साइबर सेल और थाना टीमों ने पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

17 को मंत्रियों के साथ वन-टू-वन, 21 से विभागवार समीक्षा बैठकें भी करेंगे

# मुख्यमंत्री आज 20 विभागों के 45 अहम मुद्दों पर करेंगे समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 मई गुरूवार को मंत्रालय में राज्य सरकार के 45 महत्वपूर्ण मुद्दों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। यह 45 मुद्दे 20 विभागों से जुड़े हैं। यह बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। जो मंत्री मंत्रालय में मौजूद नहीं रहेंगे वे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर शामिल होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, गृह, ग्रामीण और शहरी विकास, पेयजल, धार्मिक पर्यटन, औद्योगिक विकास समेत प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री जिन प्रमुख मुद्दों की समीक्षा करेंगे, उनमें ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि की मुफ्त रजिस्ट्री अभियान, ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था, नर्मदा समग्र मिशन, राम वन पथगमन और कृष्ण पाथेय परियोजना, महाकाल मंदिर की तर्ज पर अन्य मंदिरों में होमगार्ड व्यवस्था, प्रदेश में नए एयरपोर्ट विस्तार, अग्निवीरों को आरक्षण और मंत्रालय में बायोमीट्रिक उपस्थिति जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा पीएम मित्र पार्क और औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास आईटीआई संस्थानों को रोजगार से जोड़ने पर भी चर्चा की जाएगी। सरकार का फोकस योजनाओं की प्रगति और जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति जानने पर रहेगा।

## नई एवं पुरानी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी



फाइल फोटो

### विभागों को प्रस्तुति के लिए पर्याप्त समय मिलेगा

डॉ. यादव 17 मई को मंत्रियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। इसके बाद 21 मई से विभागवार समीक्षा बैठकें भी करेंगे। इन बैठकों में संबंधित मंत्री, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक के दौरान महत्वपूर्ण मुद्दों व विभागों को अपनी प्रस्तुति के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, ताकि योजनाओं की स्थिति और नई प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा हो सके। इन बैठकों में विभागों की नई योजनाओं, पुरानी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी। सरकार का उद्देश्य विभागों की कार्यक्षमता बढ़ाने और लंबित मामलों में तेजी लाना बताया जा रहा है।

### कैबिनेट विस्तार और बदलाव की अटकलें भी तेज

उधर, मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठकों के साथ मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार कुछ मंत्रियों के कामकाज और उनके क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर रही है। राजनीतिक स्तर पर यह भी चर्चा है कि आने वाले समय में मंत्रिमंडल में नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। जबकि विवाद में रहने वाले मंत्रियों को हटाया जा सकता है। हालांकि सरकार या संगठन की ओर से अभी तक किसी संभावित फेरबदल को लेकर आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक हलकों में इसे लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। बताते हैं कि अधीकृत तौर पर एक मंत्री ने पहले ही लिखित रूप से दिया है कि वे मंत्री पद पर बने नहीं रहना चाहते। इसी तरह के कयास एक और मंत्री को लेकर भी है। सरकार में अभी 4 मंत्रियों के लिए जगह है। किंतु कुछ मंत्रियों से उनके परफारमेंस के आधार पर इस्तीफा लेने व कुछ नए विधायकों को मंत्री बनाने की तैयारी पर काम चल रहा है।

# विकास और जनविश्वास की ऐतिहासिक जीत : नायब सैनी



हरियाणा में सम्पन्न हुए नगर निकाय चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की नीति पर एक बार फिर अपना अटूट विश्वास जताया है। यह जनादेश केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता के भरोसे, संतोष और अपेक्षाओं का सशक्त प्रतिबिंब है। इस व्यापक जनसमर्थन के लिए प्रदेश की जागरूक और सजग जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया जाता है, जिन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विकास की दिशा को समर्थन दिया। 10 मई को हुए मतदान के बाद 13 मई की सुबह से शुरू हुई मतगणना में जैसे-जैसे परिणाम सामने आए, यह स्पष्ट होता गया कि प्रदेश की जनता ने स्थिरता, सुशासन और विकास की निरंतरता को प्राथमिकता दी है। सोनीपत, अंबाला और पंचकूला में उल्लेखनीय सफलता तथा अन्य नगर निकायों में व्यापक समर्थन इस बात का संकेत है कि जनता ने सकारात्मक और सरकार की परिणाम आधारित कार्यशैली को स्वीकार किया है। यह परिणाम केवल आंकड़ों की जीत नहीं, बल्कि उस विश्वास की अभिव्यक्ति है जो जनता ने वर्तमान शासन व्यवस्था के प्रति व्यक्त किया है विशेष रूप से रोहतक जिले के सांपला क्षेत्र में प्राप्त सफलता ने प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। लंबे समय से एक विशेष राजनीतिक प्रभाव वाले क्षेत्र में इस प्रकार का जनादेश यह दर्शाता है कि मतदाता अब परंपरागत सीमाओं से आगे बढ़ चुके हैं और वे विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दे रहे हैं। सांपला नगरपालिका अध्यक्ष पद पर प्रवीण कोच की जीत और वार्ड स्तर पर विविध परिणाम इस बात का संकेत हैं कि लोकतंत्र में जनता की भूमिका निर्णायक होती है और वही अंततः परिवर्तन की दिशा तय करती है। इसी के साथ ही पंचकूला में श्यामलाल बंसल की जीत भी सरकार के प्रति जनता का विश्वास प्रदर्शित करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन ने विकास की इस यात्रा को नई दिशा और गति प्रदान की है। उनके नेतृत्व में देश जिस प्रकार सुशासन, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की ओर अग्रसर है, उसी से प्रेरणा लेकर हरियाणा भी प्रगतिके नए आयाम स्थापित कर रहा है। नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी योजनाओं के विस्तार में उनकी सोच और दृष्टि का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है।

इसके साथ ही यह अभूतपूर्व सफलता हरियाणा सरकार के कुशल, दूरदर्शी और जन-केंद्रित नेतृत्व का परिणाम है।

पुलिस ने इस मामले में गैस एजेंसी संचालक को भी दबोचा

# डेढ़ करोड़ के घोटाले मामले में जिला खाद्य अधिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जनता के राशन और ईंधन की सुरक्षा करने वाले जिला खाद्य अधिकारी (डीएफओ) अजय यादव को 1.5 करोड़ रुपये के एलपीजी घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस साजिश में यादव के साथ गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर और रायपुर निवासी मनीष चौधरी को भी दबोचा है। मामला दिसंबर 2025 में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जब्त किए गए छह एलपीजी टैंकरों से जुड़ा है।

पुलिस जांच के अनुसार, 23 मार्च को अजय यादव और उसके साथियों ने इस गैस को बाजार में बेचने की प्लानिंग की। गर्मी के कारण सुरक्षा का हवाला देते हुए इन टैंकरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का कोर्ट से आदेश प्राप्त किया गया। 30 मार्च को टैंकरों को ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स को सौंपा गया, लेकिन महज एक हफ्ते के भीतर 92 मीट्रिक टन गैस अवैध रूप से निकाल ली गई।




### आरोपियों ने चोरी छिपाने के लिए किए कई जतन

आरोपियों ने चोरी छिपाने के लिए फर्जी वजन रिकॉर्ड और जाली पंचनामा तैयार किया था। दिलचस्प बात यह है कि कई दस्तावेजों को तो टैंकरों के वजन होने से पहले ही तैयार कर लिया गया था। पुलिस ने तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से इस दावे को खारिज कर दिया कि गैस लीक हुई थी। कॉल रिकॉर्ड्स और वैज्ञानिक पूछताछ के बाद 40 सदस्यों वाली पुलिस टीम ने इस पूरे रैकेट को ध्वस्त कर दिया। इस डील में अधिकारी अजय यादव को 50 लाख रुपये मिलने वाले थे।

## एसबीआई लाइफ ने मदर्स डे पर माँ के अंतर्ज्ञान को किया सम्मानित

**नई दिल्ली ।** कुछ बातें कहनी नहीं पड़तीं, खास तौर पर जब बात माँ की हो रही हो। खामोशी में छिपी चिंता, मुस्कान के पीछे की हिचकिचाहट, किसी सपने की नाज़ुक शुरुआत, वे वह इन सबको भाँप लेती हैं, अक्सर तब भी जब ये पूरी तरह से ज़ाहिर भी नहीं हुए होते। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस अपनी मदर्स डे फल्म 'बिन समझाए, सिर्फ माँ समझती है' के ज़रिए इस शक्तिशाली सच को जीवंत रहा है। यह उस मौन भावनात्मक संवेदनशीलता का सम्मान है, जो माँ को हर परिवार में सांत्वना, आत्मविश्वास और विश्वास का पहला स्रोत बनाती है।यह फिल्म माँ की सहज भावनात्मक समझ पर रोशनी डालती है और उसे परिवार के भीतर विश्वास, दिलासे और आत्मविश्वास की धुरी के रूप में पेश करती है। यह फिल्म बारीक और गहरी समझ वाली कहानी के ज़रिए, ब्रांड के इस विश्वास को मज़बूत करती है कि वह लोगों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करता है, एक ऐसी शांत लेकिन ज़बरदस्त शक्ति के सहारे, जो हमेशा मौजूद रहती है, ठीक मातृत्व की तरह।यह फिल्म दो माताओं के बीच मार्मिक संवाद के ज़रिए आगे बढ़ती है। एक युवती है, जो नई–नई माँ बनी है और मातृत्व अवकाश के बाद काम पर लौट रही है। वह ऐसे भावनात्मक विचारों में उलझी हुई है, जिन्हें वह शब्दों में बयाँ नहीं कर पाती। अपनी आकांक्षाओं और अनकही हिचकिचाहट के बीच संतुलन बनाते हुए, वह अपनी भावनाओं व्यक्त करने के लिए संघर्ष करती दिखती है। लेकिन, उसकी माँ बिना कुछ कहे ही सब समझ जाती है और उसे प्यार से आश्वस्त करती है कि अपना रास्ता चुनना उसके परिवार के प्रति उसके प्यार या समर्पण को कम नहीं करता, बल्कि यह उसे अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के साथ–साथ उन लोगों का पालन–पोषण जारी रखने के लिए और अधिक सशक्त बनाता है।

## एनएफपीआरसी फाउंडेशन सीएआईजी की रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च एंड चेंज फाउंडेशन (एनएफपीआरसी) के अंतर्गत सेंटर फॉर एक्सेलरेटिंग इंडियाज ग्रोथ (सीएआईजी) द्वारा तैयार रणनीतिक रिपोर्ट 'बियॉन्ड इंफ्रास्ट्रक्चरः इंडियाज डेटा सेंटर पाथवे टू डिजिटल सॉवरिन्टी' को जारी किया।रिपोर्ट को लॉन्च करने का इवेंट इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित हुआ। इसमें नीति निर्माता, इंडस्ट्री के दिग्गज शख्सियत, तकनीकी एक्सपर्ट्स और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया और भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम पर विचार-विमर्श किया।रिपोर्ट्स के अनुमान के मुताबिक भारत की डेटा सेंटर क्षमता 2030 तक 4 से 8 गीगावाट तक हो सकती है। इस रिपोर्ट ने भविष्य में डेटा सेंटर के निर्माण के लिए उपयुक्त 90 शहरों की पहचान की है। रिपोर्ट इस बात पर भी प्रकाश डालती है कि देश की तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था को सहयोग देने के लिए टिकाऊ और मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर योजना की ज़रूरत है।

इवेंट में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत के डेटा सेंटर इकोसिस्टम देश की तकनीकी और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं के लिए ज़रूरी रणनीतिक राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के तौर पर विकसित हो रहे है।उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और 6जी जैसी भविष्य की तकनीकों के प्रचलन से यह तय करने में डेटा सेंटर्स का महत्व काफी बढ़ जाएगा कि डिजिटल वैल्यू कहाँ निर्मित और प्रोसेस की जाती है।इवेंट में बोलते हुए एनएफपीआरसी फाउंडेशन के चेयरपर्सन श्री तरंग चुघ ने कहा कि डेटा सेंटर राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के एक महत्वपूर्ण स्तंभ और रणनीतिक स्वायत्तता (ऑटोनॉमी) के साधन बनते जा रहे हैं।

तेज रफ्तार वाहनों के टकराने से हुए हादसे

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो ग्रामीणों की मौत, 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो ग्रामीणों की मौत हो गई है। इन हादसों में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। तेज रफ्तार कारों के अनियंत्रित होने से ये घटनाएं हुईं, जिसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना सक्ती जिले के कर्रापाली अडभार के पांच ग्रामीणों के साथ हुई। कन्हैया लाल बंजारे (50 साल), अंजली बंजारे (22 साल), ललिता बंजारे (45 साल), भास्कर बंजारे (12 साल) और बसंत बघेल (13 साल) अंबिकापुर से अपने गांव लौट रहे थे। तड़के करीब 3 बजे खरसिया क्षेत्र के ग्राम देहजरी के पास कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार चला रहे कन्हैया लाल बंजारे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चार अन्य ग्रामीण घायल हुए हैं। पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल भेजा। घायलों को खरसिया के निजी अस्पताल और रायगढ़ चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**डिवाइडरसे टकराया अनियंत्रित वाहन :** इसी तरह की दूसरी घटना में राधेश्याम भारतेंदु ने धरमजयगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उनके जीजा शिवकुमार आजाद ने बताया कि ग्राम ईला से महेश कुमार भारतेंदु, चंद्रकांत अजगल्ले के साथ छतराम भारतेंदु को रायपुर ले जाया जा रहा था। रात करीब 12 बजे मिरीगुड़ा पुलिया के पास कार चालक चंद्रकांत अजगल्ले ने नियंत्रण खो दिया और वाहन डिवाइडर से जा टकराया। इस दुर्घटना में छतराम भारतेंदु की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ढोढन बांध क्षेत्र में आंदोलनरत विस्थापित आदिवासी और किसान परिवारों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं

# सरकार परियोजना प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास देने में विफलः जीतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीतू पटवारी मंगलवार को केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत बनने वाले ढोढन बांध क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने आंदोलनरत विस्थापित आदिवासी और किसान परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर आदिवासियों की आवाज दबाने तथा विपक्ष को रोकने के आरोप लगाए। पटवारी भारी पुलिस बंदोबस्त और प्रशासनिक रोक-टोक के बीच कांग्रेस नेताओं के साथ प्रभावित गांवों तक पहुंचे। प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर उनके काफिले को रोकने की कोशिश की।

वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें जंगल क्षेत्र में जाने से रोकते हुए तर्क दिया कि उनके प्रवेश से वन्यजीव प्रभावित हो सकते हैं। इस पर पटवारी ने कहा कि जहां बड़े पैमाने पर मशीनें, निर्माण कार्य और सैकड़ों मजदूर लगातार काम कर रहे हैं, वहां विपक्षी नेताओं को पीड़ित आदिवासियों से मिलने से रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक रवैया है।

## केन-बेतवा परियोजनाः विस्थापित आदिवासियों से मिलने पहुंचे पटवारी

### निर्माण कार्यो पर सवाल

पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के निर्देश पर उन्हें प्रभावित परिवारों से मिलने से रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। उन्होंने प्रशासन द्वारा दिए गए इस तर्क पर भी सवाल उठाया कि उनके दौरे से बाघ, चीते और हाथी परेशान होंगे। उन्होंने कहा कि यदि जंगल और वन्यजीवों की इतनी चिंता है तो फिर बड़े स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों को क्यों नहीं रोका जा रहा।





आंदोलन कर रहे लोगों से चर्चा करते पटवारी।

### यह जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और सम्मान की लड़ाईः पटवारी

पटवारी ने कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन अधिग्रहण की नहीं, बल्कि आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और सम्मान की लड़ाई है। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार परियोजना प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सम्मानजनक पुनर्वास देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि केवल कागजी मुआवजा देकर आदिवासी परिवारों का भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। संविधान और प्राकृतिक न्याय की भावना कहती है कि जिन परिवारों की जमीन और जंगल छीने जाएं, उन्हें जमीन के बदले जमीन और सम्मानजनक पुनर्वास मिलना चाहिए।

## सागर में मृतक युवकों के परिवारों से मिलकर पटवारी ने जताई शोक संवेदनाएं



पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते पटवारी।

**भोपाल।** प्रदेश में शराब माफिया ने सागर में दो युवाओं, सूरज अहिरवार एवं नीरज प्रजापति की निर्मम हत्या कर दी। मंगलवार को जीतू पटवारी सागर में उनके निवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। इसके साथ ही दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं दुख की इस घड़ी में परिवार को संबल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भाजपा राज नहीं, जंगलराज चल रहा है। अपराधियों और माफिया के हौसले बुलंद हैं और सरकार की नाकामी निर्दोष लोगों की जान ले रही है।



मृतक युवक को श्रद्धांजलि देते पटवारी।

## चिंतन

# प्रधानमंत्री की पहल सबको देगी प्रेरणा

वैश्विक खाड़ी संकट और बढ़ती ऊर्जा चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से तेल बचत, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग और अनावश्यक खर्चों में कटौती की अपील केवल प्रशासनिक निर्देश नहीं, बल्कि एक व्यापक राष्ट्रीय सोच का संकेत है। यह सबके लिए प्रेरणा है। जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं अपने काफिले को सीमित कर उदाहरण प्रस्तुत करता है, तो उसका प्रभाव केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचता है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से तेल बचाने सहित 7 सूत्रीय उपायों को अपनाने का आग्रह किया है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने भी अपने काफिले को छोटा कर लिया है। दिल्ली के कई मंत्री तो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते दिख रहे हैं। हालांकि यह प्रतीकात्मक हो सकता है। चूंकि लंबे समय में यह आमजन की समस्याओं का कारण बन सकता है। केंद्र ने साफ किया है कि देश में तेल, गैस और अन्य संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन तेल की बचत देश की विदेशी मुद्रा को बचा सकती है। दरअसल, भारत जैसे विशाल और आयात-निर्भर देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संकटों का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। प्रधानमंत्री द्वारा काफिले में वाहनों की संख्या घटाना प्रतीकात्मक अवश्य है, लेकिन लोकतंत्र में प्रतीकों का अपना महत्व होता है। जनता अक्सर नेताओं के आचरण से प्रेरणा लेती है। यदि शीर्ष नेतृत्व मेट्रो, ई-वाहन, कारपूलिंग और सीमित संसाधन उपयोग का संदेश देगा, तो समाज में भी व्यवहारिक परिवर्तन की संभावना बढ़ेगी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा काफिले सीमित करना, ई-स्कूटर या मेट्रो का उपयोग करना तथा बैठकों को वर्चुअल मोड में स्थानांतरित करना इसी दिशा में सकारात्मक पहल मानी जा सकती है। हालांकि यह भी ध्यान रखना होगा कि प्रतीकात्मकता और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बना रहे। इसी प्रकार वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को दीर्घकालिक नीति के रूप में विकसित करने के लिए बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करना होगा। यदि आम नागरिक को सुविधाजनक, सुरक्षित और समयबद्ध सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं होगा, तो केवल अपीलों से बड़े बदलाव संभव नहीं होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सरकारी वाहनों को ईवी में बदलने का निर्देश भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कदम माना जा सकता है। यदि सरकारी संस्थान स्वयं ईवी अपनाते हैं, तो इससे निजी क्षेत्र और आमजन में भी विश्वास बढ़ेगा। प्रधानमंत्री द्वारा सोने की खरीद सीमित करने की अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ऐसे में आयात शुल्क बढ़ाने या खरीद कम करने की अपील का असर सीधे मध्यम वर्ग और पारिवारिक परंपराओं पर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए डिजिटल गोल्ड, गोल्ड बॉन्ड और ईटीएफ जैसे विकल्पों को अधिक लोकप्रिय बनाना होगा, ताकि लोगों की निवेश आवश्यकताएं भी पूरी हों और विदेशी मुद्रा पर दबाव भी कम हो। अब आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रतीकात्मकता तक सीमित न रहे, बल्कि जनभागीदारी के जरिए स्थायी जीवनशैली परिवर्तन का रूप ले।



मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु

# मानव विकास सूचकांक पर गौर जरूरी

**भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।**

आर्थिक रूप से दुनिया का सबसे सम्पन्न देश अमेरिका है, लेकिन मानव विकास में सबसे सम्पन्न देश नार्वे और स्विट्जरलैंड हैं। दुनिया भर में ये दोनों देश सर्वोच्च मानव विकास सूचकांक के मुताबिक सर्वसम्पन्न हैं। सर्वसम्पन्नता का मतलब सेहत, शिक्षा, उच्च आय, सामाजिक विकास, नैतिकता में उच्चता और जीवन की गुणवत्ता में सर्वोपरि। इसी क्रम में चीन और ब्राजील उच्च मानव विकास वाले देश हैं तो भारत मध्यम मानव विकास का प्रतिनिधि है वहीं, निम्न मानव विकास के रूप में नाइजर है। सम्पन्नता महज धन-दौलत या दुनिया की सबसे बड़ी सेना, आयुध व सामरिक शक्ति से अब नहीं मापी जाती। यही वजह है नार्वे दुनिया में सर्वोच्च मानव विकास का प्रतिनिधित्व करता है। मानव मूल्यों यानी सर्वगुण सम्पन्नता दुनिया में इसकी महत्ता, सामरिक रूप से सम्पन्नता से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। बदलते वक्त के साथ मान्यताओं और धारणाओं में बदलाव आया है, वह चाहे विकास की बात हो या समाज की प्रगति की। अब विकास को महज आर्थिक वृद्धि (जीटीपी) के आधार पर मापना पर्याप्त नहीं माना जाता।

वास्तविक विकास वह है जिसमें व्यक्ति का समग्र उत्थान- शारीरिक, वौद्धिक, सामाजिक और नैतिक- सुनिश्चित हो। इसी के आधार को आधार लेकर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने मानवीय विकास सूचकांक (एचडीआई) की अवधारणा विकसित की। इसका मकसद कोई देश अपने नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करने में कितना सफल है, को मापना है। वहीं दुनिया में प्रगति का मतलब आर्थिक प्रगति से समझा और माना जाता है। मानव मूल्यों के साथ विकास, प्रगति और समानता की स्थिति को आगे बढ़ाना मानव विकास सूचकांक कहलाता है। इस सूचकांक के जरिए उस देश के लोगों के हर क्षेत्र की ठीक-ठीक जानकारी हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का विकास सूचकांक (एचडीआई) 0.685 है, जो इसे 193 देशों में 130वें स्थान पर रखता है जो मध्यम मानव विकास श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के साथ भारत उच्च मानव विकास श्रेणी की ओर बढ़ रहा है। यह विकास कई तरह के सवाल खड़ा करता है। अभी देश में लैंगिक असमानता और तमाम तरह की क्षेत्रीय विषमताओं जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इन चुनौतियों से निपटना कम चुनौतीपूर्ण नहीं है।

जानकारों का कहना है कि मानव विकास को सरकार, सरकारी और गैर सरकारी संगठनों और समाजकर्मियों के लिए उतना ही महत्वपूर्ण होना चाहिए, जितना आर्थिक प्रगति। मानव मूल्यों, सामाजिक और शिक्षा के मूल्यों को गहराई से समझने की जरूरत है, खासकर भारत जैसे देश में, जहां व्यक्ति व समाज पाश्चात्य संस्कृति और शिक्षा को आंख मूंद कर अपनाने में अपनी समझदारी मानता है। यही वजह है कि भारत में मानव विकास सूचकांक अभी 130वें पायदान पर है। दरअसल, भारत आजादी के बाद पिछले सत्तर सालों तक कई समस्याओं, चुनौतियों और परेशानियों से जूझता आया है। सरकारी और गैर सरकारी दोनों स्तरों पर सुधार और निर्माण की जरूरत की पूर्ति महज दिखावे तक सीमित थी। भ्रष्टाचार चरम पर था। शिक्षा, रोजगार, सेहत



और मूलभूत जरूरतें भी आम आदमी की पूरी नहीं हो पा रही थीं। ऐसे में विकास और प्रगति का पहिया जिस रफ्तार से आगे बढ़ना चाहिए था, नहीं बढ़ पा रहा था। मानव विकास सूचकांक बेहतर होने का सवाल ही नहीं उठ सकता था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की जनसंख्या आज दुनिया में सबसे ज्यादा हो गई है, लेकिन आबादी किसी देश के मानव विकास का एक मात्र पैमाना नहीं होता, वरना बेहतर मानव विकास के रूप में चीन और ब्राजील न होते। आज चीन आर्थिक महाशक्ति के साथ मानव विकास में नार्वे की बराबरी करने के करीब है। यानी चीन में प्रति व्यक्ति आय, संसाधनों की उपलब्धता, रोजगार के अवसर और सेहत के मामले में भी बहुत आगे निकल चुका है। इसकी सबसे बड़ी वजह वहां के लोगों में देश की प्रगति और विकास में ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना, सरकार और संविधान का पारदर्शी होना और राजनीतिक खुड़पेचों से दूर रहना। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक मानव विकास में तेजी लाने के लिए आर्थिक विकास के साथ शिक्षा, सुरक्षा, अवसरों की बेहतर उपलब्धता और आय का समान वितरण को सुनिश्चित करना जरूरी है। गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, अस्वास्थ्य और असमानता जैसे विकास को रोकने वाले कारकों पर गौर करना जरूरी है।

देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, डॉक्टर व अस्पतालों की कमी, महिलाओं की शिक्षा और रोजगार में कमी, विकास योजनाओं का असरदायक न होना और संसाधनों पर जरूरत से ज्यादा दबाव जैसे कारणों से भारत मानव विकास में अभी मध्यम कोटि में गिना जाता है। मानव विकास में भारत के पिछड़ने की एक खास वजह सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा में पिछड़ा होना है। नैतिकता, मानव मूल्यों का पालन और मानवीय प्रकृति और जीव-जन्तुओं के प्रति घटती सदभावना भी मानव विकास पर प्रतिकूल असर डाल रही है। भारतीय समाज अपने मानवीय सद्व्यवहार और प्रकृति के प्रति साफ-सुथरे नजरिये के लिए जाना जाता था। समाज में अराजकता और हिंसक माहौल और प्रकृति का जरूरत से बहुत ज्यादा दोहन की वजह से भी कई तरह की समस्याएं, हर स्तर पर लगातार पैदा हो रही हैं, जिसका सीधा असर मानव विकास पर देखा जा सकता है। भारत में लैंगिक और क्षेत्रीय असमानता बहुत ज्यादा है, जिससे कई तरह की पारिवारिक, सामाजिक, क्षेत्रीय, धार्मिक, राष्ट्रीय और सांस्कृतिक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इन समस्याओं से निजात पाना सरकार और प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती है।

समाजशास्त्रियों का मानना है कि देश में सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंध, स्वच्छ पर्यावरण, पानी संकट से निजात, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, हर स्तर पर समानता का बढ़ावा और मानवीय मूल्यों को विकास का आधार बनाने के लिए कदम उठाए जाते हैं तो भारत भविष्य में उच्च मानव विकास वाले देश के रूप में शामिल हो सकता है। मानव विकास का कम होना उस देश का पिछड़ा होने का सूचक माना जाता है। इसलिए भारत भले ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा हो, जब तक यह मानव विकास सूचकांक में भी उच्च अंक हासिल नहीं कर लेता तब तक दुनिया में वह पिछड़ा हुआ ही माना जाएगा। भारत में पहले की अपेक्षा पिछले दस सालों में हर क्षेत्र में तमाम तरह के सकारात्मक बदलाव हुए हैं। केंद्र और राज्यों में विकास की नीतियां अब बंद कमरों की जगह जनता की राय-सुमारी के जरिए बनने लगी हैं। सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाईं जा रही हैं। बावजूद अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में भारत मानव विकास की सूची में उच्च स्थान हासिल कर लेगा।

(लेखक पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

प्रोफ़ेसर (डॉ.) भारत



# बंगाल : भारतीय राजनीति के नए अध्याय की आहट

भारतीय राजनीति में पश्चिम बंगाल हमेशा से केवल एक राज्य नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्षों की प्रयोगशाला रहा है। कभी वामपंथ का गढ़, फिर तृणमूल कांग्रेस का अभेद्य किला और अब जब भारतीय जनता पार्टी ने राज्य विधानसभा चुनाव जीत लिया है, तो वहां केवल सत्ता परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि यह भारतीय राजनीति की दिशा और दशा में एक ऐतिहासिक मोड़ माना जाएगा। बंगाल में भाजपा की जीत कई स्तरों पर अर्थपूर्ण होगी जैसे वैचारिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और राष्ट्रीय रणनीति के दृष्टिकोण से भी। सबसे पहले, इस परिणाम ने इस मिथक को तोड़ा है कि भाजपा केवल हिंदी पट्टी - उत्तर भारत या मध्य भारत की पार्टी है। पिछले एक दशक में भाजपा ने देश के विभिन्न हिस्सों में अपने संगठन और जनाधार का विस्तार किया है, किंतु बंगाल में जीत उसे वास्तविक अर्थों में सर्वभारतीय - सर्वस्वीकार्य दल के रूप में स्थापित करेगी। बंगाल की राजनीति लंबे समय तक धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अपने विशिष्ट स्वरूप के लिए जानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा की विजय यह संकेत है कि उसकी राजनीतिक और वैचारिक अपील अब क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर चुकी है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले वर्षों में भाजपा ने बंगाल में लगातार संगठनात्मक विस्तार किया, कार्यकर्ताओं को तैयार किया और स्थानीय नेतृत्व को उभारने का प्रयास किया। यह चुनावी सफलता भाजपा की दीर्घकालिक राजनीतिक रणनीति की बड़ी उपलब्धि है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि भाजपा केवल चुनावी लहरों पर निर्भर नहीं है, बल्कि बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करने में सक्षम है। दूसरी ओर, यह परिणाम तृणमूल कांग्रेस के लिए एक गंभीर राजनीतिक संदेश है। ममता बनर्जी ने स्वयं को लंबे समय तक भाजपा विरोधी राजनीति के सबसे सशक्त चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया है। उनकी राजनीति बंगाली अस्मिता, क्षेत्रीय गौरव और केंद्र के विरुद्ध संघीय अधिकारों के मुद्दों पर आधारित रही है। अब इसका अर्थ है कि जनता केवल भावनात्मक या क्षेत्रीय मुद्दों के आधार पर राजनीति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि, भाजपा की जीत को केवल हिंदुत्व राजनीति की विजय के रूप में देखना अधूरा विश्लेषण होगा। बंगाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षक भर्ती घोटाले, राजनीतिक हिंसा और प्रशासनिक केंद्रीकरण जैसे मुद्दे लंबे समय से चर्चा में रहे हैं। आम मतदाता यदि सत्ता परिवर्तन का समर्थन करता है, तो उसके पीछे सुशासन, पारदर्शिता और विकास की अपेक्षा भी होगी। भाजपा के लिए यह जीत जितनी बड़ी उपलब्धि होगी, उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी होगी कि वह केवल राजनीतिक विजय तक सीमित न रहे, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी अपेक्षाओं पर खरी उतरे। यह चुनाव परिणाम राष्ट्रीय विपक्ष की राजनीति पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। पश्चिम बंगाल उन राज्यों में रहा है, जहां भाजपा को रोकने के लिए विपक्ष एकजुट होने की बात करता रहा है। यदि भाजपा यहां भी विजय प्राप्त कर लेती है, तो विपक्षी दलों की रणनीति और नेतृत्व क्षमता दोनों पर प्रश्नचिह्न खड़े होंगे। विशेष रूप से कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के लिए यह आत्ममंथन का समय होगा कि आखिर क्यों भाजपा लगातार नए क्षेत्रों में अपने लिए राजनीतिक जमीन तैयार कर पा रही है। इसके अतिरिक्त, बंगाल में भाजपा की जीत भारतीय राजनीति में वैचारिक पुनर्संरचना का भी संकेत दे सकती है। लंबे समय तक बंगाल की बौद्धिक और राजनीतिक संस्कृति वामपंथी विचारों से प्रभावित रही। राष्ट्रवाद, धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक पुनरुत्थान जैसे मुद्दों को यहां उतनी स्वीकृति नहीं मिलती थी जितनी उत्तर भारत में। भाजपा को स्पष्ट जनादेश यह संकेत है कि बंगाल का मतदाता भी राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श के साथ स्वयं को जोड़ रहा है। यह परिवर्तन केवल चुनावी नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। फिर भी, लोकतंत्र में किसी भी जीत को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। बंगाल की राजनीति अत्यंत जागरूक और संवेदनशील रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का अर्थ केवल एक राज्य में सरकार बदलना नहीं है। यह परिणाम यह भी बताता है कि भारतीय राजनीति अब पारंपरिक क्षेत्रीय सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है और मतदाता विकास तथा सुशासन चाहता है। बंगाल की धरती से निकला यह संदेश केवल कोलकाता तक सीमित नहीं रहेगा; इसकी गूंज आने वाले समय में पूरे देश की राजनीति में सुनाई देगी। यह भारतीय लोकतंत्र की उस निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है जिसमें मतदाता समय-समय पर राजनीतिक शक्तियों का पुनर्मूल्यांकन करता है।

(लेखक पंजाब विवि चंडीगढ़ में वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

## शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हँसे क्यों ? हंसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सफर सुहाना बनाएं

युक्त राष्ट्र का वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह 8 मई से 14 मई 2026 तक मनाया जा रहा है। इस दिवस के मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना है। हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा बहुत से देशों में से ज्यादा है, अमरीका, चीन, जापान, रूस आदि से बहुत ज्यादा है। इसका मुख्य कारण यह भी है कि हमारे देश में लोग ट्रैफिक नियमों का उचित पालन नहीं करते हैं। सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण भी ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन है। सड़क हादसा कभी हमारी अपनी लापरवाही से हो सकता है तो कभी दूसरों की लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ जाती है। – *वरुण चंद्राकर, रायगढ़*

## ट्रेंड

### एमएसपी में वृद्धि



देश भर के किसान भाइयों और बहनों के हितों की रक्षा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हम लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। इसी दिशा में, हमारी सरकार ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है।

-**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### डबल रेल लाइन परियोजना



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद (सरखेज) - धोलेरा सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है। यह पीएम मोदी की दूरदर्शी योजना का सशक्त प्रमाण है, जिसके तहत देश को कनेक्टिविटी, नवाचार और विनिर्माण का केंद्र बनाना है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### पुष्पांजलि अर्पित



लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पर उनके दिवंगत पति प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना और दिलासा दिया गया।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### पेपर लीक जांच




NEET पेपर लीक काफी गंभीर मामला है। जिस भाजपा नेता को पकड़ा गया है, उसके परिवार के पांच सदस्यों के लिए पहले से ही नौकरी तय थी। यह जांच का विषय है। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि 22 लाख बच्चे किस दौर से गुजर रहे होंगे।

- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर


# पहली मुलाकात में ही उषा पर मोहित हो गए थे वेंस



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी नयी पुस्तक में बताया है कि कॉलेज के दौरान उनकी मुलाकात उनकी पत्नी उषा से कैसे हुई और वह उनसे इतने 'मोहित' हो गए थे कि उन्होंने अपने दोस्तों से कह दिया था कि या तो वह 'इस लड़की से शादी करेंगे' या फिर 'जीवनभर अविवाहित रहेंगे।' अपने नए संस्मरण 'कम्यूनियन : फाइंडिंग माय वे बैक टू फेद' में वेंस ने लिखा है कि वह उषा की सुंदरता, बुद्धिमत्ता और अलग अंदाज से कैसे आकर्षित हुए थे, जो बाद में उनकी पत्नी बनीं। इस संस्मरण के कुछ अंश 'यूएसए टुडे' ने प्रकाशित किए हैं। येल लॉ स्कूल में उषा बाला चिलुकुरी से मिलने वाले वेंस ने कहा कि वह पहली ऐसी व्यक्ति थीं, जिनके लिए उन्होंने सच्चा प्रेम महसूस किया। वेंस ने लिखा है, 'मैंने अपने दोस्तों से कहा था कि मैं इस लड़की से शादी करूंगा, अन्यथा मैं जीवनभर कुंवारा रहूंगा।' यह पुस्तक अगले महीने प्रकाशित होगी। वेंस ने लिखा, ' 'जब मैं पहली बार उषा से मिला, तो उनकी कई बातें मुझे असामान्य लगीं। उनमें से एक यह थी कि वह बेहद प्रतिस्पर्धी थीं, लेकिन मुझे यह आकर्षक से ज्यादा अजीब लगा।' उन्होंने लिखा, 'उनमें ईर्ष्या नाम की चीज नहीं थी, जिसे मैं उनके अद्भुत आत्मविश्वास का परिणाम मानता था।

## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

फ्लोर टेस्ट में थलापति की 'विजय'

# 144 विधायकों का समर्थन भाजपा-पीएमके रहीं बाहर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की टीवीके सरकार ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया है। बुधवार को हुए विश्वास मत में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार को 144 विधायकों का समर्थन मिला। 234 सदस्यीय सदन में 22 विधायकों ने सरकार के खिलाफ मतदान किया, जबकि 5 सदस्य वोटिंग में शामिल नहीं हुए।कई विपक्षी और सहयोगी दलों ने खुलकर सरकार को समर्थन देने का एलान किया। कांग्रेस ने विजय सरकार का समर्थन करने की घोषणा की। सीपीआईएम ने भी सदन में टीवीके सरकार के पक्ष में खड़े होने की बात कही। वीसीके ने भी फ्लोर टेस्ट में विजय सरकार को समर्थन देने का ऐलान किया।वीसीके ने महाराष्ट्र और कर्नाटक की तर्ज पर तमिलनाडु में अंधविश्वास के खिलाफ कानून लाने की अपील की।



### 'करुप्पु' के लिए सुबह 9 बजे के विशेष शो को मंजूरी दी, आज फ्लम होगी रिलीज

*विजय ने मुख्यमंत्री बनने के 48 घंटे के भीतर बड़ा फैसला लेते हुए सूर्या और त्रिशा स्टारर फिल्म 'करुप्पु' के लिए सुबह 9 बजे के विशेष शो को मंजूरी दे दी है। 14 मई 2026 से रिलीज हो रही इस फिल्म के लिए विशेष अनुमति मिलने से फिल्म इंडस्ट्री में खुशी की लहर है।*

### भाजपा-पीएमके और एआईएडीएमके ने बनाई मतदान से दूरी

*वहीं दूसरी ओर भाजपा का कहना है कि विश्वास मत की कार्यवाही पर उसका रुख 'तटस्थ' है। पीएमके (चार विधायक) की सौम्या अंबुमणि ने कहा कि उनकी पार्टी विश्वास मत पर मतदान से दूर रहेगी। एआईएडीएमके विधायक एडप्पादी के पलानीस्वामी का कहना है कि हम टीवीके सरकार के खिलाफ वोट करेंगे।*

### डीएमके ने उठाया ये मुद्दा

डीएमके विधायक थामिमुन अंसारी ने विशेष ड्यूटी अधिकारी की नियुक्ति के मुद्दे पर टीवीके सरकार की आलोचना की। डीएमके के एमएच जवाहरुल्लाह का कहना है कि तमिलनाडु सरकार के कार्यक्रमों में तमिल राष्ट्रगान को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए।

### एआईएडीएमके के एक गुट ने किया समर्थन तो दूसरे ने किया विरोध

इसके अलावा, एआईएडीएमके के विधायकों के एक वर्ग, जिनमें से लगभग 30 विधायक वरिष्ठ नेता एसपी वेलुमणि और सीवे शनमुगम के नेतृत्व में हैं और पार्टी प्रमुख एडप्पाडी के पलानीस्वामी के विरोधी हैं, ने सरकार को समर्थन देने की घोषणा की है।

रंगासामी ने ली पुडुचेरी के मुख्यमंत्री

## नमस्सिवयम और कृष्णराव बने मंत्री





**पुडुचेरी।** यहां की राजनीति के दिग्गज नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के संस्थापक एन रंगासामी ने बुधवार को 5वीं बार पुडुचेरी के सीएम के रूप में शपथ ली। लोक निवास में समारोह में उपराज्यपाल के कैलाशनाथन ने रंगासामी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। रंगासामी ने ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। रंगासामी के साथ एनडीए गठबंधन के दो अन्य प्रमुख नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इसमें क्षेत्रीय पार्टी से मल्लाडी कृष्ण राव और भाजपा के ए नमस्सिवयम शामिल हैं। कृष्ण राव ने तेलुगू में शपथ ली। आंध्र प्रदेश की सीमा से लगे पुडुचेरी के एन्क्लेव 'यानम' का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और वरिष्ठ नेता बीएल संतोष भी मंच पर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद को फिर मिला सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल को एक बार फिर बढ़ाने का फैसला किया है। यह उनके कार्यकाल में दूसरा सेवा विस्तार है। इससे पहले मंगलवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी। जिसमें मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे।



### अल्पसंख्यक कल्याण राष्ट्रीय सम्मेलन करेगा

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय गुरुवार को भागीदारी से भाग्योदय की परिकल्पना के तहत अल्पसंख्यक कल्याण-विकसित भारत के लिए एआई के माध्यम से समावेशी विकास विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। इसका उद्देश्य समावेशी शासन को मजबूत करना, नीतिगत पहुंच बढ़ाना व अल्पसंख्यक समुदायों को प्रोत्साहित करना है।



### युवक का जंगल में मिला नरकंकाल

**कोरबा।** रजगामार इलाके के दरगा गांव से लगे सुआपहाड़ जंगल में बुधवार को एक नर कंकाल पेड़ पर लुंगी से लटका दिखा। मृतक की पहचान दरगा निवासी 45 वर्षीय मान सिंह के रूप में हुई है। मान सिंह होली के बाद मार्च माह से लापता था, जिसकी गुमशुदगी रजगामार चौकी में दर्ज थी। ग्रामीणों ने जंगल में कंकाल लटका देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। रजगामार चौकी प्रभारी विनोद सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों को भी घटनास्थल पर बुलाया गया।

### बंगाल में फैक्टरी में आग से दो की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तिलजला, तोपसिया और आसपास के इलाकों में चल रही अवैध फैक्टरियों की बिजली-पानी की आपूर्ति काट दें। यह आदेश उस घटना के बाद दिया गया है, जिसमें एक फैक्टरी में आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। मालिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### शाहपुर में ढाई करोड़ से बन रहा पुल गिरा

**शिमला।** मामला हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का शाहपुर का है, जहां पर करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा पुल ढह गया। भ्रष्टाचार की बात इसलिए लिखी क्योंकि अंग्रेजों के बनाए पुल अब भी हिमाचल प्रदेश में जैसे के तैसे टिके हुए हैं। पुल के गिरने से पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही ठेकेदार भी निशाने पर है।



## प्रशासनिक खामियों से जूझ रही एजेंसी को भंग कर न्यायालय की समिति गठित करने की मांग की

एमआईएमए, फेमा ने कड़ी नाराजगी के साथ कोर्ट का सहारा लिया

# नीट-यूजी के आयोजन में लगातार असफल एनटीए, फेमा ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा रद्द की गई नीट-यूजी की प्रवेश परीक्षा के मामले में 'द फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन' (एमआईएमए, फेमा) ने कड़ी नाराजगी के साथ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है। जिसमें एनटीए के खिलाफ एक याचिका दायर कर उस पर परीक्षाओं के आयोजन में नियमित रूप से असफल रहने का आरोप लगाते हुए एनटीए को भंग कर न्यायालय द्वारा एक स्वतंत्र समिति का गठन करने की मांग की है। न्यायालय में फेमा की पैरवी अधिवक्ता तन्वी दुबे कर रही हैं। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत फेमा ने यह याचिका दायर की है। अपनी एक 'एक्स' पोस्ट के जरिए एसोसिएशन ने यह जानकारी दी है।




### एनटीए की विफलताओं से चिंतित फेमा

फेमा ने 'एक्स' पोस्ट में बताया कि हम राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन में लगातार प्रशासनिक रूप से विफल रहने को लेकर चिंतित हैं। जिसके चलते हमने शीर्ष न्यायालय में एक याचिका दायर की है और उसमें यह स्पष्ट किया गया है कि एनटीए लगातार इस परीक्षा को कराने में प्रशासनिक रूप से पूरी तरह से विफल रहा है। इसलिए उसे भंग कर न्यायालय द्वारा मामले पर एक समिति का गठन किया जाना चाहिए और उसकी निगरानी में यह परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए।

अधिवक्ता तन्वी दुबे ने कहा कि फेमा ने नीट-यूजी परीक्षाओं को कराने में लगातार प्रशासनिक रूप से विफल रहने को लेकर राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी को भंग कर उसकी जगह पर न्यायालय द्वारा बनाई गई समिति से मेडिकल के क्षेत्र की इस प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा को कराए जाने की मांग की है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि भविष्य में ऐसी कोई गलती न हो। याचिका में हमने इस परीक्षा के समयबद्ध रूप से फिर से आयोजित कराने का अनुरोध भी न्यायालय से किया है।

### छात्रों, अभिभावकों को दिया समर्थन

एसोसिएशन ने बीते मंगलवार को नीट-यूजी की परीक्षा एनटीए द्वारा रद्द किए जाने के बाद छात्रों के प्रति अपना समर्थन जताते हुए कहा था कि क्या अब इस देश में अनुमान वाले पेपर (गेस) और माफिया तय करेंगे की कौन डॉक्टर बनेगा और कौन नहीं बनेगा? मामले पर वो खामोश नहीं बैठेंगे। न्यायालय द्वारा उच्च स्तरीय समिति गठित किए जाने के बाद उसकी निगरानी में जो परीक्षा होगी। हम उम्मीद करते हैं कि वह शत-प्रतिशत निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से आयोजित की जाएगी। परीक्षा के आगामी कुछ हफ्तों और कुछ महीनों में आयोजन से छात्रों और उनके अभिभावकों को तत्काल रूप से राहत मिलेगी।

### तत्काल तय की जाए जवाबदेही

एसोसिएशन का यह भी कहना है कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। सजा ही एकमात्र समाधान है। मामले में हम अंत तक छात्रों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। फेमा के डॉक्टर डॉ.मोहम्मद मोमिन खान ने कहा कि एनटीए द्वारा परीक्षा रद्द किया जाना अपने आप में बेहद शर्मनाक है। यहां बता दें कि 3 मई को देशभर में नीट-यूजी की परीक्षा हुई थी। जिसे एनटीए ने रद्द कर मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। साथ ही एजेंसी के महानिदेशक ने कहा आगामी 7 से 10 दिन के अंदर देशभर में परीक्षा के फिर से आयोजन कराए जाने को लेकर आश्वासन दिया है।

## नीट पेपर लीक पर यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई की मांग इस्तीफा दें शिक्षा मंत्री और एनटीए को किया जाए बैन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की युवा इकाई भारतीय युवा कांग्रेस और छात्र इकाई एनएसयूआई ने नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर तीखा हमला बोलते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, जेपीसी के गठन एवं दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की है। साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को विफल करार देते हुए इसे स्थाई रूप से प्रतिबंधित करने और किसी सरकारी संस्था के माध्यम से परीक्षाएं कराने की मांग भी उठाई है।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने पेपर लीक को देश के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का पूरा नेक्सस भाजपा के लोग चला रहे हैं और पैसों की बंदरबांट में छात्रों के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। चिब ने कहा कि देश के लाखों छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं, अपना भविष्य संवारने के लिए कड़ी तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक हो जाने से उनका पूरे सिस्टम पर भरोसा टूट जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में 89 पेपर लीक हो चुके हैं और 48 बार परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं।

चिब ने सवाल उठाया कि एनटीए का ऑडिट कौन करता है और निजी वेंडरों को परीक्षाएं आयोजित करने का काम देने का आधार क्या है? उन्होंने कहा कि पहले विश्वविद्यालय और राज्य सरकारें खुद परीक्षाएं कराती थीं, लेकिन अब भाजपा द्वारा एनटीए के माध्यम से छात्रों का भविष्य अंधेरे में धकेला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ऐसा भ्रष्ट सिस्टम बना दिया है, जहां अमीरों के बच्चे पास होंगे, सीट लेंगे और नौकरी पा जाएंगे, मगर गरीबों के बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 2024 में जिन एनटीए महानिदेशक के कार्यकाल में नीट का पेपर लीक हुआ था, उन्हें बाद में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव बना दिया गया। यह उदाहरण दिखाता है कि जो पेपर लीक करेगा, उसका भाजपा में भविष्य बहुत अच्छा होगा। विनोद जाखड़ ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं हमारी शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं और सिर्फ परीक्षा रद्द करना समस्या का समाधान नहीं है। हर पेपर लीक के बाद एनटीए केवल माफी मांग कर खानापूर्ति कर देता है, जबकि सरकार ऐसे मामलों में कोई ज़िम्मेदारी तय नहीं करती। उन्होंने पूछा कि क्या सिर्फ माफी मांग लेने से लाखों छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा और जिन माता-पिता ने कर्ज लेकर बच्चों को पढ़ाया है, क्या उनकी मुसीबतें इससे खत्म हो जाएंगी? उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर मोदी सरकार नाकाम साबित हुई है और पेपर लीक की लगातार घटनाओं से छात्रों में भारी हताशा है।

जाखड़ ने कहा कि नीट 2026 पेपर लीक का केंद्र राजस्थान रहा और इसे भाजपा सरकार से राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ था। उन्होंने कहा कि इस मामले में भाजपा के बड़े नेताओं के नाम सामने आए हैं, जो खुद कोचिंग संस्थान चलाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीकर, कोटा और जयपुर जैसे कोचिंग हब में अधिकांश कोचिंग संस्थान भाजपा नेताओं के हैं। नीट 2026 पेपर लीक के लिए आरोपित जमवारामगढ़ के दो भाइयों के बारे में जाखड़ ने कहा कि वे दोनों भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े हैं और उनकी तस्वीरें भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं के साथ हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों और उनके माता-पिता को पेपर लीक के कारण मानसिक तनाव, कोचिंग की भारी फीस, शैक्षणिक वर्ष की बर्बादी और परिवहन के खर्च की भरपाई के लिए मुआवजा दिया जाना चाहिए। दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा देने और कोचिंग माफियाओं पर शिकंजा कसे जाने की भी मांग की।

कहा, भर्तियों का लंबित रहना और चयन प्रक्रिया में धांधली से युवाओं में भारी निराशा

## हरियाणा के युवाओं के साथ अन्याय, अपारदर्शी भर्ती प्रक्रिया बेहद चिंताजनकः कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी, पेपर लीक, लंबे समय तक भर्तियों का लंबित रहना और चयन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल युवाओं में भारी निराशा पैदा कर रहे हैं।

सैलजा ने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी) भर्ती में अनारक्षित वर्ग की 67 पोस्ट में से 7 पद खाली छोड़ दिए गए, जबकि चयनित 60 अभ्यर्थियों में से 41 दूसरे राज्यों से चुने गए। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर (साइकोलाजी) के 85 पदों के लिए लगभग 400 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, लेकिन केवल 3 अभ्यर्थियों को ही पास घोषित किया गया। यह स्थिति भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और सरकार की नीयत दोनों पर सवाल खड़े करती है। कांग्रेस किसी भी राज्य के युवाओं के खिलाफ नहीं है, लेकिन हरियाणा के लाखों मेहनती और प्रतिभाशाली युवाओं को लगातार नजरअंदाज किया जाना बेहद चिंताजनक है। प्रदेश के युवाओं को निष्पक्ष अवसर और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया मिलना उनका अधिकार है।

सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भर्ती प्रक्रिया में कौन-से मापदंड अपनाए जा रहे हैं, पद खाली क्यों छोड़े जा रहे हैं और योग्य युवाओं को अवसर क्यों नहीं मिल रहा। सरकार की जिम्मेदारी केवल भर्ती निकालना नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास और भविष्य की रक्षा करना भी है। हरियाणा का युवा आज बेरोजगारी, पेपर लीक और अपारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं से परेशान है। वर्षों तक कठिन मेहनत और तैयारी करने वाले युवाओं का मनोबल लगातार टूट रहा है। भाजपा सरकार को युवाओं की भावनाओं और उनके आत्मसम्मान के साथ खिलवाड़ बंद करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भर्तियों पर पहले भी उठते रहे हैं सवाल हरियाणा में पिछले कई वर्षों से सरकारी भर्तियों को लेकर सवाल उठते रहे हैं, जिनमें पेपर लीक, धांधली, बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों को वरीयता और कोर्ट द्वारा भर्तियां रद्द किए जाने के मामले प्रमुख हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर (इंग्लिश) की भर्ती को रद्द कर दिया है। 613 पदों के लिए मात्र 151 उम्मीदवार पास हुए थे, जिस पर 35 प्रतिशत क्राइटेरिया को गलत बताते हुए सवाल उठे।

कर्मकांडों का पालन न करना किसी की धार्मिकता को कम नहीं करता

शीर्ष कोर्ट ने हिंदू धर्म की व्यापक व्याख्या की

## कहा-आस्था साबित करने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने धार्मिक स्वतंत्रता और प्रथाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए हिंदू धर्म की व्यापक व्याख्या की है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने स्पष्ट किया कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांडों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 'जीवन जीने का एक तरीका' है। किसी व्यक्ति को अपना हिंदू अस्तित्व बनाए रखने के लिए मंदिर जाना या विशेष धार्मिक अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है। कोई झोपड़ी में मात्र एक दीपक भी जलाता है, तो उसकी धार्मिक पहचान सिद्ध करने के लिए वही पर्याप्त है।



फाइल फोटो

### धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन पर जोर

अदालत ने धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन पर जोर देते हुए आगाह किया कि यदि हर परंपरा को अदालतों में चुनौती दी जाने लगी, तो इससे देश के सामाजिक और धार्मिक ताने-बाने पर गहरा असर पड़ेगा। 1966 के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए वरिष्ठ वकीलों ने वेदों की सर्वोच्चता पर तर्क दिए, जिसके जवाब में कोर्ट ने हिंदू धर्म की उदार और सर्वसमावेशी परिभाषा को रेखांकित किया।

शिवराज सिंह से दिल्ली में पंजाब के भगवंत सिंह मान ने की मुलाकात

# किसान हित में पंजाब को केंद्र का पूरा सहयोग फसल विविधीकरण पर फोकसः शिवराज चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। चौहान ने मान के साथ पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस उच्चस्तरीय चर्चा में धान की मिलिंग में आ रही समस्याओं, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने, जल संसाधनों के संरक्षण तथा तिलहन, दलहन, कॉटन और बागवानी मिशनों के जरिए कृषि के सतत विकास जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए चौहान ने आश्वासन दिया कि केंद्र कृषि और जल संरक्षण से संबंधित सभी पहलों में पंजाब को हर संभव सहयोग देगा। भारत सरकार की कपास, दलहन, तिलहन और बागवानी मिशनों और अन्य योजनाओं का लाभ पंजाब की कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों के कल्याण के लिए किया जाएगा।




उन्होंने कहा कि केंद्र और पंजाब सरकार मिलकर राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, जल संसाधनों के संरक्षण तथा कृषि के सतत विकास के लिए कार्य करेंगी। पंजाब की उपजाऊ भूमि में अपार कृषि क्षमता है, लेकिन साथ ही जल संरक्षण और टिकाऊ खेती पद्धतियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।चौहान ने कहा कि हम पंजाब के साथ मिलकर कार्य करेंगे ताकि किसानों को फसल विविधीकरण में नुकसान न हो, जल संसाधनों की रक्षा हो, मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर बने और कृषि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक सक्षम बने। चौहान ने कहा कि देश में उर्वरकों की कमी नहीं है लेकिन मृदा का संतुलन बनाए रखने के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग जरुरी है। मान ने कहा कि पंजाब निर्धारित गेहूं खरीद लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करेगा। पंजाब 125 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद लक्ष्य को पूरा करेगा और खाद्यान्न उत्पादन में देश का नेतृत्व जारी रखेगा। मान ने उर्वरक आपूर्ति और भूजल संरक्षण का भरोसा दिलाते हुए केंद्रीय बीज समिति में पंजाब के प्रतिनिधित्व की मांग की।

पीएम मोदी ने बिट्टू का लेख साझा किया

## आधुनिक रेलवे के नेटवर्क से पंजाब में खुलीं तरक्की की राहें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का एक लेख साझा किया, जिसमें पंजाब में आधुनिक रेलवे स्टेशनों और बेहतर रेलवे नेटवर्क के माध्यम से हो रहे विकास और नए अवसरों का उल्लेख किया गया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि पंजाब में रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण से तरक्की की नई राहें खुल रही हैं और इससे लोगों को व्यापक स्तर पर लाभ मिल रहा है। एक्स पोस्ट में कहा कि पंजाब में आधुनिक रेलवे स्टेशन और मजबूत रेलवे नेटवर्क राज्य के विकास को नई गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यहां के लोगों के लिए रोजगार, व्यापार और संपर्क के नए अवसर लेकर आ रहा है। पंजाब में आधुनिक रेलवे स्टेशनों और बेहतर रेलवे नेटवर्क से तरक्की की नई राहें खुल रही हैं। यह बदलाव यहां के लोगों के लिए ढेरों अवसर ला रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिट्टू का यह लेख दर्शाता है कि पंजाब कैसे बदल रहा है?



## खबर संक्षेप

### पीएफसी का लाभ 3 फीसदी बढ़कर 8,598 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 8,597.61 करोड़ रुपये रहा है। यह वृद्धि खर्चों में कमी के कारण हुई। 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी ने 8,357.88 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया था।

### टीवीएस मोटर का लाभ बढ़कर 819 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड का वित्त वर्ष-2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में वाहनों की मजबूत बिक्री के कारण एकीकृत शुद्ध लाभ 17.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 819.55 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 697.51 करोड़ रुपये था।

### बर्जर पेंट्स का मुनाफा बढ़कर 335 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 27.52 प्रतिशत बढ़कर 335.25 करोड़ रुपये रहा है। इसमें उत्पाद मिश्रण में सुधार और कच्चे माल की कीमतों में नरमी का योगदान रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 262.91 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

# देश की अर्थव्यवस्था में 500 अरब डॉलर का योगदान देगा एआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एआई 2030 तक अर्थव्यवस्था में 47.81 लाख करोड़ का योगदान कर सकता है

कृत्रिम मेधा (एआई) में 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक योगदान देने की क्षमता है। यह जानकारी आईबीएम और इंडियाएआई की संयुक्त रिपोर्ट में दी गई। 'फ्रॉम प्रॉमिस टू पावरः हाउ एआई इज रीडिफाइनिंग इंडियाज इकॉनमिक फ्यूचर' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट विभिन्न उद्योगों एवं संगठनों के 1,500 भारतीय अधिकारियों के सर्वेक्षण और 405 भारतीय अधिकारियों के साथ किए गए एक त्वरित सर्वेक्षण पर आधारित है।

## आईबीएम और इंडियाएआई ने जारी की संयुक्त रिपोर्ट

### भारत 2030 तक एआई क्षेत्र में होगा अग्रणी

बहुत कम देश भारत जैसे पैमाने, डिजिटल क्षमता एवं महत्वाकांक्षा के साथ एआई युग में प्रवेश कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 73 प्रतिशत भारतीय अधिकारियों का मानना है कि 2030 तक भारत एआई क्षेत्र में अग्रणी देश होगा। यह भरोसा बड़े बाजार, अग्रणी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना एवं दुनिया के सबसे बड़े आईटी सेवा कार्यबल पर आधारित है।



*सबसे शक्तिशाली विकास इंजन में से एक हो सकता है : आईबीएम इंडिया एवं दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल ने कहा कि एआई भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे शक्तिशाली विकास इंजन में से एक बन सकता है। उन्होंने कहा, भारत को अलग बनाने वाली बात केवल अपनाने का पैमाना नहीं होगी, बल्कि यह भी होगा कि संगठन मजबूत डेटा आधार, हाइब्रिड आर्किटेक्चर' और एआई के साथ काम करने में सक्षम कार्यबल के साथ विश्वसनीय एआई प्रणालियां कैसे विकसित करते हैं।*

### एआई लोगों की आकांक्षाओं का विस्तार करने का माध्यम बने

कृष्णन ने कहा, '' हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है। एआई को लोगों की आकांक्षाओं का विस्तार करने वाला माध्यम बनना चाहिए जो समावेशी विकास एवं राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाए। विकसित भारत के हमारे दृष्टिकोण के तहत हम विश्वास, नैतिकता और राष्ट्रीय संप्रभुता पर आधारित मानव-केंद्रित एआई दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं।''

**एआई में निवेश देश की जीडीपी वृद्धि को प्रभावित कर सकता है :** रिपोर्ट में पाया गया कि सर्वेक्षण में शामिल 80 प्रतिशत भारतीय कारोबारी प्रमुखों का मानना है कि एआई में निवेश देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को सीधे प्रभावित करेगा। रिपोर्ट में कहा गया, '' एआई 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 500 अरब डॉलर से अधिक (करीब 47.81 लाख करोड़ रुपये) का योगदान कर सकता है, जिससे देश दुनिया की सबसे गतिशील एआई-चालित अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है।

**अभी एआई में केवल 15 फीसदी संगठनों का निवेश**

वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत संगठन विभिन्न विभागों में निवेश के जरिये एआई को बड़े पैमाने पर लागू कर रहे हैं जबकि 85 प्रतिशत अभी शुरुआती चरण में ही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि भारत अब केवल वैश्विक एआई चर्चा में भाग नहीं ले रहा, बल्कि उसे आकार भी दे रहा है।

## आयात शुल्क में वृद्धि से कीमतें बढ़ जाती है

# सोने पर शुल्क वृद्धि से आभूषण व्यापार को नुकसान होगा, तस्करी का खतरा बढ़ेगा: निर्यातक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात नहीं घटा
- ऐसे उपाय अक्सर तस्करी को बढ़ावा देते है
- एमएसएमई विनिर्माता गंभीर नकदी संकट का सामना कर रहे

सोने पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने के बाद रत्न एवं आभूषण उद्योग को आने वाले समय में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इससे अवैध बाजार और तस्करी को बढ़ावा मिलने की भी आशंका है। निर्यातकों के अनुसार, आयात शुल्क में वृद्धि से आमतौर पर कीमतें बढ़ जाती हैं।

हाल के समय में, सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात में उसके अनुरूप कमी नहीं आई है। उनका मानना है कि ऐसे उपाय अकसर तस्करी को बढ़ावा देते हैं और निर्यात लागत को बढ़ाते हैं। इसका सबसे गंभीर असर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विनिर्माताओं पर पड़ेगा जो ''गंभीर नकदी संकट'' का सामना कर रहे हैं।

### कारोबार अब कठिन होने वाला है

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, '' प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) के मितव्ययिता उपायों और सर्राफा आयात शुल्क बढ़ने से कारोबार अब कठिन होने वाला है। उद्योग को आशंका है कि इससे अवैध बाजार और तस्करी को बढ़ावा मिलेगा...।''

### 27,000 रुपए प्रति दस ग्राम सोना महंगा हो सकता है

शुल्क बढ़ोतरी को समझाते हुए रोकड़े ने कहा कि अब सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और कृषि उपकर को मिलाकर आयात शुल्क के कारण सोना पहले के 13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 27,000 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जीजेसी ने हाल के नीतिगत निर्णयों पर विचार करने और आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को मुंबई में उद्योग की सभी संस्थाओं की बैठक बुलाई है।



### आयात शुल्क बढ़ने से सोना 8,550 चढ़ा, चांदी ने लगाई 20,500 की छलांग

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार के बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 20,500 रुपये बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो कल 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपये या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि प्लैटिनम पर इसे 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं।

ये नए शुल्क बुधवार से लागू हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद यह घोषणा की गई है। स्थानीय कारोबारियों ने कहा कि बढ़े हुए शुल्क का वास्तविक प्रभाव आने वाले दिनों में तब दिखाई देगा जब यह खरीद लागत में परिलक्षित होने लगेगा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख (जिंस) हरीश वी. ने कहा, '' भारत में सोने पर आयात शुल्क में हालिया बढ़ोतरी से स्थानीय कीमतें बढ़ने एवं भौतिक मांग पर अस्थायी असर पड़ने की संभावना है।

# भविष्य निधि से पैसा निकालना जल्द होगा स्वचालित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ जल्द ही अंतिम भविष्य निधि निकासी दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित करेगा।

इससे आवेदक के बैंक खातों में पैसे के अंतरण में तेजी आएगी। केंद्रीय भविष्य निधि संगठन के सात करोड़ से अधिक अंशधारक हैं। वर्तमान में, पांच लाख रुपये तक की आंशिक या अग्रिम निकासी दावों का निपटान स्वचालित रूप से किया जाता है। स्वचालित निपटान के लिए समयसीमा दावा दाखिल करने की तिथि से तीन दिन है।

उद्योग मंडल एसोचैम के नए श्रम संहिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति ने कहा, ''हम फिलहाल जहां तक संभव हो, स्वचालित निपटान शुरू करने जा रहे हैं...। यह अबतक केवल अग्रिम निकासी के लिए उपलब्ध था। अब हम अंतिम निकासी के लिए भी स्वचालित निपटान शुरू कर रहे हैं।'' आयुक्त ने कहा कि यदि कोई सदस्य नियोक्ता बदलता है, तो ईपीएफओ भविष्य निधि खातों के स्वचालित निपटान और स्वचालित अंतरण की सुविधा भी शुरू कर रहा है। कृष्णमूर्ति ने कहा, ''अब आपको कोई फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। हम आपके खातों को आपके नये सदस्य खाते में स्वतः अंतरित करने का प्रयास करेंगे।''

### कोई बड़े बदलाव नहीं किए

*कृष्णमूर्ति ने कहा, ''हमने कोई बड़े बदलाव नहीं किए हैं। हमने अतीत से जो भी सीखा है, उसे शामिल करने का प्रयास किया है। हमने केंद्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा हाल ही में अनुमोदित सभी निर्णयों को शामिल किया है, जिनमें निकासी को सरल बनाना और अन्य सुधार शामिल हैं। साथ ही छूट प्राप्त न्यासों से संबंधित प्रावधानों में व्यापक संशोधन भी किया गया है। इन्हें नई योजनाओं में शामिल किया गया है।''*

**अधिसूचना जल्द होगी जारी :** कृष्णमूर्ति ने कहा कि ईपीएफओ से संबंधित अगली अधिसूचनाएं शीघ्र ही प्रकाशित की जाएंगी। नए कानूनी ढांचे के तहत, तीन योजनाएं ... ईपीएफ योजना 1952, कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा योजना 1976 और कर्मचारी पेंशन योजना 1995... भी पुनः अधिसूचित की जाएंगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सरकार को इस साल रिकॉर्ड लाभांश दे सकता है रिजर्व बैंक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के इस वर्ष सरकार को अब तक का सबसे अधिक लाभांश दिए जाने की संभावना है। इससे केंद्र को पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय मदद मिल सकेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था जो इससे पिछले वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था। सूत्रों ने बताया कि आरबीआई इस महीने होने वाली अपनी निदेशक मंडल की बैठक में लाभांश की राशि पर निर्णय ले सकता है। किसी भी वित्त वर्ष के लिए हस्तांतरण योग्य अधिशेष का निर्धारण आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर किया जाता है। संशोधित ढांचे के अनुसार, आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) के तहत जोखिम प्रावधान आरबीआई के बही-खाते के 4.50 से 7.50 प्रतिशत के बीच बनाए रखना होता है।

# शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट थमी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली बढ़त

स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार रुपये के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लगातार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने लाभ को सीमित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 1,057.09 अंक की घट- बढ़ हुई। इसी तरह निफ्टी 33.05 अंक बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, ''वैश्विक बाजार के अपेक्षाकृत स्थिर संकेतों ने भी इस तेजी को समर्थन दिया। इससे तात्कालिक गिरावट का दबाव कम हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमत, बढ़ती मुद्रास्फीति को लेकर चिंताओं और विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी के कारण लाभ सीमित रहा।''

### मिलिंद सोमन बने टेस्टी निबल्स के ब्रांड एंबेसडर, केन्ड टूना पर फोकस करते हुए पूरे भारत में विस्तार की तैयारी

**नई दिल्ली।** एचआईसी-एबीएफ (HIC-ABF) स्पेशल फूड्स के मशहूर ब्रांड 'टेस्टी निबल्स' ने फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही कंपनी ने पूरे भारत में अपने बिजनेस को तेजी से फैलाने की योजना भी पेश की है। इस साझेदारी के जरिए कंपनी का फोकस सेहतमंद और आसानी से तैयार होने वाले प्रोडक्ट्स पर होगा। ब्रांड के लिए यह एक बड़ी शुरुआत है, क्योंकि अब वे अपने सबसे खास प्रोडक्ट डिब्बाबंद टूना मछली (केन्ड टूना), के साथ पूरे देश के बाजारों में अपनी पहचान बनाने की तैयारी कर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टेस्टी निबल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, चेरियन कुरियन ने कहा कि, श्टेस्टी निबल्स में हमारा हमेशा से यह मानना रहा है कि फूड इंडस्ट्री का भविष्य हेल्थ, सुविधा और भरोसे के मेल में है। मिलिंद सोमन के हमारे साथ जुड़ने से, हम टूना मछली को भारतीयों के रोजमर्रा के खाने का हिस्सा बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। भारत में अभी बहुत कम लोग टूना खाते हैं, और यह हमारे पास एक बड़ा मौका है कि हम लाखों परिवारों को प्रोटीन का एक शुद्ध और हाई-क्वालिटी विकल्प दे सकें।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

### केआरएमयू के छात्र का गुगल समर ऑफ कोड में चयन



**गुरुग्राम।** के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (**CSE**) के 6वें सेमेस्टर के छात्र जयंत पराशर का चयन गुगल समर ऑफ कोड (**GSoC**) 2026 के लिए हुआ है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वह एक ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट में अपने योगदान के लिए **Google** से 3,00,000 (**USD** 3,000) की स्टाइपेंड राशि प्राप्त करेंगे। **Google Summer of Code** एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पहल है, जिसके अंतर्गत छात्रों को अनुभवी मेंटर्स के मार्गदर्शन में ओपन-सोर्स संगठनों के साथ वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलता है। इसका चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक होती है और इसे तकनीकी दक्षता का एक महत्वपूर्ण मानदंड माना जाता है। "जयंत का चयन उस शिक्षण वातावरण को दर्शाता है जिसे हम **KRMU** में विकसित करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं — ऐसा वातावरण जो प्रायोगिक सीखने, वैश्विक समुदायों से जुड़ाव और छात्रों की स्वयं की प्रगति को प्राथमिकता देता है। इस प्रकार की उपलब्धियाँ तब संभव होती हैं जब मार्गदर्शन, जिज्ञासा और अवसर एक साथ मिलते हैं।" विश्वविद्यालय, **School of Engineering & Technology** (**SOET**) में ओपन-सोर्स वातावरण को बढ़ावा देने हेतु श्री अभिषेक कुमार सिंह, टेक्निकल लीड, तथा डॉ. पंकज अग्रवाल के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करता है। **GSoC** 2027 के लिए कई अन्य छात्र भी तैयारी कर रहे हैं, और यह उपलब्धि **KRMU** के उस प्रयास की शुरुआत को दर्शाती है जिसके माध्यम से कक्षा शिक्षण को वैश्विक तकनीकी समुदायों से जोड़ा जा रहा है।

### वनस्पति तेल का आयात बढ़कर हुआ 13 प्रतिशत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश का वनस्पति तेल आयात 2025-26 तेल वर्ष के पहले छह महीनों में 13 प्रतिशत बढ़कर 79.4 लाख टन हो गया। पाम तेल की खेप में तेज उछाल इसकी मुख्य वजह रही। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता भारत ने पिछले वर्ष की समान अवधि (नवंबर-अप्रैल) में 70.4 लाख टन आयात किया था। भारत का तेल वर्ष नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। मूल्य के संदर्भ में, नवंबर-अप्रैल अवधि के दौरान आयात सालाना आधार पर 73,000 करोड़ रुपये से 19 प्रतिशत बढ़कर 87,000 करोड़ रुपये हो गया। संघ के अनुसार, कुल आयात में खाद्य तेलों की हिस्सेदारी 78.2 लाख टन जबकि गैर-खाद्य तेल की 1.21 लाख टन रही। पाम तेल का आयात लगभग दोगुना होकर 27.4 लाख टन से बढ़कर 39.7 लाख टन हो गया जबकि सोया तेल तथा सूरजमुखी तेल सहित नरम तेलों की खेप 41.3 लाख टन से घटकर 38.5 लाख टन रह गई। इंडोनेशिया और मलेशिया भारत को पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। अर्जेंटीना सोया तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है जिसके बाद ब्राजील का स्थान आता है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ज्योति पत्नी उमेश पता झुग्गी निकट जसपाल कौर स्कूल यू एवं वी ब्लॉक शालीमार बाग, दिल्ली ने एफआईआर नं 377/2024 धारा 33/38/58 दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत** थानाः मुंडका, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ज्योति** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ज्योति** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 377/2024 धारा 33/38/58 दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत थानाः मुंडका, दिल्ली के उक्त ज्योति** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
गौरव सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-06
पश्चिम कमरा नं. 355
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6305/OD/2026

### शब्द पहेली - 6225




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6224 का हल





# प्लेऑफ की जंग : टॉप-2 के लिए जीटी-आरसीबी में भिड़ंत, रेस में चेन्नई शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सही समय पर फॉर्म में लौटने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के 4 स्थानों के लिए अब 8 टीमें दौड़ में हैं जबकि लीग चरण के दस दिन बाकी हैं। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना तय लग रहा है । सनराइजर्स हैदराबाद ने भी धीमी शुरुआत के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन सबसे हैरानी की बात पंजाब किंग्स का अचानक खराब प्रदर्शन है। अच्छी शुरुआत के बाद टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स बाहर हो चुके हैं।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ने उस निरंतरता को बरकरार रखा है, जिसके दम पर उसने पिछले साल पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। अब तक 11 मैचों में 14 अंक ले चुकी आरसीबी का नेट रनरेट सबसे बेहतर है। केकेआर के बाद उसे पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम अभी भी अंतिम चार में है। उसका नेट रन रेट भी ठीक है। अब उसे मुंबई इंडियंस, आरसीबी और सनराइजर्स के खिलाफ बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक है और धर्मशाला में मुंबई के खिलाफ मैच हर हालत में जीतना होगा।

### गुजरात टाइटंस

चार साल पहले पदार्पण के बाद से गुजरात सिर्फ एक बार प्लेआफ में नहीं पहुंची है । गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और शीर्ष तीन बल्लेबाजों के फॉर्म के दम पर शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष दो में जगह बनाने की दावेदार है । आखिरी दो मैच केकेआर तथा चेन्नई सुपर किंग्स से खेलने हैं।

## क्वालीफाइंग दौड़ में शामिल 8 टीमों के समीकरणों का जायजा



### राजस्थान रॉयल्स

4 जीत के साथ शुरुआत करने वाली आरआर पिछले 7 में से 5 मैच हार गई। 12 अंक लेने वाले रॉयल्स को अगले तीन में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे और बाकी परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। उसे बाकी मैचों में दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और मुंबई से खेलना है।

### दिल्ली कैपिटल्स

अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली ने अगले सत्र की योजना बनानी शुरू कर दी है। उसके 12 मैचों में 14 ही अंक है और वह प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर ही है।

### सनराइजर्स हैदराबाद :

पिछले आठ मैचों में छह जीत के बाद सनराइजर्स सही समय पर फॉर्म में लौटी है । बल्लेबाजों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है और गेंदबाज भी पीछे नहीं रहे हैं । सनराइजर्स के 14 अंक है और अगले दो मैचों में उसे चेन्नई और आरसीबी से खेलना है। उसे प्लेआफ में पहुंचने के लिए कम से कम दो अंक और बनाने होंगे।

### चेन्नई सुपर किंग्स

पहले तीन मैच हारने के बाद चेन्नई ने पिछले 8 में से 6 मैच जीते हैं। उसे 15 मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दो अंक लेने होंगे, जिसके बाद सनराइजर्स और गुजरात से आखिरी दो मैच खेलने हैं। अगले दस दिन में चेन्नई को तीनों मैच जीतने होंगे क्योंकि इस बार 18 अंक प्लेआफ क्वालीफिकेशन की गारंटी लग रहे हैं।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

केकेआर पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी लेकिन लगातार 6 हार के बाद पिछले 4 मैच जीतकर ढर्रे पर लौटी। उसके पास दूसरी टीमों से एक मैच अधिक है और अधिकतम 17 अंक मिल सकते हैं। केकेआर को आखिरी तीनों मैच ईडन गार्डंस पर खेलने हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 16 |
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| कोलकाता | 11 | 4 | 6 | 9 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |



ऑरेंज कैप — हेनरिक क्लासेन — 508 रन — हैदराबाद

पर्पल कैप — भुवनेश्वर कुमार — 22 विकेट — बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### भारोत्तोलन चैंपियनशिपः ज्ञानेश्वरी ने जीते दो पदक

**गांधीनगर।** भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने 2026 एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 53 किग्रा वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच वर्ग में रजत और फिर इसी स्पर्धा में कुल 194 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। चीन की जिनलान झाओ ने कुल 216 किग्रा भार उठाकर इस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की होआई हुओंग गुयेन को कुल 195 किग्रा वजन उठाने पर रजत पदक मिला। कोमल कोहर ने महिलाओं की 48 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था

### एशियाई खेलः भारतीय टीम से बाहर निशानेबाज जोरावर



**नई दिल्ली।** एशिया में नंबर एक और विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की संभावित शॉटगन टीम में शामिल नहीं किया गया है जबकि वह देश के शीर्ष ट्रैप निशानेबाजों में से एक हैं और उन्होंने पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। राष्ट्रीय चैंपियनशिप और घरेलू चयन ट्रायल के दौरान जोरावर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप फाइनल्स की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद उनके लिए इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य था।

### गुहान-संदेश ने जीती राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**चेन्नई।** गुहान सेंथिलकुमार और संदेश पीआर की तमिलनाडु की जोड़ी ने तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार और संदेश की जोड़ी ने पहले दौर में नमन सुराना और प्रणव अग्रवाल को 11-1 11-2 से हराया। पुरुष युगल में वेलावन सेंथिकुमार ने अभय सिंह जबकि मिश्रित युगल में अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ जोड़ी बनाई है। ये जोड़ियां गुरुवार को चुनौती पेश करेंगी।

#### कोलकाता को 6 विकेट से हराया, पडीक्कल ने 39 रन बनाए

# कोहली के शतक से जीती बेंगलुरु, टेबल टॉपर बनी

एजेंसी ▶▶| रायपुर



कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2026 के 57वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 6 विकेट से हार मिली है। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बारिश के चलते देरी से शुरू हुआ। हालांकि, ओवरों में कटौती नहीं की गई। पहले खेलते हुए केकेआर ने 4 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने विराट कोहली के शतक की मदद से आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ आरसीबी के 12 मैचों में 16 पॉइंट हो गए हैं और टीम टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस के भी 16 पॉइंट हैं लेकिन नेट रन रेट के मामले में आरसीबी बेहतर है। वहीं 11 मैच में 9 पॉइंट के साथ केकेआर 8वें नंबर पर है। कार्तिक त्यागी की गेंद पर बेथेल 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट के देवदत्त पडिक्कल का साथ मिला। दोनों के बीच 59 गेंदों पर 92 रनों की साझेदारी हुई। 27 गेंदों पर पडिक्कल ने 39 रन बनाए। उनका विकेट भी कार्तिक त्यागी ने ही लिया। कप्तान रजत पाटीदार 8 गेंद पर 11 और टिम डेविड 3 गेंद पर 2 रन ही बना पाए। आखिरी ओवर की पहली गेंद पर चौका मारकर जितेश शर्मा ने मैच फिनिश किया। कार्तिक त्यागी ने तीन विकेट झटके। बारिश की वजह से मैच भारतीय समय अनुसार रात 8 बजकर 45 मिनट पर शुरू हुआ। फिन एलन और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पहले विकेट के लिए 23 रन की साझेदारी की। एलन 8 गेंदों में 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद रहाणे ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिए 13 गेंदों में 25 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 48 के स्कोर तक पहुंचाया। रहाणे ने 13 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 19 रन की पारी खेली। अंगकृष ने कैमरून ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 गेंदों में 68 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 116 के स्कोर तक पहुंचा दिया। कैमरून 24 गेंदों में 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद अंगकृष ने रिंकू सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंदों में 76 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 192 के स्कोर तक पहुंचाया। अंगकृष रघुवंशी 46 गेंदों में 3 छक्कों और 7 चौकों के साथ 71 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रिंकू सिंह ने 29 गेंदों में 49 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और रासिख सलाम डार ने 1-1 विकेट निकाला।

### विराट कोहली ने 105 रनों की पारी खेली

विराट कोहली पिछले दो मैच में जीरो पर आउट हुए थे। लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने दमदार बैटिंग की। दूसरे ओवर में वैभव अरोरा के खिलाफ उन्होंने चार चौके मारकर इरादे साफ कर दिए। 58 गेंदों पर लीग में उन्होंने अपना 9वां आईपीएल और 10वां टी20 शतक पूरा किया। विराट 105 रन बनाकर नाबाद रहे। 60 गेंदों की पारी में उन्होंने 11 चौके और तीन छक्के मारे। इस दौरान विराट कोहली ने टी20 में अपने 14000 रन भी पूरे किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जैकब बेथेल पहले ओवर में कई बार बीट हुए। इसके बाद विराट ने अपने हाथ में जिम्मेदारी ली।

### कमिंस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने कहा, ' आईपीएल की धीमी ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का यह पहला अपराध था इसलिए कमिंस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मैच में सनराइजर्स को गुजरात टाइटंस के हाथों 82 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा था। गुजरात के 168 रन के जवाब में सनराइजर्स की टीम केवल 86 रन पर आउट हो गई थी।



### हार से आहत पंजाब, मुंबई के खिलाफ आज करेगा वार

**धर्मशाला।** पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर आईपीएल में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारुप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है।

**गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट खराबः** दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी लेकिन आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी। अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है। आईपीएल के पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया, लेकिन लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है।

#### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

## टॉप 10 में जायसवाल-गिल बुमराह की बादशाहत कायम



एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं। गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है।

### 12वें पायदान पर सिराज

भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है। टीम ने अपनी पिछली श्रृंखला स्वदेश में नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर चल रहे बुमराह के 879 अंक हैं। इस सूची में अगला सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज हैं, जो 12वें पायदान पर हैं। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस एक-एक स्थान के फायदे से क्रमशः दूसरे और चौथे पायदान पर हैं। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे स्थान पर हैं।

#### महिला टी20 विश्व कप

## ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान मोलिनक्स होंगी कप्तान

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान कर दिया गया है। स्क्वॉड में 15 खिलाड़ियों को जगह दी गई है। कप्तानी सोफी मोलिनक्स करेंगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम में बाएं हाथ की अनुभवी तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को जगह दी गई है, जबकि डार्सी ब्राउन को बाहर कर दिया गया है। टीम में एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैकग्राथ, एलिस पेरी, और बेथ मूनी जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। हैमिल्टन ऑस्ट्रेलियाई टीम के 7 गेंदबाजी विकल्पों में से एक हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम में गेंदबाजी के विकल्पों में मेगन शुट्ट, किम गार्थ, एनाबेल सदरलैंड, मैकग्राथ, पेरी और निकोला कैरी शामिल हैं।



### एलिस पेरी विश्व कप में करेंगी अपने 50 मैच पूरे

सदरलैंड टीम में वापस आ गई हैं। 2009 से लगातार टी20 विश्व कप खेल रहीं एलिस पेरी विश्व कप में इस बार अपने 50 मैच पूरे करेंगी। निकोला कैरी 2020 के बाद अपना पहला टी20 विश्व कप खेलेंगी, तीन साल नेशनल टीम से बाहर रहने के बाद इस साल की शुरुआत में नेशनल टीम में लौटी हैं। अलाना किंग भी टीम में शामिल हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया है।

## थाईलैंड ओपन में जीते श्रीकांत और सिंधू

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराया। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग को मात दी। श्रीकांत का सामना चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी।



### नराओका से हारे आयुष

एशिया चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचे आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी जबकि तरुण मन्नेपल्ली जापान के ही कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हार गए। उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब को क्रमशः थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग और चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फेइ ने हराया। हुड्डा को 21-11 17-21 16-21 से पराजय मिली जबकि खरब को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन ने 21-19 13-21 18-21 से हराया।

#### इटैलियन ओपन

## कोको ने मिरा को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| रोम

अमेरिका की कोको गॉफ ने रूस की मिरा एंड्रीवा को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दुनिया की नंबर 3 खिलाड़ी कोको गॉफ को नंबर 8 सीड एंड्रीवा के खिलाफ तीसरे सेट में लगभग 5-1, दो-ब्रेक की बढ़त के साथ, 4-6, 0-2, 6-4 से जीत हासिल करने के लिए पांच मैच पॉइंट्स की जरूरत पड़ी। एंड्रीवा ने पहले सेट में 3-1 की बढ़त बनाई और कई बार इसे अच्छे से संभाला। पहले सेट में, एंड्रीवा ने 10 विनर और सिर्फ सात अनफोर्स्ड एरर के साथ खत्म किया, और गॉफ के लिए इसका उल्टा हुआ।

### एंड्रीवा ने किए 11 अनफोर्स्ड एरर

गॉफ ने 3-0 की बढ़त बनाई, एक ब्रेक लिया, और दूसरे सेट में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। एंड्रीवा ने दूसरे सेट में 11 अनफोर्स्ड एरर किए, जिससे गॉफ ने डिसाइडर सेट के लिए मजबूर कर दिया। शुरू में ऐसा लगा कि गॉफ 5-1 की बढ़त के साथ डबल ब्रेक लेकर जीत जाएंगी।

#### रोनाल्डो ने किए पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल

# रोनाल्डो कभी नहीं जीत पाए विश्व कप, ये आखिरी मौका

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल जगत में अपने पांवों का जादू बिखरने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अभी तक विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं और 41 साल की उम्र में अब उनके पास इस खेल की सबसे बड़ी ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका होगा। पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने लगभग हर ट्रॉफी अपने नाम की है लेकिन वह कभी विश्व कप नहीं जीत पाए। पांच बार बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल किए हैं, जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो अगर चोटिल नहीं होते हैं तो उनका विश्व कप की टीम में शामिल होना निश्चित है।



### 12 साल बाद खेलेंगे अमेरिका में

अगर वह विश्व कप में खेलते हैं तो वह 2014 में मिशिगन में रियाल मैड्रिड की तरफ से मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मैच के बाद पहली बार अमेरिकी धरती पर खेलेंगे। रोनाल्डो इस तरह से अर्जेंटीना के अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। रोनाल्डो ने नवंबर में बताया था कि यह विश्व कप 'निश्चित रूप' से उनका आखिरी विश्व कप होगा।

### विश्व कप में ग्रुप के में पुर्तगाल

पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप के में रखा गया है, जहां उसका सामना कोलंबिया, उज्बेकिस्तान और कांगो से होगा। इसे देखते हुए पुर्तगाल का अगले दौर में पहुंचना लगभग निश्चित लग रहा है। पुर्तगाल विश्व रैंकिंग में भले ही पांचवें स्थान पर काबिज हो, लेकिन पिछले साल नवंबर में क्वालीफाइंग में आयरलैंड के हाथों 2-0 की हार ने टीम को करारा झटका दिया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109






## दोनों देशों के साथ रक्षा सहयोग और जहाजरानी जैसे मुद्दों पर की जाएगी बातचीत

# अगले सप्ताह वियतनाम, दक्षिण-कोरिया की यात्रा करेंगे राजनाथ सिंह!

रक्षा सहयोग में वियतनाम की भारत के साथ की जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल के मुद्दे को शामिल किया जा सकता है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध और दक्षिण चीन सागर में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह से वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर जाएंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करना, रक्षा सहयोग और उससे जुड़ी उद्योग साझेदारी को बढ़ावा देना है। रक्षा सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री की इस दो देशों की विदेश यात्रा की शुरुआत 18 मई से हो सकती है और इसकी कुल अवधि चार दिन की रहेगी। इस दौरान होने वाली उच्च-स्तरीय चर्चाओं में खासतौर पर रक्षा सहयोग के तहत ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद के मुद्दे को भी शामिल किया जा सकता है।



### भारत यात्रा पर थे राष्ट्रपति लाम

गौरतलब है कि इसी महीने 5 से 7 मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर थे। जिसके तहत उन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की थी। जिसमें दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों समेत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचार विमर्श किया गया था। राष्ट्रपति लाम ने अपनी भारतीय समकक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी शिष्टाचार मुलाकात की थी। इसके अलावा उनकी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी एक बैठक हुई थी।

### ब्रह्मोस को लेकर चर्चाएं जोरों पर

वियतनाम भारत से सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने का इच्छुक है। जिसे लेकर दोनों देशों के बीच वार्ता भी जारी है। लेकिन अभी तक इस मामले में किसी आधिकारिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। पिछले दिनों राष्ट्रपति लाम की भारत यात्रा के दौरान भी दोनों देशों ने आपसी सहयोग के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया था। जिसका एक पक्ष रक्षा सहयोग भी है और उसमें ब्रह्मोस का मसला भी शामिल है। वियतनाम के अलावा रक्षा मंत्री दक्षिण कोरिया जाएंगे। जो भारत का एक अहम सामरिक साझेदार होने के अलावा तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी बड़ा सहयोगी है।

### रक्षा मंत्री की इन यात्राओं का महत्व

दुनिया के अलग-अलग भागों में चल रहे संघर्षों के जटिल परिदृश्य में राजनाथ सिंह की दो देशों की इस विदेश यात्रा की खासी अहमियत है। क्योंकि घरेलू स्तर पर सैन्य संघर्षों से रक्षा तैयारियों की रफ्तार प्रभावित हो रही है। वर्तमान में भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा प्रयोग किए जा रहे लगभग 70% से अधिक हथियार रूसी मूल के हैं। रूस-यूक्रेन के साथ बीते करीब चार साल से अधिक वक्त से युद्ध में उलझा हुआ है। ऐसे में रूसी सैन्य हथियारों, प्लेटफार्म की देखभाल, मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा है। लेकिन रक्षा मंत्रालय का मानना है कि वह इस मामले में अपनी रक्षा साझेदारियों में विविधता लाने के लिए लगातार प्रयासरत है। जिसमें उसकी कोशिश इस विषय को लेकर किसी एक देश पर से निर्भरता को घटाने पर केंद्रित है। वहीं, बीते कुछ वर्षों में इस मामले में भारत की सोच में काफी तेजी से बदलाव आया है। अब भारत रूस के अलावा अन्य देशों से भी सैन्य हथियारों की खरीद पर जोर दे रहा है। जिसमें अमेरिका और यूरोप के भी कई देश मुख्य रूप से शामिल हैं।

# ब्रिक्स की बैठक में भाग लेने के लिए भारत पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री सैयद अराघची

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच गुरुवार से राजधानी के भारत मंडपम में होने वाली ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची नई दिल्ली पहुंच गए हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने यह जानकारी दी है। नई दिल्ली पहुंचने पर हवाई अड्डे पर विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पीएआई) आनंद प्रकाश ने ईरान के विदेश मंत्री का स्वागत किया। अमेरिका के साथ युद्ध के जटिल और तनावपूर्ण माहौल में यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है। जिसके पूर्व में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन के माध्यम से कई बार बातचीत हो चुकी है। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग और उसके साथ ही क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्रिक्स की स्थापना वर्ष 2006 में की गई थी। लेकिन वर्ष 2024 में इसका विस्तार किया गया और उसमें ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र और इथोपिया जैसे देशों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। ईरान और यूएई दोनों ब्रिक्स के सदस्य हैं और वर्तमान में वह एक-दूसरे के खिलाफ युद्ध भी लड़ रहे हैं। ऐसे में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के अंत में परिणाम के रूप में किसी प्रकार के साझा घोषणापत्र या बयान के सामने आने की संभावना फिलहाल कम ही नजर आ रही है। जल्द ही भारत, ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच एक द्विपक्षीय भी हो सकती है।

**बातचीत-कूटनीति से समाधान चाहता भारत:** भारत ने इस साल 28 फरवरी के बाद से ही ईरान और अमेरिका युद्ध के मामले को लेकर को अपना रुख साफ करते हुए कहा था कि इसका शांतिपूर्ण ढंग से बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। भारत अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की स्वतंत्र और निर्बाध आवाजाही के भी पक्ष में है। अहम बुनियादी और नागरिक ढांचों पर हमलों के विरोध में भी भारत पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। शांति के सभी प्रयासों को उसने समर्थन प्रदान किया है।








Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st May 2026. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 31st May 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**